आज का विचार


वृक्ष में प्रतिदिन पानी देना होता है लेकिन फल मौसम अनुसार ही आते हैं इसलिए जीवन में धैर्य रखें क्योंकि हर काम समय पर ही होता है।

www.ambikavani.com

# अम्बिकावाणी

संस्थापक : स्व. श्रीकिशन असावा एवं स्व. श्री गोपाल असावा ■ वर्ष-42 अंक-219 ■ पृष्ठ-8+4 ■ मूल्य 2.50 ■ प्रधान संपादक- महेन्द्र सिंह टुटेजा, ● प्रबंध संपादक-नरेन्द्र सिंह टुटेजा

अम्बिकापुर, मंगलवार 3 जून , 2025


विवाद के बाद गायत्री खदान के रोड सेल इंचार्ज का तबादला

श्रेयस अय्यर ने रचा इतिहास, आईपीएल क्वालीफायर-2 में टूटे 4 बड़े रिकॉर्ड

## बाढ़-बारिश ने पूर्वोत्तर बेहाल, अकेले सिक्किम में 32 की मौत एमपी-यूपी, दिल्ली, राजस्थान में भी अलर्ट जारी

0 असम-अरुणाचल बॉर्डर पर रेस्क्यू में जुटी वायुसेना 0 असम के १२ जिलों में १७५ गांव डूबने की कगार पर 0 मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका, राहत कार्य जारी






**नई दिल्ली** । भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में भारी बारिश के कारण बाढ़ जैसे हालात हैं और बीते ४८ घंटों में कम से कम कई लोगों की मौत की सूचना है। अकेले सिक्किम में मरने वालों की संख्या ३२ पहुंच गई है। राहत तथा बचाव कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है।

केंद्र सरकार भी हालात पर नजर रखे हुए है और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हर संभव मदद का भरोसा दिया है। भारी बारिश और भूस्खलन के बाद असम, त्रिपुरा, मणिपुर, मिजोरम, मेघालय, मणिपुर और अरुणाचल प्रदेश में जनजीवन अस्त व्यस्त है।

कई इलाकों में भारी जलजमाव और रेस्क्यू की तस्वीरें सामने आ रही हैं। आपदा प्रबंधन टीमें राहत तथा बचाव कार्य में जुटी हैं। असम में सबसे ज्यादा हालत खराब है। यहां १२ जिलों में १७५ गांव डूबने की कगार पर पहुंच गए हैं।

**देश के अन्य राज्यों के मौसम का हाल**

मध्य प्रदेशः अधिकांश हिस्से में प्री-मानसून बारिश देखने को मिल रही है। छिटपुट बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार, जून के पहले हफ्ते में मानसून की बारिश शुरू हो जाएगा। हालांकि, कुछ हिस्से में मानसून कुछ देरी से यानी १० जून तक पहुंचेगा।

उत्तर प्रदेशः नोएडा और गाजियाबाद समेत उत्तर प्रदेश के कई जिलों में रविवार को तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हुई। इन इलाकों में सोमवार को आंधी और बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। पश्चिमी यूपी के ज्यादातर जिलों में आज भारी बारिश की संभावना है। हवा की गति ३०-५० किलोमीटर प्रति घंटे तक हो सकती है।

हालांकि, पूर्वी यूपी में मौसम शुष्क रहने की उम्मीद है। इन इलाकों में लोगों को उमस का सामना करना पड़ सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक, पश्चिमी यूपी के ज्यादातर जिलों में आज बारिश होगी, साथ ही गरज, बिजली और तेज हवाएं चलेंगी।

राजस्थानः ताजा पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राजस्थान के कई हिस्सों में २ से ४ जून के बीच बारिश और आंधी आने की संभावना है। जयपुर स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, यह सिस्टम सोमवार से सक्रिय हो रहा है। २५ से अधिक जिलों में बारिश और आंधी का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

इनमें नागौर, जोधपुर, बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, झुंझुनू, सीकर, जयपुर, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली, दौसा, सवाई माधोपुर, अजमेर, भीलवाड़ा, राजसमंद, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, बूंदी, कोटा, बारां, झालावाड़ और टोंक शामिल हैं।

दिल्लीः भारतीय मौसम विभाग (ढ्ढरूष्ठ) ने दिल्ली के लिए येलो अलर्ट जारी किया है, जिसमें आंशिक रूप से बादल छाए रहने के साथ-साथ बहुत हल्की बारिश, गरज के साथ छींटे, बिजली गिरने और ४०-५० किमी प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है।

यह अलर्ट रविवार शाम को दिल्ली के कई हिस्सों में हुई बारिश के एक दिन बाद आया है, जिसके साथ गरज के साथ तेज हवाएं भी चलीं, जिससे लोगों को गर्मी से कुछ समय के लिए राहत मिली।

**गुजरातः** गुजरात में प्री-मानसून बारिश की कमी के कारण लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। अहमदाबाद समेत प्रदेश के प्रमुख शहरों में तापमान में वृद्धि हो रही है और तत्काल राहत की कोई संभावना नहीं है।

अहमदाबाद में अधिकतम तापमान ३९.४ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से १.९ डिग्री कम है, जबकि न्यूनतम तापमान २८ डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से ०.१ डिग्री कम है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) के आंकड़ों के अनुसार, राज्य के किसी भी तालुका में बारिश दर्ज नहीं की गई।

**महाराष्ट्रः** सपनों के शहर मुंबई ने जून का स्वागत गर्म तापमान और बादलों से भरे आसमान के साथ किया है। भारतीय मौसम विभाग ने २ जून को आसमान में बादल छाए रहने और हल्की बारिश की संभावना जताई है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, २ जून को मुंबई के लिए कोई अलर्ट नहीं है। वर्धा, गढ़चिरौली, नागपुर, गोंदिया, भंडारा, अमरावती, अकोला, वाशिम, बुलढाणा और यवतमाल सहित महाराष्ट्र के कई जिलों में येलो अलर्ट है, जबकि अन्य क्षेत्रों में बारिश का कोई अलर्ट नहीं है।

## पहला कॉलम

### दिल्ली के छतरपुर इलाके की बहुमंजिला इमारत में बने कॉल सेंटर में लगी आग, टला बड़ा हादसा

**नई दिल्ली,02 जून (ए)।** राजधानी दिल्ली के छतरपुर इलाके के 60 फीट रोड स्थित 22 नंबर गली में सोमवार सुबह एक बहुमंजिला इमारत में भीषण आग लग गई. इस इमारत के दूसरे माले पर एक कॉल सेंटर का कार्यालय है, जहां सुबह के समय आग भड़क उठी. आग इतनी भयानक थी कि देखते देखते ही कुछ ही मिनटों में पूरी इमारत धुएं के गुबार में डूब गई. दमकल विभाग को सुबह करीब 8:27 बजे बहुमंजिला इमारत में आग की सूचना मिली, जिसके बाद तुरंत 4 फायर टेंडर मौके पर भेजे गए. दमकल कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पा लिया. फिलहाल कूलिंग का कार्य जारी है ताकि दोबारा आग न भड़के. आस पास के लोगो ने बताया की आग इमारत के दूसरे माले पर स्थित कॉल सेंटर ऑफिस में लगी. सौभाग्यवश, घटना के वक्त कॉल सेंटर खुला नहीं था क्योंकि यह सुबह का समय था और ऑफिस का स्टाफ अभी नहीं पहुंचा था. आग लगने के समय सिर्फ एक सफाई कर्मचारी मौजूद था, जो समय रहते बाहर निकलने में सफल रहा। इस वजह से किसी के हताहत होने की खबर नहीं है. अभी तक आग लगने के कारणों की स्पष्ट कारण सामने नहीं आ पाया है, लेकिन बताया जा रहा है की ये आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी थी हालाकि ये जांच का विषय है. दमकल विभाग द्वारा जांच जारी है.स्थानीय लोगों ने समय पर दमकल विभाग को सूचना दी, जिससे बड़ा हादसा टल गया.

## कुछ अलग

### अन्ना विश्वविद्यालय यौन उत्पीड़न मामले में आया फैसला, दोषी गणानासेकरन को 30 साल आजीवन कारावास

**चेन्नई,02 जून (ए)।** तमिलनाडु के अन्ना विश्वविद्यालय यौन उत्पीड़न मामले में सोमवार को चेन्नई की विशेष महिला कोर्ट का फैसला आ गया, जिसमें आरोपी गणानासेकरन को 30 साल आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। न्यायमूर्ति राजलक्ष्मी ने गणानासेकरन को सजा सुनाने के साथ ही 90,000 रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। आरोपी को 28 मई को महिला कोर्ट ने सभी 11 आरोपों में दोषी करार दिया था। आरोपों की पुष्टि फॉरेंसिक साक्ष्यों से हुई थी। कोट्टूर निवासी गणानासेकरन अन्ना विश्वविद्यालय के पास बिरयानी की दुकान चलाता है। उस पर आरोप था कि उसने पिछले साल 23 दिसंबर की रात 8 बजे परिसर में घुसकर एक सुनसान जगह पर 19 वर्षीय छात्रा का यौन उत्पीड़न किया था और उसके पुरुष मित्र को मारा-पीटा था।

गणानासेकरन ने घटना वीडियो रिकॉर्ड कर पीड़ितों को ब्लैकमेल किया था।

बाद में उसे ग्रेटर चेन्नई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

## खरी-खरी




## भारत में कोरोना के मामले 4,000 के पास पहुंचे, 32 की मौत




**नईदिल्ली,02 जून (ए)।** भारत में कोरोना वायरस के मामलों में तेजी दिख रही है। यहां कुल मरीजों की संख्या 4,000 के पास पहुंच गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, भारत में कुल मरीजों की संख्या 3,961 दर्ज हुई है, जिसमें पिछले 24 घंटे में 203 नए मरीजों का पता चला है।

मंत्रालय के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में 370 मरीज ठीक हुए हैं। अब तक 2,188 मरीज संक्रमण से मुक्त हो चुके हैं।

कोरोना बढ? का कारण कोविड-19 वेरिएंट एनबी.1.8.1 और एलएफ.7 है।

पिछले 24 घंटे की बात करें तो सबसे अधिक 47 मरीज दिल्ली में सामने आए हैं। उसके बाद 44 मरीज पश्चिम बंगाल में मिले हैं। केरल में 35, महाराष्ट्र में 21, गुजरात में 18 और कर्नाटक में 15 मरीज 24 घंटे में मिले हैं।

अभी तक केरल में सबसे अधिक 1,435 मरीज सामने आ चुके हैं। इसके बाद 506 मरीज महाराष्ट्र में, 483 दिल्ली में, 338 मरीज गुजरात में, 333 मरीज बंगाल में और 253 मरीज कर्नाटक में मिले हैं।

कोरोना वायरस के एक बार फिर पांव पसारने के बाद से अब तक 32 मरीजों की मौत हो चुकी है। इनमें सबसे अधिक मौत महाराष्ट्र और केरल में 8-8 हुई है।

इसके बाद दिल्ली और कर्नाटक में 4-4, तमिलनाडु, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में 2-2 मरीजों की मौत हुई है।

पिछले 24 घंटे में दिल्ली, केरल, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में 1-1 मरीज की मौत हुई है।

## भारत बना दुनिया का सबसे बड़ा लोकोमोटिव निर्माता, रेल कार्गो में दूसरे स्थान पर



**नई दिल्ली,02 जून (ए)।** 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए भारतीय रेलवे अपने प्रयासों को तेज कर रहा है. नेशनल ट्रांसपोर्टर कई मोर्चों पर आगे बढ़ रहा है. इनमें रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास और नई ट्रेनें शुरू करने से लेकर बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, नई लाइन निर्माण और दोहरीकरण परियोजनाओं के माध्यम से रेल नेटवर्क का विस्तार करना शामिल है.

इसके अलावा रेल मंत्रालय भारत को दुनिया के अग्रणी रेलवे निर्यातकों में स्थान दिलाने के लिए मिशन मोड में काम कर रहा है. इस बीच भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकोमोटिव निमार्ता बनकर उभरा है. 30 मई को सीआईआई के एक इवेंट में बोलते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की कि देश ने पिछले साल 1,600 लोकोमोटिव का प्रोडक्शन किया - जो वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक उत्पादन का आंकड़ा है.

इस संबंध में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, हम पिछले साल 1600 लोकोमोटिव का उत्पादन करके दुनिया के सबसे बड़े लोकोमोटिव निमार्ता बन गए हैं, जो अमेरिका, यूरोप और जापान के संयुक्त उत्पादन से भी अधिक है. हम दुनिया के सबसे आधुनिक लोकोमोटिव का उत्पादन करने के लिए नई तकनीकें भी ला रहे हैं.

भारत अब रेलवे कार्गो-वहन क्षमता में विश्व स्तर पर दूसरे स्थान पर है. माल ढुलाई दक्षता को और बढ़ाने के लिए, देश सक्रिय रूप से अपने समर्पित माल गलियारों का विकास कर रहा है, जिसका उद्देश्य यात्री ट्रेन संचालन को प्रभावित किए बिना माल गाडि?ों की सुचारू, निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करना है.

रेल मंत्री ने कहा, हमने पिछले 10 साल में प्रमुख मील के पत्थर हासिल किए हैं और अब 1,612 मीट्रिक टन माल ढुलाई क्षमता के साथ रूस और अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा माल ढुलाई रेलवे है. उन्होंने यह भी कहा कि इससे सड़कों पर दबाव और सीओ2 उत्सर्जन में 95 प्रतिशत की कमी आती है और तेल आयात में बचत होती है.

## पीएम मोदी ने पैराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालासिओस से मुलाकात की



**नई दिल्ली,02 जून (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में पैराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालासिओस से मुलाकात की. इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और पैराग्वे कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं. साइबर अपराध, संगठित अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी जैसी आम चुनौतियों से लड? के लिए सहयोग की अपार संभावनाएं हैं.

पीएम मोदी ने कहा, भारत और पैराग्वे ग्लोबल साउथ का अभिन्न अंग हैं. हमारी आशाएं, आकांक्षाएं और चुनौतियां समान हैं, इसलिए हम एक-दूसरे के अनुभवों से सीखकर इन चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपट सकते हैं. हमें संतोष है कि कोविड महामारी के दौरान हम भारत में बनी वैक्सीन को पैराग्वे के लोगों के साथ साझा कर पाए.

इससे पहले उन्होंने राष्ट्रपति पालासिओस ने राजघाट पर महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की. यह यात्रा उनकी तीन दिवसीय भारत यात्रा का हिस्सा है, जो 4 जून को समाप्त होगी.

विदेश मंत्रालय ने एक्स पर इस पल को साझा करते हुए कहा, शांति और अहिंसा के मूल्यों का सम्मान करते हुए. पैराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालासिओस ने आज राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी. राष्ट्रपति पालासिओस भारत की अपनी पहली राजकीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे और पालम एयरफोर्स स्टेशन पर गार्ड ऑफ ऑनर के साथ उनका औपचारिक स्वागत किया गया.

राष्ट्रपति का राज्य मंत्री हर्षवर्धन मल्होत्रा ने गर्मजोशी से स्वागत किया, जिससे दोनों देशों के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंधों पर प्रकाश डाला गया. विदेश मंत्रालय के रणधीर जैसवाल ने एक ताजा जानकारी देते हुए बताया कि पैराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालासिओस का भारत की अपनी पहली राजकीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचने पर स्वागत किया.

अपने ट्वीट में जायसवाल ने लिखा, अच्छी खबर, राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालासिओस भारत की अपनी पहली राजकीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे हैं, जहां उनका औपचारिक स्वागत और गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. हवाई अड्डे पर राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया. यह यात्रा संबंधों को मजबूत करने का अवसर प्रदान करेगी.

विदेश मंत्रालय ने इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्रपति पेना की 2 जून से 4 जून तक होने वाली यात्रा का उद्देश्य राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में भारत-पैराग्वे संबंधों को गहरा और व्यापक बनाना है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर पैराग्वे के राष्ट्रपति के साथ मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों और व्यापार प्रतिनिधियों से युक्त एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आएगा.




## प्राथमिक शाला में लगा समर्शिबल पंप खोल ले गए चोर

**बिश्रामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम तेलईकछार रेलवे ओवरब्रिज के बाजू स्थित प्राथमिक शाला प्रांगण के ट्यूबवेल में लगे समर्शिबल पंप को अज्ञात चोरों ने शनिवार ३१ मई की रात खोल पार कर दिया।स्थानीय लोगो से प्राप्त सूचना के बाद गांव के उपसरपंच चंद्रगुप्त पिता सुखलाल ने मामले की रिपोर्ट जयनगर थाने में दर्ज कराई है।रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा ३०३(२) के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज किया है।चोरी गए पंप की कीमत पंद्रह हजार रु बताई गई है।

**पहला कालम**

# सरगुजा जिला बास्केटबॉल लीग प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन..

### तीन दिवसीय बास्केटबॉल लीग गांधी स्टेडियम में आयोजित..



**अंबिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।** सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ द्वारा सरगुजा जिला में बास्केटबॉल लीग का प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जो ०२ जून से ०४ जून तक गांधी स्टेडियम में स्थित बास्केटबॉल ग्राउंड पर आयोजित किया जा रहा है।

जिसके उद्घाटन समारोह में आज महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह ,एमआईसी सदस्य प्रियंका गुप्ता, नीलम राजवाड़े, निशांत सिंह गोल्डी उपस्थित थे। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि यह प्रतियोगिता बालक - बालिका वर्ग में अंडर १४ और अंडर १७ के खिलाड़ियों के बीच आयोजित किया जा रहा है। जिसमें कुल १४० खिलाड़ी सम्मिलित हैं। सरगुजा जिले के खिलाड़ियों के विकास के लिए इन प्रकार का प्रतियोगिता आयोजित करना आवश्यक है। जिससे खिलाड़ियों के बीच खेल का रोचकता खेल के प्रति बढ़ेगा। आगामी दिनों में संघ ३म३ मैच एवं संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का भी आयोजन कराया जाएगा। इस अवसर में गौरव सिंह,रजत सिंह, कृष्णकांत, आकाश गुप्ता, प्रिया जायसवाल,खुशबू गुप्ता ,स्नेहा अभिषेक, उपस्थित थे.।

# 219 छात्राओं वाला हायर सेकेंडरी स्कूल होगा बंदः युक्तियुक्तकरण के विरोध में करजी के लोग पहुंचे डीईओ कार्यालय

## स्कूल को बंद करने का विरोध, उग्र आंदोलन की चेतावनी



**अम्बिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।** जिले में २१९ दर्ज संख्या वाले हायर सेकेंडरी स्कूल को भी युक्तियुक्तकरण में बंद किया जा रहा है। साथ ही प्राइमरी स्कूल करजी और मिडिल स्कूल करजी का युक्तियुक्तकरण कर सेटअप को कम किया जा रहा है। सालों पुराने स्कूलों को बंद किए जाने से लोग आक्रोशित हैं।

कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता के नेतृत्व में करजी के लोग डीईओ कार्यालय पहुंचे। स्कूल को बंद करने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है। स्कूलों और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण में सरगुजा जिले के करजी में गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल को बंद करने का निर्णय लिया गया है। इसे ब्वायज हायर सेकेंडरी स्कूल में मर्ज किया जा रहा है। गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल के सभी शिक्षकों को अतिशेष घोषित कर दिया गया है। वहीं, मिडिल स्कूल और प्राइमरी स्कूल को भी हायर सेकेंडरी के साथ मर्ज किया जा रहा है। कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा कि, करीब २५ साल से गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल का संचालन किया जा रहा है। यहां दर्ज संख्या भी पिछले साल २१९ थी। इस स्कूल के लिए ३ करोड़ रुपए में इन्फ्रास्ट्रक्चर बन रहा है। इसे बंद करना सर्वथा अनुचित है।

यहां के प्राइमरी और मिडिल स्कूलों को भी हायर सेकेंडरी स्कूल में मर्ज किया जा रहा है। पहले के स्वीकृत पदों को घटाकर शिक्षकों को अतिशेष किया जा रहा है। गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल को बंद न करने की गुहार ग्रामीणों ने लगाई है। जिले में कुल १४ स्कूल बंद किए जा रहे हैं।इस ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला पंचायत सदस्य अनीमा केरकेट्टा, विक्रम सोनपाकर, सतीश यादव, अरुण गुप्ता, प्रमोद चौधरी, अविनाश कुमार, विनोद राज, शुभम जायसवाल सहित करजी के निवासी उपस्थित थे।

**डीईओ बोले- शासन की नीति, हम कुछ नहीं कर सकते**

डीईओ अशोक सिन्हा ने कहा कि, शासन की नीति ही ऐसी है। युक्तियुक्तकरण की रोज समीक्षा हो रही है। एक ही परिसर या आसपास संचालित स्कूलों को मर्ज किया जा रहा है। इसकी समीक्षा बड़े स्तर पर रोज की जा रही है। हम इसमें कुछ नहीं कर सकते।

**कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी**

राकेश गुप्ता ने कहा कि, एक सप्ताह पहले निवेदन किया गया था। आज हमने अधिकारियों से मुलाकात की है। इसके बाद भी निर्णय नहीं बदला गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। राकेश गुप्ता ने सवाल उठाया कि सरकारें क्यों अतिरिक्त जिले बना रही हैं। डीईओ, बीईओ, डीएमसी कार्यालयों का युक्तियुक्तकरण क्यों नहीं किया जा रहा है। हम ऐसे स्कूलों को बंद करने के खिलाफ हैं, जिनकी दर्ज संख्या अच्छी है। दो शिक्षक प्राइमरी की पांच कक्षाओं को नहीं पढ़ा सकते। यह प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को ध्वस्त करने की नीति है।

# राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित हुई बलरामपुर से सोनिया गुप्ता, नवाचारी गतिविधियां समूह में उत्कृष्ट कार्य करने पर मिला सम्मान



**बलरामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** छत्तीसगढ़ राज्य की राजधानी रायपुर में २९ मई २०२५ को आयोजित राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह राष्ट्रीय शैक्षणिक संप्रवाह २०२४ - २५ कार्यक्रम में बलरामपुर जिले का नाम शामिल हुआ है। नवाचारी गतिविधियां समूह भारत द्वारा आयोजित भव्य कार्यक्रम में बलरामपुर जिले के पांच शिक्षकों को सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर सह एससीईआरटी में आयोजित इस आयोजन में पूरे छत्तीसगढ़ से १५५ नवाचारी शिक्षकों को प्रमाण पत्र, मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया इसी कड़ी में बलरामपुर विकासखंड की सोनिया गुप्ता सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला-लेंजवापारा विकासखंड बलरामपुर सहित बलरामपुर जिले के राजकुमार जायसवाल मानसरोवर सिंह और ज्योति श्याम को उनके शैक्षणिक नवाचार एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया वहीं रमेश कुमार साकेत को कार्यक्रम में सतत सहयोग प्रदान करने हेतु विशेष सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जेपी. रथ अपर संचालक एससीईआरटी, डॉ. बी रघु सहायक संचालक एससीईआरटी बी. एल देवांगन प्राचार्य डाइट रायपुर डॉ. एस के जैन और के. के. साहू सहित नवाचारी गतिविधियां समूह के प्रमुख संजीव कुमार सूर्यवंशी तथा छत्तीसगढ़ की एडमिन टीम उपस्थित रही। समूह प्रमुख सूर्यवंशी ने बताया कि यह समूह देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से जुड़े नवाचारी शिक्षकों का सबसे बड़ा स्वप्रेरित मंच है। जो सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए कार्य कर रहा है। वर्ष २०१७ से सक्रिय यह समूह पिछले ४ वर्षों से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित कर रहा है।

**कई चरणों में हुआ चयन**

समूह की जिला टीम ने बताया कि कार्यक्रम मूलतः २०२४ में आयोजित होना था, लेकिन स्थानीय चुनाव के चलते इसे स्थगित किया गया। कार्यक्रम के लिए पूरे देश में ७०० से अधिक नामांकन प्राप्त हुए चयन प्रक्रिया में ऑनलाइन आवेदन स्क्रूटनी दस्तावेज के सत्यापन एवं साक्षात्कार से कई चरणों के बाद ग्राउंड लेवल पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का चयन किया गया।

# 25 लाख के इनामी 16 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा। जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत छत्तीसगढ़ सरकार की नक्सल आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति एवं जिले के अंदरूनी इलाकों में खोले गये सुरक्षा कैंप के बाद लगातार कार्यवाही से पुलिस के बढ़ते दबाव के फलस्वरूप आज सोमवार को पीएलजीए बटालियन के 2 हार्डकोर नक्सली सहित 16 नक्सलियों ने एसपी किरण चव्हाण, एएसपी उमेश गुप्ता और सीआरपीएफ व पुलिस अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। अत्मसमर्पित 16 नक्सलियों जिसमें एक महिला और एक पुरुष पर 8 -8 लाख का इनाम घोषित है, वही 6 नक्सलियों पर कुल 25 लाख का इनाम घोषित है। आत्मसमर्पित सभी नक्सली जिले की कई वारदातों में शामिल थे । सभी अत्मसमर्पित 16 नक्सलियों को 50-50 हजार की प्रोत्साहन राशि प्रदाय किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आत्मसमर्पित नक्सलियों में 1. महला रीता उर्फ डोडी सुक्की पति पोदिया उर्फ प्रकाश उम्र लगभग 36 वर्ष निवासी गोंदपल्ली पटेलपारा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा, सीआरसी रीजनल कम्पनी नम्बर 2 की सदस्या/पीपीसीएम (ईनामी 8 लाख) 2. राहुल पुनेम पिता पाण्डू उम्र लगभग 18 वर्ष गोंदपल्ली मलपारा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा, पीएलजीए बटालियन नं. 1 कम्पनी नं. 2 प्लाटून नं. 2, सेक्शन ¤सीई का पार्टी सदस्य (ईनामी 8 लाख) 3. लेकाम लखमा पिता स्व. बोड्डा उम्र लगभग 28 वर्ष निवासी गोंदपल्ली सोड़ीपारा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा, दक्षिण बस्तर डिवीजन टीडी टीम पार्टी सदस्य (ईनामी 3 लाख) 4. सोड़ी चुला पिता जोगा उम्र लगभग 20 वर्ष निवासी केरलापेंदा कुंजामपारा थाना चिंतलनार जिला सुकमा,जगरगुण्डा एरिया कमेटी पार्टी सदस्य (ईनामी 2 लाख) 5. तेलाम कोसा पिता स्व. चिन्ना उम्र लगभग 19 वर्ष निवासी पेंटा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा, माड़ डिवीजन एसजेडसीएम राजू दादा का गार्ड सदस्य (ईनामी 2 लाख) 6.डोडी हुर्रा पिता बोड्डा उम्र लगभग 29 वर्ष निवासी गोंदपल्ली पटेलपारा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा, एओबी. पार्टी सदस्य (ईनामी 2 लाख) 7. माड़वी माड़का पिता स्व. हिड़मा उम्र लगभग 18 वर्ष निवासी केरलापेंदा पटेलपारा थाना चिंतलनार जिला सुकमा, ग्राम केरलापेंदा सीएनएम सदस्य, 8. रवा भीमा पिता स्व. दुला उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी केरलापेंदा पटेलपारा थाना चिंतलनार जिला सुकमा, जीआरजी मिलिशिया सदस्य, 9. सोड़ी देवा पिता स्व. हिड़मा उम्र लगभग 30 वर्ष निवासी तोकनपल्ली सरपंचपारा थाना चिंतलनार जिला सुकमा, नागाराम आरपीसी डीएकेएमएस सदस्य, 10. सोड़ी हड़मा पिता नदी उम्र लगभग 32 वर्ष जाति मुरिया निवासी तोकनपल्ली सरपंचपारा थाना चिंतलनार जिला सुकमा, ग्राम तोकनपल्ली संघम सदस्य, 11. हेमला हिड़मा पिता स्व. नंगा उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी तोकनपल्ली सरपंचपारा थाना चिंतलनार जिला सुकमा, ग्राम तोकनपल्ली संघम सदस्य, 12. माड़वी सन्ना पिता भीमा उम्र लगभग 42 वर्ष निवासी तोकनपल्ली सरपंचपारा थाना चिंतलनार जिला सुकमा , ग्राम तोकनपल्ली संघम सदस्य, ।

# मांस खाने व शराब पीने का दबाव बनाकर एक सनातनी परिवार से की गई मारपीट, एफआईआर दर्ज

**दंतेवाड़ा।** जिले के कमेली गांव के एक परिवार पर मांस खाने के साथ शराब पीने का भी दबाव बनाते हुए मारपीट की गई। पिछले 2 महीने में 3 बार परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की गई है।इसके अलावा जान से मारने की धमकी और युवक की विवाह कार्यक्रम में बाधा भी डाली गई, इससे पूरा परिवार डरा हुआ है। इसी के चलते परिवार गांव छोड़कर जिला मुख्यालय में अपने रिश्तेदार के घर आ गया है। दरअसल, गायत्री परिवार के सदस्य बनने के बाद पीड़ित परिवार पूजा-पाठ करने लगे थे। ऐसा करने से गांव के कुछ युवक इन्हें बार-बार परेशान करने लगे। अब परिवार के सदस्यों ने मामले की शिकायत भांसी थाना में की है। पुलिस ने 4 से 5 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पीड़ित परिवार की महिला मुड़े तामो का कहना है कि मेरा परिवार पिछले कुछ समय से गायत्री परिवार में शामिल हुए हैं, तब से गांव के लोग हमारे परिवार को परेशान कर रहे हैं, हमने अपना धर्म नहीं बदला है, सनातन धर्म को ही मान रहे हैं। गांव के कुछ लोग हम पर गाय, भैंस, बकरी का मांस खाने और शराब पीने का दबाव बना रहे हैं। उन्होने बताया कि बेटे की शादी हो रही थी, हवन कुंड में पानी और गोबर डाल दिए। मेरे बड़े बेटे की कई बार पिटाई की गई है। अब पूरे परिवार को जान से मारने को धमकी दिए हैं। इसलिए गांव छोड़कर दंतेवाड़ा में अपने रिश्तेदार के घर आए हैं।

स्थानीय ग्रामीण राजाराम तामड़े का कहना है कि मैं यहां बचपन से हूं, नंदू काड़ा, बबलू समेत 4 लोगों ने मारपीट की है। मांस मटन खाने का दबाव बना रहे थे, नंदू सबको भड़का रहा है। घर में रहने पर जान से मार देंगे कहते हैं, परिवार के 5 सदस्य दूसरे जगह आकर रह रहे हैं। दंतेवाड़ा के एएसपी आरके. बर्मन ने बताया कि जैसे ही मामला हमारे संज्ञान में आया हमने तुरंत कार्रवाई करते हुए 4 से 5 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। जांच जारी है। परिवार से कहा गया है कि गांव जाइए, आराम से रहिए, लेकिन वे अभी गांव नहीं गए हैं।

# सर्पदंश से बचाव हेतु बिना समय गवांए पहुंचे नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र

## झाड़-फूक से बनाए दूरी सर्पदंश पर एंटी स्नेक वेनम है जरूरी

**बलरामपुर, (अम्बिकावाणी समाचार)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बसंत कुमार सिंह ने बताया है कि मानसून में मौसमी बीमारियों में वृद्धि के साथ ही सर्पदंश की मामले सामने आते है। जिसके लिए जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गई है।

डॉ. सिंह ने बताया कि इस मौसम में आवासीय क्षेत्रों में अत्यधिक मात्रा में सांप दिखाई देने लगते हैं। जिस कारण सर्पदंश के प्रकरण में वृद्धि होती है जिससे बचाव हेतु जिले के समस्त स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यक दवाइयां तथा पर्याप्त मात्रा में एंटी स्नेक वेनम उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि सर्पदंश की स्थिति बनने पर मरीज झाड़ फूक के चक्कर में समय न गवायें, सीधे नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में पहुंच चिकित्सको से उचित उपचार करवायें। उन्होंने बताया कि किसी को सांप काटता है तो उस स्थिति में मरीज को न डरायें मरीज के डरने से बीपी बढ़ेगा जिससे सांप का जहर तेजी से फैलने की संभावना बढ़ जाती है। तथा सर्प के काटे हुए स्थान पर किसी भी चीज से न बांधे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में पहुंच इलाज कराएं।

डॉ. सिंह ने बताया कि सावधानियां बरतने से सर्पदंश से बचा जा सकता है। इसके लिए जमीन में न सोए, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग अवश्य करें।

पलंग या चारपाई को दीवाल से न सटाए न ही पलंग से कोई सामान सटा कर रखें, शयन कक्ष में छोटे जीव जन्तु जैसे खरगोश, मुर्गियां आदि न रखें। रात्रि में घर से अन्यत्र जगह जाने पर रोशनी का इस्तेमाल करें, खेत बाड़ी में काम करते समय विशेष रूप से सावधानी बरतें।

# विवाद के बाद गायत्री खदान के रोड सेल इंचार्ज का तबादला

**बिश्रामपुर(अम्बिकावाणी समाचार)।** एसईसीएल बिश्रामपुर के गायत्री भूमिगत खदान में गत १८ मई को द्वितीय पाली में रोड सेल इंचार्ज सुभाष नायक का लिफ्टरों से हुए विवाद मारपीट की घटना के बाद प्रबंधन ने रोड सेल इंचार्ज का तबादला आमगांव खदान कर दिया है।बता दें कि १८ मई को रोड सेल इंचार्ज सुभाष नायक का खदान से कोयला उठाव करने वाले लिफ्टरों से डीओ के कोटा को लेकर विवाद हो गया था ,इस दौरान विवाद इतना बढ़ा कि लिफ्टरों ने उसे खदान के कांटा घर में घुस कर जान से मार देने की धमकी देते हुए पिटाई कर दी थी।घटना के बाद नायक ने प्रबंधन को पत्र लिखकर दोषी लिफ्टरों अविनाश पांडेय ,हरप्रीत सिंह रिंकू ,आकाश पांडेय की शिकायत कर सख्त कार्रवाई की मांग की थी जिसके बाद विवाद बढ़ता देख खदान प्रबंधन ने अगले दिवस दोनों पक्षों को खदान तलब कर बातचीत के जरिए माफीनामा के साथ सुलह करा मामले को शांत करा दिया था लेकिन अगले दिन सुभाष नायक द्वारा सूरजपुर थाने पहुंच लिफ्टर अविनाश पांडेय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा देने के बाद मामला अब तूल पकड़ लिया है। समझौता माफीनामा के बाद भी मामले को तूल देने के चलते खदान प्रबंधन ने चार दिनों पूर्व रोड सेल इंचार्ज सुभाष नायक को गायत्री खदान से हटा उसे आमगांव भेज दिया है।जिसके बाद नायक ने सोशल मीडिया सीआईएल फेसबुक ग्रुप में कोल इंडिया के प्रबंधन का यही इंसाफ लिख अपने साथ हुई मारपीट की घटना का जिक्र किया है ।

# वन अधिकार पट्टा में बड़े स्तर के फजीवाड़ा मामले को लेकर एनएच पर चक्काजाम

## एक ही परिवार को 90 एकड़ का मिला है वन अधिकार पत्र



**बिश्रामपुर(अम्बिकावाणी समाचार)।** संभाग मुख्यालय से लगे ग्राम कोलडीहा में वन भूमि को लेकर एक बड़े फजीर्वाड़े मामले में सोमवार को युवक कांग्रेस भटगांव विधानसभा अध्यक्ष विक्की समद्दार के नेतृत्व में ग्रामीणों ने एनएच ४३ पर चक्काजाम कर विरोध दर्ज कराया। घंटे भर चले चक्का जाम और अधिकारियों के समझाइश उपरांत वन विभाग के एसडीओ द्वारा लिखित आश्वासन दिए जाने पर चक्काजाम को समाप्त किया गया। गौरतलब है कि पिछले दिनों युवक कांग्रेस भटगांव विधानसभा अध्यक्ष विक्की समद्दार ने सूरजपुर कलेक्टर को पत्र लिखकर मामले में संगठित धोखाधड़ी की शिकायत की थी। कलेक्टर को दिए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि ग्राम पंचायत कोलडीहा के पूर्व सरपंच सुमित केरकेट्टा और उसके परिवारजनों ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर लगभग ९० एकड़ वन भूमि का वनअधिकार पत्र एक ही परिवार के सदस्यों के नाम पर हासिल कर लिया है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया था कि वन अधिकार पट्टा खसरा नंबर पीएफ २५३३ आमगांव प्लांटेशन वन विभाग सूरजपुर की भूमि पर जारी किए गए वन अधिकार पत्र को ग्राम पंचायत कोलडीहा के पूर्व सरपंच पति सुमित केरकेट्टा एवं भतीजा महेश केरकेट्टा पिता प्रताम केरकेट्टा, उमेश केरकेट्टा पिता प्रताम केरकेट्टा, हरदयाल केरकेट्टा पिता प्रताम केरकेट्टा, रजनी केरकेट्टा, पिता प्रताम केरकेट्टा, समिता केरकेट्टा पति महेश केरकेट्टा, सुमित केरकेट्टा पिता मंगलू केरकेट्टा के नाम प्राप्त किया गया है, जबकि उक्त सभी नाम एक ही परिवार से संबंधित हैं।

आरोप यह भी था कि आवेदन प्रक्रिया, दस्तावेजी सत्यापन और पंचायत स्तर की स्वीकृति में गंभीर अनियमितता बरती गई है। फर्जी हस्ताक्षर कराए गए हैं और पात्र लोगों को आवेदन तक नहीं करने दिया गया है। पारिवारिक गठजोड़ से वन भूमि हड़प ली गई है। यह प्रकरण इसलिए और भी चौंकाने वाला है क्योंकि गांव के अन्य वास्तविक पात्र लोगों का वन अधिकार पट्टा वर्षों से लंबित पड़ा है, लेकिन जिन परिवारों ने आवेदन ही नहीं किया, उन्हें ९० एकड़ के करीब का जमीन का पट्टा एकाएक जारी कर दिया गया। ग्रामीणों का दावा है कि न तो ग्रामसभा की सहमति ली गई, न ही जनसुनवाई हुई है। कलेक्टर व सुरजपुर डीएफओ को दिए ज्ञापन पर कोई पहल नहीं होने से सोमवार को संजयनगर कालीघाट के पास राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक ४३ पर ग्रामीणों द्वारा युवक कांग्रेस भटगांव विधानसभा अध्यक्ष विक्की समद्दार के नेतृत्व में दोपहर में करीब घंटे भर चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया गया। आंदोलन की सूचना मिलते ही सुरजपुर वन विभाग के एसडीओ व पुलिस प्रशासन तत्काल मौके पर पहुंच लोगों को समझाइश देने लगी। काफी मान मनौव्वल के बाद भी ग्रामीणों का आंदोलन जारी रहने पर अंततः वन विभाग के एसडीओ द्वारा लिखित आश्वासन दिया गया कि आज शाम तक मामले की सभी दस्तावेज को गांधीनगर थाना में उपलब्ध कराकर संबंधित दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। इसके बाद ग्रामीणों की नाराजगी को समाप्त कर दिया गया। आंदोलन में मुख्य रूप से दानिश रफीक, कुंदन विश्वकर्मा, तपन सिकदार, परमेश्वर राजवाड़े, सैयद अमिल, शोहराब, अजहर खान, अभय लकड़ा, भीमा सिंह, सत पैकरा, दाऊद एक्का, राजघाट मिंज, अभय खराती, आकाश मंडल, मीका, अजित बेक, अरुण टोप्पो, मारवाड़ी लकड़ा, रामनाथ बेक, जज कुजूर, विश्वनाथ व अन्य उपस्थित थे।

# राखड़ पटवाने को लेकर किसान को धमकी, नगर पालिका अध्यक्ष के पति पर गंभीर आरोप- पीड़ित ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा अम्बिकावाणी** - बांकीमोंगरा के वार्ड क्रमांक ३, मोंगरा बरती निवासी किसान दिनेश कुमार (पिता स्व. मनोहर लाल) ने नगर पालिका अध्यक्ष के पति विकास झा और उदय शर्मा पर गाली-गलौज, धमकी और अवरोध पैदा करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। किसान ने बताया कि वह अपनी निजी टिकरा भूमि पर पर्यावरण विभाग और नगर पालिका परिषद से प्राप्त ह्लह्र्रष्ट के तहत राखड़ और मिट्टी से गड्ढा भरने का कार्य करवा रहा था, इसी दौरान उसे धमकियां दी गईं



और काम रोकने के लिए दबाव डाला गया। दिनेश कुमार ने सोमवार को जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि वे वर्षों से इस भूमि पर काबिज हैं। वर्ष २०१८ में हाईवे निर्माण के दौरान एजेंसी द्वारा भूमि से मिट्टी निकाल लेने के कारण वहां करीब ७ फीट गहरा गड्ढा बन गया था, जिससे उनकी ४ एकड़ कृषि भूमि भी बर्बाद हो गई है। इसी गड्ढे को भरने के लिए हाल ही में उन्होंने काम शुरू किया था। पीड़ित के अनुसार, कार्य के दौरान विकास झा और उदय शर्मा मौके पर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए धमकियां दीं। आरोप या भी है की विकास झा ने जेसीबी मशीन को जब्त करवा कर उसमें पेट्रोल डालकर जलाने की धमकी दी, वहीं उदय शर्मा द्वारा वाहन से कुचलने की धमकी दी गई। घटना के समय पीड़ित का १४ वर्षीय बेटा देवेश कुमार यादव और भांजा नरेश यादव भी उपस्थित थे। दिनेश कुमार ने बताया कि नगर पालिका और पर्यावरण विभाग से उसे विधिवत ह्लह्र्रष्ट प्राप्त है, इसके बावजूद कार्य में बाधा पहुंचाई जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि विवाद की शुरूआत तब हुई, जब गत सप्ताह पार्षद एवं भाजपा नेताओं द्वारा राखड़ पटवाने पर आपत्ति जताते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया था। इसके बाद से उसे लगातार धमकियां मिल रही हैं। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि जिस रास्ते से वह राखड़ ला रहा है, उसी मार्ग से हर दिन ईटा भट्ठा में राखड़ परिवहन कर रहे हैं, मगर केवल उसे ही निशाना बनाया जा रहा है। दिनेश कुमार ने जिला प्रशासन से सुरक्षा की मांग करते हुए दोषियों के विरुद्ध स्नद्बक्र दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय नागरिकों और किसान संगठनों ने भी इस घटना पर नाराजगी जताई है और प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## छोटी खबरें

### सिविल डिफेंस वालिंटियर नामांकन हेतु लिये जा रहे हैं आवेदन

**कोरबा अम्बिकावाणी** - देश में युद्ध जैसे आपात कालीन स्थिति एवं प्राकृतिक आपदा से निपटने हेतु सिविल डिफेंन्स वॉलिन्टियर नामांकन हेतु जिले के नागरिकों से आवेदन लिये जा रहे हैं। जिला सेनानी अधिकारी ने बताया कि यह पंजीयन देश सेवा की भावना से प्रेरित उन नागरिकों के लिए है जो आपदा, आपात कालीन स्थिति अथवा राष्ट्र की सुरक्षा से जुड़ी किसी जरूरत में प्रशासन का सहयोग करने के लिए तत्पर हैं। कोरबा जिले में सिविल डिफेन्स वॉलिटियरों का नामांकन प्रारंभ कर दिया गया है। इच्छुक नागरिक कार्यालय जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना कोरबा में स्वयं उपस्थित होकर नामांकन हेतु आवेदन पत्र प्राप्त कर आवश्यक दस्तावेजो के साथ आवेदन पत्र भरकर जमा कर सकते हैं। सिविल डिफेन्स वालिंटियर हेतु आवेदक को मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ्य, आयु सीमा १८ से ५० वर्ष के बीच और न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता १० वीं पास होना चाहिये। सिविल डिफेन्स वालिंटियर बनने हेतु आधार कार्ड, शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण पत्र, कोरबा जिले का मूल निवासी होने का प्रमाण पत्र की छाया प्रति एवं हाल का रंगीन पासपोर्ट साइज के २ फोटो आवेदन के साथ जमा करना आवश्यक है। पूर्व में सिविल डिफेंन्स वॉलिन्टियर्स हेतु नामांकन बाबत अन्तिम तिथि ३१ मई २०२५ नियत था, जिसे आगे बढाते हुये पूरे साल भर नामांकन हेतु आवेदन लिया जायेगा।

### कलेक्टर ने सुनी जनदर्शन में आमनागरिको की फरियाद, कुल 80 आवेदन हुए प्राप्त




**कोरबा अम्बिकावाणी** - कलेक्टर जनदर्शन में आज कलेक्टर अजीत वसंत ने आमनागरिको की समस्याओं को सुना। उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों को सम्बंधित अधिकारियों को प्रेषित कर समय-सीमा के भीतर निराकरण के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में कुल ८० आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर जनदर्शन में आज सीमांकन, पट्टा, खाता विभाजन, बिजली बिल,पीएम आवास, रोजगार, उपचार हेतु सहयोग, महतारी वंदन, नक्शा बटांकन, आर्थिक सहायता, स्कूल फीस माफ करने, पेंशन आदि के आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर निराकरण के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग और अपर कलेक्टर मनोज कुमार उपस्थित थे।

### बालको ने भारतीय डाक सेवा के सहयोग से वित्तीय साक्षरता को दिया बढ़ावा



**कोरबा अम्बिकावाणी** - भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने व्यावसायिक साझेदार के कर्मचारियों के लिए एक वित्तीय सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित किया। आयोजन भारतीय डाक सेवा, बिलासपुर मंडल और कोरबा कार्यालय के सहयोग से किया गया। इसका उद्देश्य संयंत्र स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों में वित्तीय साक्षरता बढ़ाना तथा निवेश के अवसरों की जानकारी देना था। कार्यक्रम का नेतृत्व गणेश देवांगन, सहायक अधीक्षक, बिलासपुर डाक मंडल ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों को नियमित बचत की आदत, बीमा के माध्यम से जोखिम सुरक्षा, और दीर्घकालिक निवेश के लाभों के बारे में जागरूक किया। इसमें व्यावसायिक साझेदार के ८० कर्मचारियों ने भाग लिया। सत्र में डाकघर की विभिन्न बचत योजनाओं, बीमा नीतियों और निवेश विकल्पों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बालको इस सार्थक पहल में भारतीय डाक सेवा के सहयोग की सराहना करता है और भविष्य में भी अपने विस्तारित कार्यबल के समग्र विकास और वित्तीय समावेशन के लिए प्रतिबद्ध है।

## सरपंच पर जेसीबी से मकान तोड़ने का आरोप - पीड़ित परिवार ने न्याय की लगाई गुहार, बिना नोटिस 23 वर्षों पुराना आशियाना तोड़ा गया





**कोरबा अम्बिकावाणी** - कोरबा जिले के ग्राम पंचायत दोन्दरो में एक परिवार का वर्षों पुराना मकान बिना किसी पूर्व सूचना या कानूनी प्रक्रिया के जेसीबी चलवाकर तोड़े जाने का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि यह कार्रवाई पंचायत के सरपंच बंधन सिंह के निर्देश पर की गई। पीड़ित परिवार ने इस कृत्य को अवैध, मनमाना और अराजक बताते हुए जिला प्रशासन से तत्काल न्याय दिलाने की माँग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित युवराज सिंह बंजारे, महेश्वर कुमार बंजारे, मनमोहन सिंह बंजारे, चंद्रहास बंजारे एवं राजेन्द्र बंजारे, सभी पिता स्व. भोपाल सिंह बंजारे, ने बताया कि वर्ष २००२ में उनके पिता ने ग्राम दोन्दरो निवासी डेविड मसीह से खसरा नंबर ४०५/१ की लगभग ४० डिसमिल भूमि एक विक्रय अनुबंध के माध्यम से प्राप्त की थी। तब से परिवार उसी भूमि पर निवास कर रहा था। बताया गया कि उक्त भूमि पर बना मकान क्रमांक ११८/१७, जिसमें चार कमरे, एक रसोई, शौचालय-बाथरूम और एक बोरवेल की सुविधा थी, २९ मई २०२५ को सरपंच के निर्देश पर जेसीबी से पूरी तरह ढहा दिया गया। परिवार का कहना है कि इस मकान को २३ वर्षों से निवास करते हुए उन्होंने संजोया था और इसके लिए कोई भी पूर्व सूचना, नोटिस या वैधानिक कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ितों ने यह भी बताया कि उक्त भूमि में से कुछ भाग को ग्राम पंचायत को जल टंकी निर्माण हेतु स्वेच्छा से सौंपा गया था, जिसकी लिखित सहमति भी संपादित हुई थी। इसके बावजूद सरपंच द्वारा शेष निजी भूमि पर अवैध कब्जा करते हुए पूरे मकान को ढहा दिया गया, जिससे परिवार को भारी आर्थिक नुकसान और मानसिक पीड़ा झेलनी पड़ी है। स्थानीय ग्रामीणों ने भी इस कार्रवाई को मनमानी और पक्षपातपूर्ण बताया है। ग्रामीणों का कहना है कि गाँव में कई शासकीय जमीनों पर खुद सरपंच ने कब्जा किया हुआ है, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं होती। वहीं जो परिवार २३ वर्षों से रह रहा था, उनके मकान को बिना नोटिस ढहा देना सरासर अन्याय है। जनता की अपेक्षा है कि प्रशासन इस मामले में निष्पक्षता से जाँच कर दोषियों को सजा दिलाए और पीड़ित परिवार को न्याय उपलब्ध कराए।

## डेंटल मशीन खराब, मरीज बेहाल- पोड़ी उपरोड़ा सीएचसी में इलाज ठप, स्वास्थ्य विभाग से शीघ्र कार्रवाई की माँग

**कोरबा अम्बिकावाणी** - सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पोड़ी उपरोड़ा में दंत चिकित्सा सुविधा इन दिनों पूरी तरह से ठप पड़ी हुई है। डेंटिस्ट की नियमित मौजूदगी के बावजूद, दांतों के इलाज में उपयोग होने वाली अत्यावश्यक डेंटल एरोटर मशीन (ड्रिलिंग यूनिट) पिछले एक सप्ताह से अधिक समय से खराब पड़ी है, जिससे मरीजों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, मशीन में पानी की आपूर्ति बाधित होने के कारण वह पूरी तरह निष्क्रिय हो गई है। परिणामस्वरूप, मरीजों की सिर्फ प्राथमिक जांच हो पा रही है, जबकि दांत की सफाई, ड्रिलिंग या अन्य तकनीकी प्रक्रियाओं की जरूरत वाले रोगियों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी प्रीति अग्रवाल, जो पिछले कई दिनों से दांत दर्द की समस्या से जूझ रही हैं, ने नाराजगी जताते हुए बताया, पिछले सप्ताह से अस्पताल के चक्कर काट रही हूँ, हर बार कहा जाता है कि मशीन खराब है। दर्द के बावजूद इलाज नहीं मिल पा रहा है, बहुत परेशानी हो रही है।



जब इस विषय में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. दीपक सिंह से संपर्क किया गया, तो उन्होंने बताया कि मशीन की तकनीकी खराबी की सूचना उच्च अधिकारियों को पहले ही दी जा चुकी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मरम्मत के लिए जल्द कार्रवाई की माँग की गई है। हालांकि, बीएमओ के आश्वासन के बावजूद अब तक मरम्मत टीम या तकनीकी विशेषज्ञ अस्पताल नहीं पहुंचे हैं। इससे डेंटल मरीजों को असहनीय दर्द और इलाज की अनुपलब्धता का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय जनों ने स्वास्थ्य विभाग से माँग की है कि मशीन की तत्काल मरम्मत कराई जाए, ताकि डेंटल ओपीडी पुनः सुचारु रूप से संचालित हो सके। साथ ही, अस्पताल में तकनीकी उपकरणों की नियमित जांच और मेंटेनेंस की व्यवस्था की जाए, जिससे भविष्य में ऐसी परेशानियों से मरीजों को राहत मिल सके। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व ही छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने औचक निरीक्षण के दौरान पोड़ी उपरोड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद व्यवस्थाओं पर असंतोष व्यक्त किया था। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि इलाज और चिकित्सा सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बावजूद इसके, अस्पताल में मूलभूत सुविधाओं की कमी और तकनीकी लापरवाही अब भी बनी हुई है। जनहित में यह अपेक्षा की जा रही है कि जिम्मेदार अधिकारी शीघ्र पहल कर इस समस्या का समाधान सुनिश्चित करें।

## महिला से मारपीट और मंगलसूत्र लूट का मामला- पुलिस कार्रवाई से असंतुष्ट पीड़िता ने एसपी व कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार

**कोरबा अम्बिकावाणी** - सीएसईबी चौकी अंतर्गत ढेंगुरनाला कोहड़िया क्षेत्र में एक महिला के साथ मारपीट और लूटपाट का गंभीर मामला सामने आया है।



पीड़िता अनिता दुबे ने आरोप लगाया है कि बीते १४ अप्रैल २०२५ को सुबह करीब ९:३० बजे, जब वह अपने घर की सफाई कर रही थीं, उसी दौरान दिन दयाल साहू, उनकी पत्नी गायत्री साहू, और दो पुत्र सिद्धांत साहू उर्फ बिट्टू तथा मुकेश साहू उर्फ बट्टू ने उनके घर में घुसकर न केवल उनसे मारपीट की, बल्कि उनके गले से करीब २ तोला वजनी सोने का मंगलसूत्र भी लूट लिया। घटना के बाद अनिता दुबे को गंभीर अवस्था में जिला चिकित्सालय कोरबा में भर्ती कराया गया, जहाँ उनका इलाज १३ मई २०२५ तक चला। पीड़िता ने बताया कि उन्होंने इस मामले की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है (एफआईआर क्रमांक १९८), लेकिन उसमें न तो दिन दयाल साहू का नाम जोड़ा गया है और न ही लूट की धाराएं शामिल की गई हैं। पीड़िता का आरोप है कि उन्हें लगातार धमकियाँ दी जा रही हैं, और थाना स्तर पर उन्हें न्याय नहीं मिल पा रहा है। इस संबंध में उन्होंने एक सप्ताह पूर्व जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के नाम लिखित शिकायत दी गई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई न होते देख वह जिला कलेक्टर के जनदर्शन में पहुँचीं और न्याय की गुहार लगाई। अनिता दुबे ने मांग की है की उनकी मेडिकल रिपोर्ट और इलाज से संबंधित दस्तावेजों को एफआईआर का हिस्सा बनाया जाए, दिन दयाल साहू का नाम एफआईआर में शामिल किया जाए, और लूटपाट की धाराएं जोड़कर सभी आरोपियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। इस मामले को लेकर क्षेत्र के स्थानीय नागरिकों में भी भारी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि एक महिला के साथ हुए इस गंभीर कृत्य को प्रशासन को संवेदनशीलता और गंभीरता से लेना चाहिए, और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। जनहित में यह अपेक्षा की जा रही है कि पीड़िता को न्याय दिलाने हेतु जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग तत्काल प्रभाव से निष्पक्ष एवं ठोस कार्रवाई करे।

## भूमि अधिग्रहण के 28 वर्ष बाद भी उद्योग स्थापित नहीं: रिस्दी ग्राम के किसानों ने भूमि वापसी की उठाई मांग

**कोरबा अम्बिकावाणी**- ग्राम रिस्दी के लगभग ३०० किसानों ने छत्तीसगढ़ शासन से अपनी अधिग्रहित भूमि की विधिक वापसी की मांग की है। यह भूमि वर्ष १९९८ में ५००ङ्ग२ मेगावाट के पावर संयंत्र निर्माण के उद्देश्य से तत्कालीन सरकार द्वारा अधिग्रहित कर मेसर्स देबु पावर इंडिया लिमिटेड को हस्तांतरित की गई थी। किसानों के अनुसार, कुल २६०.५३ एकड़ भूमि, जो कोरबा तहसील अंतर्गत स्थित है, भू-अधिग्रहण अधिनियम १८९४ के



अंतर्गत अधिग्रहित की गई थी। अधिनियम की धारा के तहत यह प्रावधान है कि यदि अधिग्रहित भूमि पर पाँच वर्षों के भीतर उद्देश्य की पूर्ति नहीं होती है, तो वह भूमि मूल भू-स्वामियों को वापस दी जा सकती है। २८ वर्षों के बाद भी अब तक वहां कोई संयंत्र स्थापित नहीं किया गया है। इस संबंध में वर्ष २०२५ में सीमांकन की प्रक्रिया भी आरंभ की गई। दिनांक ८ जनवरी २०२५ को आरआई योगेन्द्र बैस द्वारा खसरा नं. २८२ की १.५८ एकड़ भूमि का सीमांकन किया गया, परंतु इस कार्य में मुरित राम साहू नामक व्यक्ति द्वारा आपत्ति दर्ज कर बाधा उत्पन्न की गई। उन्होंने दावा किया कि यह भूमि तथा आस-पास की अन्य भूमि पहले से ही देबु पावर इंडिया लिमिटेड द्वारा अधिग्रहित की जा चुकी है। हालाँकि, जब मुरित राम साहू से इस संबंध में कोई दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, तो वे कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। अतिरिक्त तहसीलदार को पत्र प्रेषित किए जाने तथा तीन माह का समय बीत जाने के बावजूद भी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। ग्रामवासियों ने यह भी प्रश्न उठाया है कि यदि उक्त भूमि वास्तव में अधिग्रहित हो चुकी है, तो फिर मुरित राम साहू को राज्य शासन से सोलर पंप एवं पैनल पर सब्सिडी और बिजली विभाग से कनेक्शन कैसे प्रदान किया गया? यह प्रशासनिक जांच का विषय है।ग्रामवासियों ने आरोप लगाया है कि देबु पावर इंडिया लिमिटेड द्वारा भूमि अधिग्रहण के समय यह लिखित वादा किया गया था कि योग्यतानुसार संयंत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार प्रदान किया जाएगा, लेकिन अब तक ऐसा कुछ नहीं हुआ है।

**ग्रामवासियों की माँग**- २८ वर्षों से प्रयोजन विफल रहने के कारण भूमि अधिग्रहण को विधिक रूप से शून्य घोषित किया जाए। सीमांकन दिनांक ०८-०१-२०२५ को मान्य किया जाए एवं खसरा नं. २८२/१३ तथा २८२/१४ के मूल भू-स्वामियों को भूमि वापस दी जाए। मुरित राम साहू द्वारा शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने तथा झूठी जानकारी देने के लिए आपराधिक मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाए। शासन द्वारा इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर ग्रामवासियों को न्याय प्रदान किया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि अब उन्हें देबु पावर इंडिया लिमिटेड द्वारा किसी भी संयंत्र की स्थापना की कोई आशा नहीं है, और वे अपनी आजीविका की रक्षा हेतु वर्षों पूर्व दी गई भूमि को वापस पाने के लिए संघर्षरत हैं।


### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) /सक्षम प्राधिकारी पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)

**//उद्घोषणा//**

क्रमांक/ /वाचक-1/व्यपवर्तन/2025
पत्थलगांव, दिनांक-25/04/2025

एतद् द्वारा समस्त आम जनता ग्राम लुड़ेग, प.ह.नं. 21, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है, कि आवेदक जदू आ० स्व० सुदर्शन जाति महकुल निवासी ग्राम लुड़ेग, तहसील पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम लुड़ेग, स्थित भूमि खसरा नं० 121/46 रकबा 0.4460 हे. में से 20 डिसमिल भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये व्यपवर्तन कराये जाने हेतु मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1 की छायाप्रति सहित छ.ग. भू.रा.संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 21.05.2025 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव के न्यायालय में न्यायालयीन समय प्रातः 10:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक होना नियत किया गया है।

अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत दिनांक/समय/स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक- 25.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/ सक्षम प्राधिकारी
पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार, पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ०ग०)

रा०मा०क्र०- /अ-21/2024-25
ग्राम पत्थलगांव, तहसील पत्थलगांव

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता नगर पंचायत पत्थलगांव को सूचित किया जाता है कि आवेदक विकास कुमार पिता रमेशचन्द जाति अग्रवाल निवासी ग्राम पत्थलगांव तहसील पत्थलगांव जिला जशपुर (छ०ग०) के द्वारा ग्राम पत्थलगांव प०ह०नं० 06 रा०नि०मं० व तहसील पत्थलगांव जिला जशपुर छ०ग० में स्थित व्यपवर्तित भूमि ख०नं० 463/3/क रकबा 0.081 हे० भूमि को क्रेता मोहम्मद पर्वेज पिता मोहम्मद ग्यास जाति मुसलमान निवासी पत्थलगांव तहसील पत्थलगांव जिला जशपुर छ०ग० को विक्रय करने की अनुमति प्रदान करने हेतु कलेक्टर महोदय जशपुर (छ०ग०) को आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (रा०) पत्थलगांव के माध्यम से इस न्यायालय को जॉच कर प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। प्रकरण इस न्यायालय में बिचाराधीन है।

उक्त व्यपवर्तित भूमि विक्रय की अनुमति के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर आपत्ति या दावा हो वह स्वंय अथवा मान्य अधिवक्ता अथवा वैध अभिकर्त्ता के मय दस्तावेज दावा या आपत्ति दिनांक-18/06/2025 तक न्यायालय में पेश कर सकता है। नियत समय पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

तहसीलदार पत्थलगांव,
जिला-जशपुर (छ०ग०)

### न्यायालय तहसीलदार, पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ०ग०)

रा०मा०क्र०- /अ-21/2024-25
ग्राम पत्थलगांव, बंधियाखार
तहसील पत्थलगांव

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता नगर पंचायत पत्थलगांव बंधियाखार को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवलोचन गुप्ता पिता रामखिलावन गुप्ता जाति रौनियार निवासी ग्राम बंधियाखार तहसील पत्थलगांव जिला जशपुर (छ०ग०) के द्वारा ग्राम बंधियाखार प०ह०नं० 06 रा०नि०मं० व तहसील पत्थलगांव जिला जशपुर (छ०ग०) में स्थित अपने स्वामित्व की व्यपवर्तित भूमि ख०नं० 120/8/क एवं 12/8/ख रकबा क्रमशः 0.015, 0.012 हे० भूमि को अपने पुत्र संदीप गुप्ता एवं निशांत गुप्ता एवं पत्नि सुमित्रा गुप्ता निवासी ग्राम बंधियाखार तहसील पत्थलगांव जिला जशपुर छ०ग० को बिना प्रतिफल लिये दान पत्र पंजीयन की अनुमति प्रदान करने हेतु कलेक्टर महोदय जशपुर (छ०ग०) को आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (रा०) पत्थलगांव के माध्यम से इस न्यायालय को जाँच कर प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। प्रकरण इस न्यायालय में बिचाराधीन है।

उक्त व्यपवर्तित भूमि विक्रय की अनुमति के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर आपत्ति या दावा हो वह स्वंय अथवा मान्य अधिवक्ता अथवा वैध अभिकर्त्ता के मय दस्तावेज दावा या आपत्ति दिनांक-18/06/2025 तक न्यायालय में पेश कर सकता है। नियत समय पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

तहसीलदार पत्थलगांव,
जिला-जशपुर (छ०ग०)

### न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ०ग०)

**ईश्तहार**

रा०प्र०क्र०-........../अ-6/2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक रितेश अग्रवाल आ० राम अवतार अग्रवाल, उम्र-48 वर्ष, निवासी ब्रम्ह रोड, अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, कि आवेदक के द्वारा अनावेदक रामऔतार अग्रवाल आ० नान्हूराम अग्रवाल, निवासी ब्रम्ह रोड, अम्बिकापुर के स्वामित्व व अधिपत्य की नगर अम्बिकापुर, शीट नं. 09 मोहल्ला-बाबूपारा स्थित नजूल प्लॉट नं. 3467/4866/103 में से रकबा 30×80=2400 वर्गफीट भूमि को पंजीबद्ध दान पत्र दिनांक 14.05.2025 के माध्यम से प्राप्त किया गया है।

अतः उक्त पंजीबद्ध दान पत्र के आधार पर क्रयशुदा भूमि के नजूल अभिलेख से अनावेदक का नाम विलोपित कराते हुये आवेदक द्वारा स्वंय का नाम दर्ज कराने हेतु विक्रय पत्र की छायाप्रति, मयदस्तावेज सहित आवेदन पत्र, अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 18/06/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/05/2025 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

### न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ०ग०)

**ईश्तहार**

रा०प्र०क्र०-........../अ-6/2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक रूबेश अग्रवाल आ० राम अवतार अग्रवाल, उम्र-49 वर्ष, निवासी ब्रम्ह रोड, अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, कि आवेदक के द्वारा अनावेदक रामऔतार अग्रवाल आ० नान्हूराम अग्रवाल, निवासी ब्रम्ह रोड, अम्बिकापुर के स्वामित्व व अधिपत्य की नगर अम्बिकापुर, शीट नं. 09 मोहल्ला-बाबूपारा स्थित नजूल प्लॉट नं. 3467/4866/103 में से रकबा 30×80=2400 वर्गफीट भूमि को पंजीबद्ध दान पत्र दिनांक 14.05.2025 के माध्यम से प्राप्त किया गया है।

अतः उक्त पंजीबद्ध दान पत्र के आधार पर क्रयशुदा भूमि के नजूल अभिलेख से अनावेदक का नाम विलोपित कराते हुये आवेदक द्वारा स्वंय का नाम दर्ज कराने हेतु विक्रय पत्र की छायाप्रति, मयदस्तावेज सहित आवेदन पत्र, अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 18/06/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/05/2025 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

### न्यायालय नजूल अधिकारी, सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ० ग०)

रा०प्र०क्र०

**ईश्तहार**

आगामी तिथि- 17/06/2025

इस सार्वजनिक ईश्तहार के जरिये सर्व साधारण आम जनता/संस्था/विभाग को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका निर्मला देवी पति लाजपतराय अग्रवाल, निवासी सूरजपुर, थाना व तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर छ०ग० द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आवेदिका के नाम पर अनावेदिका शकुन्तला देवी पति पवन मित्तल जाति अग्रवाल निवासी सूरजपुर, पो. थाना व तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर छ०ग० के द्वारा भूमि स्थित ग्राम सूरजपुर प.ह.नं. 11 रा.नि.मं. व तहसील सूरजपुर में स्थित नजूल भूमि प्लाट नम्बर 2136/3क रकबा 1959 वर्गफुट को दानपत्र के माध्यम से दिनांक 07.05.2025 को उप पंजीयक कार्यालय सूरजपुर में उपस्थित होकर पंजीयन करा दी थी। उस दिन से उक्त भूमि पर काबिज होकर उपभोग व उपयोग आवेदिका कर रही है। आवेदिका के नाम पर नामांतरण कराये जाने का अनुरोध किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन लंबित है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/विभाग को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक / लीगल एजेंट के माध्यम से अपना दावा/आपत्ति दिनांक 17/06/2025 को न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति के संबंध में कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 02/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

स्थानः- सूरजपुर

नजूल अधिकारी सूरजपुर,
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

अम्बिकावाणी
अम्बिकापुर, मंगलवार 3 जून, 2025



कुछ लोग इसलिए परिपक्व नहीं बन पाते क्योंकि उन्हें भय होता है कि कहीं वे वृद्ध न हो जायें और कुछ इसलिए क्योंकि वे जिम्मेदारी लेने से मना कर देते हैं। 0 ब्रम्हकुमारी

संपादकीय

## जाति आधारित राजनीति

*ऑपरेशन सिंदूरइ की सफलता और स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकी की सटीकता पर भी विचार रखे। सम्मेलन में मोदी के तीसरे कार्यकाल की पहली वषर्गांठ और सुशासन के मुद्दों पर भी चर्चा की गई। जातिगत जनगणना को लेकर सरकार ने अचानक अपनी रणनीति बदली है। 1931 के बाद देश में जातिगत जनगणना नहीं हुई, तब पिछड़ी जातियां 52 प्रतिशत थीं। जाति आधारित राजनीति के पांव जमाने से पहले आजादी के तुरत बाद 1951 से दलितों व जनजातियों की अलग से गणना होने लगी। जातिवादी राजनीति के हावी होते ही, विपक्ष लंबे अरसे से जातिगत जनगणना की मांग कर रहा है। जिस पर मोदी सरकार ने कभी रुख स्पष्ट नहीं किया। मगर संघ के जातिगत जनगणना के समर्थन में विचार देते ही सरकार ने इसकी घोषणा कर दी। तर्क है कि वंचितों के लिए नीतियां बनाने में आसानी होगी तो इसका विरोध करने वाले मानते हैं इससे समाज में दरारें आ सकती हैं। जातियों को वोट बैंक के नाम पर भुनाने वाले और आरक्षण समर्थकों के लिए नये मुद्दे उभर कर सामने आ सकते हैं। वास्तव में अतिपिछड़ों व वंचितों के उत्थान के लिए उठाए गए कदम अपनी भूमिका निभाने में असफल नजर आते हैं। आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक सशक्तिकरण के बगैर समानता की कल्पना भी नहीं की जा सकती। योजनाओं और प्रचार में अव्वल सरकार के लिए ये सिर्फ शिगूफे न साबित हों, यह ख्याल किया जाना जरूरी है। रही बात पाक से संघर्ष की तो इसके लिए सशस्त्र बलों के बलिदान और साहस पर समूचा देश भाव-विह्वल है।*

*मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों का फर्ज है, वे शहीदों व युद्ध प्रभावितों के परिजनों की भरपूर मदद में कोई कोताही न करें। दुश्मन मुल्क से लगी सीमा के रहवासियों को हुई जान-माल की भरपाई की भी अनदेखी नहीं होनी चाहिए। बंद कमरों में आला-कमान की प्रशस्ति काफी नहीं कही जा सकती। हालांकि देश के राजनीतिक दलों में जिस तरह का अधिनायकवाद हावी है, वहां आंतरिक लोकतंत्र की कल्पना भी नहीं की जा सकती। जबकि इन बैठकों में सरकारी योजनाओं व कार्यपणाली की आलोचनात्मक बात होनी चाहिए और सरकारी सहायता पहुंचाने में जनप्रतिनिधियों में जिम्मेदारीपूर्णता से निर्वहन की खुली चर्चा होनी चाहिए।*

*राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जातिगत जनगणना से विकास के विभिन्न क्षेत्रों में पीछे छूट गए लोगों की मदद की बात की।*

# सामाजिक न्याय में लोक आचरण सर्वाधिक महत्वपूर्ण

अवधेश कुमार

*लालू प्रसाद यादव जी ने तेज प्रताप को परिवार और पार्टी दोनों से बाहर कर दिया है। उनका पूरा स्टैंड उनके अनुसार नैतिक आधार पर है। यानी सामाजिक न्याय में लोक आचरण सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है और उनके बड़े सुपुत्र तेजप्रताप यादव ने इसका उल्लंघन किया है। इसी की सजा उनको दी गई है। निश्चित रूप से परिवार के लिए यह बहुत बड़ा धक्का है। किसी भी पिता और मां का अपने बड़े पुत्र को बाहर करने का निर्णय करना आसान नहीं होता।*

इस नाते पहली दृष्टि में लालू जी और राबड़ी देवी जी के प्रति सहानुभूति का भाव पैदा होता है। किंतु वे कोई सामान्य परिवार नहीं है। जो कुछ भी हुआ उनमें ऐसे अनेक प्रश्न हैं, जिनका उत्तर सार्वजनिक जीवन खासकर राजनीति में होने के कारण उन्हें देना चाहिए। लालूजी का परिवार बिहार में इस समय सबसे ज्यादा अकेले प्रभावी राजनीतिक परिवार माना जा सकता है। यद्यपि वे विपक्ष में है किंतु बिहार में परिवार की दृष्टि से कोई ऐसा नहीं बचा जिनकी हैसियत उतनी बड़ी हो। दो पूर्व मुख्यमंत्री, एक उप मुख्यमंत्री, एक पूर्व मंत्री, एक सांसद और तीन विधायक। ऐसे परिवार के सबसे बड़े सुपुत्र की किसी लड़की के साथ लंबे रिश्तों की बात सामने आती है और वह अमर्यादित है तो इस पर बवाल मचेगा।

धीरे-धीरे ऐसा माहौल बना है जिसमें दो व्यक्तियों खासकर स्त्री-पुरुष के संबंधों पर लिखने और बोलने से हम आप बचना चाहते हैं। देश में एक अजीब किस्म के वामपंथी लिबरल सेक्युलर इकोसिस्टम ने खासकर स्त्री पुरु ष और उसमें भी विवाहेतर संबंधों को लेकर भी पढ़े-लिखे वर्ग के बीच ऐसा मानस तैयार किया है मानो यह भी उनका निजी मामला ही है। राजद का तर्क है कि लालू जी ने स्वयं स्टैंड ले लिया है तो इसके आगे कुछ कहने के लिए बचता नहीं। किंतु क्या वाकई इसे ही पूर्ण विराम मान लिया जाए? तेज प्रताप यादव के एक्स पर पोस्ट आता है जिसमें वह अनुष्का यादव से 12 वर्ष के अपने रिश्तों और लिव इन में रहने की बात स्वीकार करते हैं। कहते हैं कि अब समय आ गया है जब मैंने सोचा इसे सार्वजनिक कर दिया जाए। बाद में वह पोस्ट डिलीट हो जाता है। उनका बयान आता है कि अकाउंट हैक हो गया था एवं एआई के द्वारा इसे लिखा गया। लालू यादव द्वारा उन्हें पार्टी से 6 वर्ष के लिए निष्कासन तथा परिवार से अलग करने की घोषणा ने स्पष्ट कर दिया कि पोस्ट की बातें सच हैं। अगर यह सच है कि परिवार को तेज प्रताप के इस अपकर्म की जानकारी नहीं थी और उन्होंने केवल सार्वजनिक जीवन में शुचितापूर्ण आचरण को निर्णय का मानक बनाया है तो उन्हें प्रशंसा का पात्र माना जाना चाहिए।

किंतु जितने तथ्य सामने हैं, उनके अनुसार लाल यादव से लेकर राबड़ी देवी और संपूर्ण परिवार को इस संबंध का पता था। तेज प्रताप की अभी तक कानूनी पत्नी, जिनके साथ उनका तलाक का मामला चल रहा है, कि मां ने कहा है कि इसमें नया कुछ नहीं सबको पता है। वैसे भी अगर 12 वर्ष से संबंध है तो फिर सात वर्ष पहले 2018 में लालू यादव जी और राबड़ी जी ने तेज प्रताप की ऐर्या यादव से शादी क्यों कराई? अभी अचानक तीसरा ऑडियो भी वायरल है।

इसमें बताया जा रहा है कि अनुष्का यादव की आवाज है। इसमें वह कह रही है कि निशा सिंह के साथ वो मालदीप जा रहा है। पुरु ष आवाज आती है ,कौन? उत्तर आता है, तेजप्रताप यादव। फिर कहा जाता है कि तेजस्वी यादव ने बच्चे के लिए भेजा है। पुरु ष पूछता है कि उसने कितनी शादी की है यार? उत्तर -ऐर्या यादव ,अनुष्का यादव और निशा यादव। यह सच है तो फिर तेज प्रताप यादव ने पूरे परिवार को संकट में फंसा दिया। मोटा मोटी चार-साढ़े चार महीने बाद बिहार विधानसभा का चुनाव है। यह बात ठीक है कि लालू प्रसाद यादव के लंबे राजनीतिक करियर में कभी इस तरह के प्रश्न नहीं उठे। वे व्यक्तिगत तौर पर भ्रष्टाचार के प्रतीक अवश्य बने पर इस मामले में बेदाग रहे। जो कुछ है उससे वह भी कठघरे में खड़े हैं। आखिर सामाजिक न्याय का अर्थ क्या राजनीति में जातीय समीकरण और आरक्षण ही है? क्या जिस जाति के नेता होने का दावा करते हैं उनकी बच्चियों के साथ भी न्याय सामाजिक न्याय की परिधि में नहीं आता? यह प्रश्न इसलिए प्रासंगिक है क्योंकि अनुष्का के भाई को राजद की छात्र इकाई का प्रमुख बनाया गया था। इस विषय के सामने आने के बाद उसे हटाया गया। इस घटना का राजनीतिक परिणाम क्या होगा, पूरा घटनाक्रम क्या मोड़ लेगा, तेज प्रताप, अनुष्का, ऐर्या है तो इनका जीवन किस ओर जाएगा इन सबके बारे में कोई भी अनुमान लगाना संभव नहीं। पर यह प्रकरण यूं ही समाप्त नहीं हो सकता। पुत्र के पाप की सजा पिता, माता या परिवार को नहीं मिल सकती। यह तभी होगा जब परिवार बिल्कुल उससे अनिभज्ञ हो। लालू यादव और राबड़ी देवी का दायित्व बनता है कि इन लड़कियों के साथ खड़े हों। हां, अगर इन्होंने षडयंत्रपूर्वक तेज प्रताप को फंसाया है तो इसकी भी जांच होनी चाहिए। इस बीच दो बार परिवार सत्ता में आया और सब कुछ पारदर्शी था तो इसकी जांच कराई जानी चाहिए थी। संभव है ऐसा हुआ भी हो। इन लड़कियों के साथ खड़े होने की जगह परिवार ने तेजप्रताप को इनसे अलग करने और राजनीतिक आंच से बचने के लिए ही सारे प्रयास किए। केवल लालू जी की जाति ही नहीं दूसरों को भी पूछना चाहिए कि आखिर सामाजिक न्याय के नाम पर इस तरह उनके परिवार में क्यों हुआ? हमने हरियाणा में भजनलाल के पुत्र चंद्रमोहन के विवाहेत्तर प्रेम कथा में राजनीतिक करियर समाप्त होते देखा है। उनका उप मुख्यमंत्री पद तक प्रेम के कारण चला गया और बाद में पता चला कि उन्होंने अनुराधा बाली नामक वकील से शादी करने के लिए इस्लाम ग्रहण किया।

आज वह कहां है बहुत कम लोगों को मालूम है। तेजप्रताप उस अवस्था को प्राप्त होंगे या उनके साथ कुछ और होगा यह भविष्य के गर्भ में है। यह प्रकरण प्रमाण है कि राजनीति में शीर्ष परिवार के अंदर इस तरह के ऐसे संबंध पैदा होते हैं, जिन्हें नहीं संभाला गया तो बवंडर कई बार पूरे परिवार की राजनीति को समाप्त कर देता है। जब ऐर्या यादव विरोधियों के मंच से अपनी बात कह सकती हैं तो अनुष्का भी जा सकती है। राज्य और देश को भी हक है यह समझने का कि आखिर लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव आदि पूरा परिवार न्याय के कठघरे में कहां खड़ा है?

# लैब-टू-लैंड के मंत्र को साकार करेगा विकसित कृषि संकल्प अभियान

शिवराज सिंह चौहान

*प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में भारतीय कृषि निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है द्य उनकी दूरदर्शी सोच और किसान कल्याण को समर्पित ऐतिहासिक निर्णयों ने हमारे किसान भाइयों-बहनों को समृद्ध व सशक्त बनाया है, साथ ही 'विकसित भारतइ के विराट संकल्प को नई मजबूती दी है। आज हमारे अन्नदाता न केवल देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं,*

बल्कि विश्व के कई देशों में खाद्यान्न निर्यात करके भारत का गौरव बढ़ा रहे हैं। कृषि विकसित और किसान आत्मनिर्भर बनें, लैब में होने वाले शोध सही समय में खेतों तक पहुंचे, इसी लक्ष्य को लेकर हम राज्यों के साथ मिलकर एक राष्ट्र-एक कृषि-एक टीम के रूप में कार्य कर रहे हैं। देश की समृद्धि का आधार कृषि और किसान हैं। हमारे कृषि वैज्ञानिकों ने अनेक शोध किए है द्य कृषि वैज्ञानिक नई तकनीक, उन्नत बीज, खाद इत्यादि से कम लागत पर फसल उत्पादन बढ़ाने के काम में जुटे हुए है। हमारे वैज्ञानिकों के शोध किसानों तक सही समय (रियल टाइम) पर पहुंचे, उन्हें जलवायु परिवर्तन के प्रभाव, मिट्टी के पोषक तत्वों, उर्वरकों की सही मात्रा सहित कृषि के विभिन्न आयामों से अवगत कराया जा सके, इसके लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा 29 मई से 12 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। इस राष्ट्रव्यापी अभियान के माध्यम से देश के 700 से अधिक जिलों के लगभग 65 हजार गांवों में वैज्ञानिकों की 2170 टीमें पहुंचेंगी। इस दौरान लगभग 1.5 करोड़ किसानों से सीधा संवाद किया जाएगा। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में कृषि को विकसित बनाना और किसानों का जीवन बदलना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। विकसित कृषि संकल्प अभियान कोई कर्मकांड नहीं, बल्कि किसानों के जीवन में समृद्धि लाने का महायज्ञ है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ढ्ढष्ट्रक्र) के वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र, राज्यों के कृषि विभाग, कृषि विश्वविद्यालय, नवाचार से जुड़े संस्थान सभी एकजुट होकर, एक टीम के रूप में विकसित कृषि और समृद्ध किसान के लक्ष्य की ओर बढ़ेंगे। यह अभियान प्रधानमंत्री जी के लैब टू लैंड के मंत्र को साकार कर किसानों की तकदीर और भारतीय कृषि की तस्वीर बदलेगा। वैज्ञानिक गांवों में जाकर किसानों से सीधा संवाद करेंगे और लैब में होने वाली रिसर्च की जानकारी किसानों को देंगे। साथ ही, किसानों के अनुभवों से भी सीखकर कृषि अनुसंधान को व्यवहारिक बनाएंगे द्य हमारे विकसित कृषि संकल्प अभियान के प्रयासों और किसानों के अथक परिश्रम से, एक हेक्टेयर में एक क्विंटल भी उत्पादन बढ़ता है तो देशभर में 20 टन खाद्यान उत्पादन बढ़ाने में हम यह सफल होंगे। कृषि भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और लगभग 50 प्रतिशत जनसंख्या प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इसी पर निर्भर है। यह क्षेत्र सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 18 प्रतिशत का योगदान करता है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में अग्रसर है, जिसमें विकसित खेती और समृद्ध किसान का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। बीते 11 वर्षों में किसानों को सशक्त करने के लिए सरकार ने बीज से बाजार तक हर वो फैसला लिया है, जो किसानों के लिए खेती को और आसान बनाए। हाल ही में लिए गए निर्णय जैसे न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी हो या प्याज और चावल से निर्यात शुल्क को हटाना, फसलों की जलवायु अनुकूल और अधिक उपज वाली किस्मों के विकास से लेकर किसान हितैषी योजनाओं के विस्तार तक मोदी सरकार की प्राथमिकता में सदैव किसान कल्याण रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने हाल ही में जापान को पीछे छोड़कर विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में छलांग लगाई है। कृषि उत्पादन को देखे तो इसमें ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। वर्ष 2024-25 में खाद्यान्न उत्पादन के 3309 लाख टन तक पहुंचने की संभावना है। खरीफ चावल 1206 लाख टन, गेहूं 1154 लाख टन और सोयाबीन 151 लाख टन के साथ रिकॉर्ड स्तर पर हैं। सोयाबीन की उत्पादकता 985 किलो प्रति हेक्टेयर से बढ़कर 1169 किलो प्रति हेक्टेयर हो गई है। बागवानी क्षेत्र में भी उत्पादन 3621 लाख टन तक पहुँचने का अनुमान है। ये उपलब्धियाँ दशार्ती हैं कि हमारे किसानों की मेहनत, वैज्ञानिकों की शोधपरक क्षमता और मोदी सरकार की किसान कल्याणकारी नीतियाँ मिलकर कृषि क्षेत्र को नित-नई ऊँचाइयों पर ले जा रही हैं।

व्यापक विजन, समग्र सोच, स्पष्ट नीति और नेक इरादों के साथ किसानों की आय बढ़े, उनके पसीने का उचित मूल्यांकन हो और वे आत्मनिर्भर बन सकें, इसके लिए केंद्र सरकार ने 6 सूत्रीय रणनीति बनाई है। उत्पादन बढ़ाने, उत्पादन की लागत घटाने, उत्पादन के ठीक दाम देने, प्राकृतिक आपदा में राहत की ठीक राशि देने, कृषि का विविधीकरण तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय गंभीरतापूर्वक कार्य कर रहा है। विकसित कृषि संकल्प अभियान किसानों के जीवन को बेहतर बनाने का एक महाभियान है द्य मेरी किसान भाइयों-बहनों से अपील है कि आप सभी इस महअभियान से जुड़े, इस कार्यक्रम का लाभ उठाए द्य वैज्ञानिकों द्वारा दी गई सलाह को मानकर अपनी कृषि को उन्नत करे।

उत्पादन बढ़े, लागत घटे और किसानों को लाभ हो, इसी उद्देश्य के साथ विकसित कृषि का यह महायज्ञ है,

## भारत 4.19 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी के साथ विश्व में चौथ नंबर पर

अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष के द्वारा जारी की गई एक रिपोर्ट के भारत की बढ़ती अर्थ व्यवस्था 4.19 ट्रिलियन डॉलर होगयी है और विश्व में चौथे नंबर की इकोनॉमी है जो जापान के बराबर है।भारत से आगे सभी विकसित देशों में होड़ है । तीसरे स्थान पर जर्मनी है जो भारत से कुछ ही आगे 4.77ट्रिलियन डॉलर, दूसरे स्थान पर चीन 19 ट्रिलियन डॉलर, पहले स्थान पर अमेरिका तीस ट्रिलियन डॉलर है।

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की रिपोर्ट कहती है कि भारत ने कृषि, ऑटोमोबाइल, पेट्रोलियम पदार्थों, गैस, हैवी इंडस्ट्री, विशेषकर डिजिटल, बैंकिंग, सॉफ्टवेयर के क्षेत्र,सड़क परिवहन निर्माण, कार्यक्रम में उल्लेखनीय कार्य किया है। अब भारत का आयात और निर्यात लगभग बराबर है। भारत ने सिंचाई परियोजना, बांध, हाइड्रल पावर स्टेशन, रेलवेज, वैकल्पिक ऊर्जा क्षेत्र को भी विकसित किया है।नेपाल,भूटान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, कनाडा, श्रीलंका,आदि देश पूरी तरह व्यवसायिक रूप से भारत पर निर्भय है।भारत ने मिसाइल, सेटेलाइट स्टेशनों से संबंधित आय बढ़ाई है।भारत के मेडिकल कॉलेज, विश्व में सबसे ऊंचे स्थान पर हैं। विश्व बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत आगामी तीन साल में जर्मनी से आगे निकल जाएंगे। क्योंकि भारत बहुत बड़ा बाजार है।बड़े बड़े देश भारत में व्यापार करना चाहते हैं। वस्त्र उद्योग में भी भारत ने बहत्तर कार्य किया है। खाद्य तेल और औषधियों के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर है जबकि भारत की जनसंख्या 140 करोड़ है और यह आबादी ही बरदान साबित हुई है।भारत सबसे युवा देशों में शुमार है। अभी जनसंख्या दर 2.1 है। अनुमान है 2050 में जनसंख्या में स्थिरांक आएगा और तब आबादी कम होना शुरू होगी । अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष के विशेषज्ञ मानते हैं कि चीन की जीडीपी लगातार गिर रही है जबकि भारत की जीडीपी लगातार बढ़ रही है।अब अंतरदेशीय पटल पर भारत,चीन, अमेरिका का मौका बाला है। चाइना ने पिछले बीस साल में उल्लेखनीय उन्नति की है।

लोहा, सीमेंट, हैवी इंडस्ट्री, एयरोस्पेस, आर्म्स, रक्षा उत्पादों में बहुत आगे है और मध्य एशिया, अफ्रीका, और यूरोपीय देशों में निर्यात करने में माहिर हैं।यहां पर लेबर स्किलनेस बहुत पुरानी है।दरअसल चाइना की सभ्यता भी बहुत पुरानी है। चाइना कभी गुलाम या उप निवेश नहीं रहा ।1949 में यहां क्रांति हुई और माओ के नेतृत्व में सोवियत संघ से प्रेरित होकर साम्यवादी व्यवस्था लागू हुई चाइना की एक मात्र कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना अभी भी सत्ता में है।यहां लोकतांत्रिक व्यवस्था की तरह चुनाव नहीं होते हैं। जिनपिंग पिछले 20 वर्षों से कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना के महासचिव भी हैं और देश के राष्ट्रपति भी । चाइना अब रूस से भी आगे निकल चुका है क्योंकि उसने खुली अर्थ व्यवस्था भी समय के साथ अपनाली ।दूसरे बढ़ती जनसंख्या पर भी लगाम लगाई। दंपतियों को एक बच्चा करने की इजाजत थी । 0 अजय दीक्षित

## अम्बिकावाणी-वर्गपहेली 1343

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | ■ | 4 | 5 | 6 |
| 7 | | | 8 | ■ | ■ | 9 | |
| | ■ | 10 | | 11 | 12 | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | 13 | | | 14 | 15 |
| 16 | 17 | ■ | | ■ | 18 | | |
| ■ | 19 | 20 | ■ | 21 | | ■ | |
| 22 | | | 23 | | ■ | 24 | ■ |
| 25 | | ■ | 26 | | | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. इस शहर की प्रमुख ग्रेविटी इंडस्ट्री ने दुनिया का पहला जेट सूट तैयार किया है जिसे पहन कर उड़ा जा सकता है (नईदुनिया 15 जून)(3)
7. शक्तिशाली, ताकतवर (4)
9. सौ हजार की संख्या (2)
10. एक रोग, अर्श (4)
13. बलराज साहनी अभिनीत 1947 की एक कला फिल्म जिसमें फारूखशेख ने भी अभिनया किया है (5)
16. पटना से करीब 90 किमी. स्थित पुण्य स्थान जहां विधिवत तिल आदि से श्राद्ध करे ने चार महापातकों से मुक्ति होती है (2)
19. लेखनी, हस्तलेख (3)
19. एक पहर, तीन घंटे का समय (2)
21. वर्जित, निषिद्ध (2)
22. बड़वानी से 8 किमी. दूर जैन धर्म के मानने वाले लोगों का तीर्थ स्थल (5)
25. मूल्य, भाव, निर्ख (2)
26. कूटयुक्ति कर्ता, जुगतबाज, जुगाड़ु (4)

**ऊपर से नीचे**(2)

1. लंबा-तगड़ा (5)
2. समूह, गुट, गिरोह, समूह (2)
3. मुगलशासन में किसी रियासत का मुसलमान शासक, बादशाह का नाइब (3)
5. घोर आफत, विपत्ति (2)
6. सांठा, गन्न, ऊख (2)
8. नया आया हुआ, जो अभी आया हो (4)
11. हल जोतने वाले बैल, हल (2)
12. झूमते या इतराते हुए चलना (4)
14. समाधान, निराकरण (2)
15. भगवान विष्णु का पांचवा अवतार (3)
17. खानाबदोश, पर्यटन प्रिय (4)
20. दार्शनिक प्रणाली, राय, सलाह, वोट (2)
21. उपहास, विनोद, दिल्लगी, मखौल (3)
22. उत्तरकाल में, उपरांत (2)
23. वाद्यगत, चाल, रफ्तार (2)
24. मूल्यवान, कीमती, बहुमूल्य (2)

**वर्ग पहेली 1342 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | ल | वा | अ | ख | बा | र | ■ |
| ह | ल | क | ■ | र | ■ | वि | श्व |
| ■ | क | ■ | आ | गो | श | ■ | स |
| सो | ना | ■ | स | न | क | ■ | न |
| म | ■ | ढा | का | ■ | ■ | ज | ■ |
| ना | गा | ■ | पं | चा | य | न | ■ |
| थ | ■ | पं | छी | ■ | य | म | क |
| ■ | हा | थी | ■ | जी | न | त | ■ |

## एकदा

### पाकिस्तान से युद्ध भारत के लिए मिसाइलों का अंतरास्ट्रीय बाजार खोलेगा




रक्षा विशेषज्ञों का मत है कि अब भारत मिसाइलों के लिए अंतराष्ट्रीय मार्केट खुलेगा क्योंकि पाकिस्तान से हुए युद्ध में ब्रह्मोस,आकाश, मिसाइलों ने नौ और दस की दरम्यानी रात पाकिस्तान के एयर वेज नूर खान,आदि निशाना बना कर बहुत नुकसान पहुंचाया इतना ही नहीं आकाश ने पाकिस्तान की शाहीन मिसाइल को हवा में मार गिराया। स्वदेशी तकनीकी से जुड़े जीपीएस नेविक ने भी अमेरिका के जीपीएस को पीछे छोड़ दिया। लेकिन रूस में बने एस 400की मांग भी बढ़ने वाली है क्योंकि इस एयर डिफेंस सिस्टम ने तुर्की से पाकिस्तान द्वारा आयात ड्रोन को भी नेस्तानाबूद कर दिया। पाकिस्तान इस युद्ध में चीनी टेक्नोलॉजी के एयर डिफेंस सिस्टम की बजह से फैल हुआ जबकि उसने पंजाब, राजस्थान, गुजरात की सीमा पर 40 हमले किए लेकिन सब विफल रहे। दरअसल भारत की मिसाइल तकनीकी पर अपने वैज्ञानिकों ने बहुत शोध किया और इसरो ने उपग्रह और मिसाइल बनाने का कार्य 1964 में आरंभ किया था तत्कालीन समय में अब्दुल कलाम ने पहले एप्पल, रोहणी, सेटेलाइट अंतरिक्ष में छोड़े फिर श्री हरिकोटा सेटेलाइट स्टेशनों का कार्य शुरू किया।ये सब स्वदेशी थे ।

सेटेलाइट के दिशा में क्रायोजेनिक इंजन एक रुकावट बनी कई देशों से अनुरोध किया लेकिन किसी ने नहीं दिया तब कस्तूरीरंगन ने अपना क्रायोजेनिक इंजन बनाया।

## राशिफल

**ग्रह स्थिति-** सूर्य-वृषभ, चंद्र-मीन, मंगल-वृषभ, बुध-मेष, गुरु-कन्या, शुक्र-मीन



**चौघड़िया**

09 :03 से 10 :43 तक-चंचल
10 :43 से 12 :23 तक- लाभ
12 :23 से 14 .04 तक- अमृत
20 :24 से 21.44 तक- लाभ

मेष राशि- मेष राशि वालों का आज का दिन बेहतर रहने वाला है। आज लंबे समय से चल रही किसी समस्या से आपको निजात मिलेगा और आपकी चतुराई और योग्यता की सराहना होगी।

वृष राशि- आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज दिन भर भागा-दौड़ी की स्थिति रहेगी लेकिन कार्य भी सुचारू रूप से बनते जाएंगे। सूझबूझ और व्यवहार कुशलता से अपने काम के प्रति व्यस्त रहेंगे।

मिथुन राशि- आपके लिए आज का दिन खास होने वाला है। किसी भी नए निवेश के बारे में प्लान करें, आपको अच्छा लाभ हो सकता है। घर में किसी नन्हें मेहमान के आगमन संबंधी शुभ समाचार मिलने से उत्सव का माहौल रहेगा।

कर्क राशि- कर्क राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी समारोह में शामिल होंगे तो आपकी उपस्थिति को महत्व मिलेगा। कोरियर का बिजनेस कर रहे कारोबारियों को आज फायदा मिलेगा।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। कार्यस्थल पर गंभीरता और ईमानदारी से अपने प्रोजेक्ट को अंजाम दें, इस समय आपकी तरक्की के भी योग बन रहे हैं। आज समय आपके पक्ष में है।

कन्या राशि- आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप अपने बड़े भाई से प्रॉपर्टी से रिलेटेड कोई बात करेंगे और फाइनेंस संबंधित कुछ योजनाएं बनेंगी। आज आपका काम करने का जुनून आपको मेहनत करने की क्षमता प्रदान करेगा।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आप करीबी व्यक्ति के बारे में गहराई से विचार करके रिश्ता सुधारेंगे। आज जिम्मेदारियां रहेंगी, लेकिन उनसे भागने के बजाय उन्हें बेहतर तरीके से पूरा करने की कोशिश करेंगे।

वृश्चिक राशि- वृश्चिक राशि वालों के लिए आज का दिन सामान्य रहने वाला है। आज किसी भी नकारात्मक स्थिति में घबराने के बजाय उसका समाधान ढूंढें तो जल्दी ही हल भी मिलेगा। वाहन अथवा किसी महंगे उपकरण के खराब होने से बड़ा खर्चा सामने आएगा।

धनु राशि- आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनी रहेगी और आप सामान की खरीददारी करने मार्किट जा सकते हैं। आज कारोबार में नई तकनीक का इस्तेमाल करने संबंधी कार्य प्रणाली पर विचार-विमर्श होगा।

मकर राशि- आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज किसी भी काम को करने से पहले उससे संबंधित उचित जानकारी हासिल करेंगे, फिर उस पर काम करेंगे। इससे आपको बेहतर परिणाम हासिल होंगे। आय के नए स्त्रोत बनेंगे।

कुम्भ राशि- आपके लिए आज का दिन उत्तम रहने वाला है। आज प्रोजेक्ट कार्य में आपको अपने जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। सकारात्मक सोच जीवनयापन में आपकी मदद करेगी। आज घर तथा बाहर दोनों जगह किसी बड़े फैसले को लेने में आपका विशेष योगदान रहेगा।

मीन राशि- आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज पारिवारिक सदस्यों के साथ किसी महत्वपूर्ण विषय पर सहमति बन जाने से राहत की सांस लेंगे। छोटों की गलतियों को माफ करते चलेंगे और वरिष्ठ लोगों के मार्गदर्शन पर अमल करेंगे।



# रसोई में इन पौधों को लगाएं, नहीं पड़ेगी धूप की जरूरत

**आप घर के किसी भी हिस्से में पौधे लगा सकते हैं। कुछ पौधे ऐसे भी हैं, जिन्हें सूरज की रोशनी की जरूरत नहीं पड़ती है और आप उन्हें घर के अंदर भी लगा सकते हैं।**

घर को सजाने की बात हो या हवादार बनाने की, पौधे लगाना बहुत अच्छा विकल्प है। हालांकि, बहुत बार लोग घर के बाहर तो पौधे लगा लेते हैं, लेकिन अंदर नहीं। दरअसल हमें लगता है कि घर के अंदर सूरज की रोशनी नहीं आएगी, जिससे पौधे मर जाएंगे। अगर आप भी ऐसा सोचते हैं, तो आप गलत है। इस आर्टिकल में जानें कि आप घर की रसोई में किन पौधों को लगा सकते हैं।

## घर की रसोई में लगाएं एग्लोनिमा प्लांट

एग्लोनिमा प्लांट को आप अपनी रसोई में आसानी से लगा सकते हैं। इस पौधे को चीनी सदाबहार पौधे के नाम से भी जाना जाता है। खास बात यह है कि इस पौधे को ज्यादा देखभाल की जरूरत नहीं होती है। ऐसे में आप इसे आसानी से घर की रसोई में या किसी भी हिस्से में उगा सकते हैं।

## पीस लिली पौधा कहां लगाएं?

पीस लिली पौधा सबसे अच्छे इनडोर फूलों वाले पौधों में से एक माना जाता है। इस पौधे को भी सूरज की रोशनी नहीं चाहिए होती है। पीस लिली पौधा वायु शुद्ध करने वाला भी होता है। ऐसे में आप इसे घर के किसी भी कोने में लगा सकते हैं। बस इस बात का ध्यान रखें कि आप इसे धूप से दूर रखें। इस पौधे पर जैसे ही धूप पड़ती है, वो मुरझा जाता है।

## लकी बैम्बू प्लांट

कहा जाता है कि लकी बैम्बू प्लांट घर में सौभाग्य लाता है। इस पौधे को आप रसोई के माइक्रोवेव या फ्रिज के ऊपर, शो पीस की भी तरह सजा कर सकते हैं। पौधे को लंबा चलाने के लिए बस समय-समय पर उसमें पानी डालते रहें।

## घर की रसोई में लगाएं मनी प्लांट

इन सभी पौधों के अलावा आप घर की रसोई में मनी प्लांट भी लगा सकते हैं। मनी प्लांट को आप पानी और मिट्टी दोनों में उगा सकते हैं।






# ऑनलाइन पेमेंट को सुरक्षित बनाने के लिए ये टिप्स जरूर फॉलो करें

**ऑनलाइन पेमेंट्स के इतने बढ़ने के कारण डिजिटल थेफ्ट और गलत जगह पर ऑनलाइन पेमेंट करने की समस्या भी बढ़ गई है। ऐसे में क्यों ना कुछ टिप्स को अपनाया जाए जिससे आप ऑनलाइन पेमेंट्स को सुरक्षित बना सकते हैं।**

जब से नोटबंदी हुई है उसके बाद से ही भारत में ऑनलाइन पेमेंट्स का बोलबाला हो गया है। उसके पहले तक जहां लगभग 80% चीज़ें कैश चलती थीं वहीं अब कई सारे यूपीआई ऐप्स, पेमेंट वॉलेट और कैशलेस ऑप्शन आ गए हैं। वैसे तो हर रोज लगभग लाखों का लेन-देन होता है और इस कारण से गलती होने की गुंजाइश भी बहुत होती है। कई बार तो बस एक नंबर या फिर एक छोटे से लेटर की गलती के कारण हजारों का नुकसान हो जाता है। पिछले कुछ समय में ऑनलाइन पेमेंट्स को लेकर 55 प्रतिशत तक की ग्रोथ आई है। अब तो जहां स्मार्टफोन्स हैं वहां पर ऑनलाइन पेमेंट भी हो रही है। ऑनलाइन पेमेंट्स के इतने बढ़ने के कारण डिजिटल थेफ्ट और गलत जगह पर ऑनलाइन पेमेंट करने की समस्या भी बढ़ गई है। ऐसे में क्यों ना कुछ टिप्स को अपनाया जाए जिससे आप ऑनलाइन पेमेंट्स को सुरक्षित बना सकते हैं।

## ऑनलाइन पेमेंट किसी एक सुरक्षित डिवाइस से ही करें

आपको हमेशा ऑनलाइन पेमेंट करते समय ये ध्यान रखना है कि आप अपना यूपीआई आईडी अलग-अलग डिवाइसेस में ना डालें। इस तरह से आप अपने ऑनलाइन पेमेंट्स को कुछ हद तक सुरक्षित बना सकते हैं।

एक ही पासवर्ड और आईडी ना रखें

अधिकतर लोग ये समझते हैं कि एक ही तरह के आईडी और पासवर्ड रखना ठीक होता है, लेकिन ऐसा नहीं है। इससे आपके सारे अकाउंट्स एक साथ हैक होने का खतरा होता है। ध्यान रखें कि यूपीआई आईडी और पासवर्ड सभी अलग-अलग होने चाहिए।

## ई-कॉमर्स वेबसाइट्स में सेव करने से बचें

एक-दो साइट्स में तो फिर भी ठीक है, लेकिन कई बार लोग किसी भी साइट में अपने कार्ड डिटेल्स बिना सोचे समझे डाल देते हैं। ये बहुत ही अजीब बात है कि आप पहली बार किसी साइट पर जा रहे हैं और फिर भी अपनी ऑनलाइन पेमेंट से जुड़ी डिटेल्स डाल रहे हैं। जिन साइट्स को रेगुलर यूज करते हैं उनके अलावा आपको ऐसा किसी साइट के लिए नहीं करना चाहिए।

## टेम्परेरी क्रेडिट कार्ड का करें इस्तेमाल

कुछ क्रेडिट कार्ड कंपनी इस तरह के टेम्परेरी क्रेडिट कार्ड्स देती हैं जो सिर्फ वन टाइम पर्चेज के लिए होते हैं। इन कार्ड्स का काम ही ये होता है कि इनसे रेगुलर पेमेंट्स नहीं की जा सके। इसके अलावा, अगर आप परमानेंट क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल करना चाहती हैं तो ऐसे क्रेडिट कार्ड्स चुनें जिनकी लिमिट लो हो।

## पब्लिक वाई-वाई सबसे बड़ा खतरा है

एक चीज बहुत ध्यान से समझें। पब्लिक वाई-फाई का इस्तेमाल करना और ऑनलाइन पेमेंट करना हैकर्स को दावत देना है। अगर आप पब्लिक वाई-फाई यूज भी कर रहे हैं तो भी पेमेंट करते समय अपने मोबाइल का डाटा यूज करें।

फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन से जुड़े ये डिटेल्स ध्यान रखने चाहिए।

## दो बार चेक करें यूपीआई आईडी

एक और बात जिसका ध्यान आपको रखना चाहिए वो ये है कि अगर आप किसी को यूपीआई पेमेंट कर रहे हैं तो आप दो बार आईडी को जरूर चेक करें। ऐसा इसलिए क्योंकि अगर आपने इसे गलत कर दिया तो पैसे वापस आना बहुत ही मुश्किल हो जाता है। किसी भी बड़ी पेमेंट को करने से पहले आप छोटा अमाउंट भेजकर देखें। अधिकतर लोग इसी जल्दबाजी में अपना नुकसान करवा बैठते हैं।

## अपना सीवीवी किसी के साथ शेयर ना करें

आपको ये ध्यान रखना है कि अगर आप ऑनलाइन पेमेंट कर रहे हैं तो ऐसी डिटेल्स जो सिर्फ आपके कार्ड में मौजूद होती है वो सुरक्षित रखनी चाहिए। जैसे आपके कार्ड का सीवीवी किसी के साथ शेयर ना करें।





# पेपर बैग फेंकने की बजाय बच्चों के लिए बनाएं ये 3 चीजें

**पेपर बैग पर आसानी से कस्टम डिजाइन, लोगो और ब्रांडिंग की जा सकती है। इससे आप बच्चों की खेलने की चीजें बनाने के साथ-साथ उनके लिए डेकोरेटिव आइटम्स भी बना सकते हैं।**

प्लास्टिक बैग की तुलना में पेपर बैग मिट्टी में आसानी से मिल जाते हैं। यह वातावरण को नुकसान नहीं पहुंचाते। आप चाहे, तो इसे खुद ट्राइ भी कर सकते हैं। अगर आप एक प्लास्टिक की थैली को गार्डन में पत्थर के नीचे रखते हैं और वहीं उसके साइड में पेपर को पत्थर के नीचे रखते हैं। बारिश होने के बाद जब आप दोनों को देखने जाएंगे, तो प्लास्टिक वैसे का वैसे ही होगा। लेकिन पेपर का हाल खराब हो गया होगा। अगर आप उसे अपने हाथों या पैरों से मिट्टी पर रगड़ेंगे, तो वह पूरी तरह से मिट्टी में मिल जाएगा। लेकिन प्लास्टिक के साथ ऐसा नहीं होगा। इसलिए पेपर बैग का इस्तेमाल अब लोग ज्यादा करने लगे हैं। अगर आप इन पेपर बैग्स को फेंकना नहीं चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके काम आएगा। आज के इस आर्टिकल में हम आपको पेपर बैग से कुछ ऐसी चीज बना सकते हैं, जो बच्चों को पसंद आएगा।

## पेपर बैग पपेट्स

बच्चे हर दिन नए-नए खिलौनों की जिद करते हैं। लेकिन बजट अच्छा नहीं होने की वजह से बच्चों की हर जिद पूरी नहीं की जा सकती। अगर आपके बच्चे छोटे हैं, तो आप अपने बच्चों के लिए घर पर ही पेपर बैग से चीजें बना सकते हैं। आप घर पर ही इससे पपेट्स बना सकते हैं। बच्चों को यह बहुत पसंद आएगा।

- इसके लिए आपको कलरफुल पेपर, गोंद, अलग-अलग रंग के मार्कर और कटआउट्स चाहिए होंगे।
- आप कटआउट्स की जगह आंखे और मुंह बनाने के लिए बटन का इस्तेमाल कर सकते हैं।
- इसके लिए आप सबसे पहले पेपर बैग को उल्टा करके एक पपेट के रूप में तैयार करें।
- आप इसमें भालू, टेडी बियर या डॉल का डिजाइन बना सकते हैं।
- इसके बाद आप इसकी कटिंग करके रंगीन पेपर, गोंद, और मार्कर का उपयोग करके सजा लें।
- इसमें बच्चे अपनी पसंदीदा चीजे संभालकर रखेंगे। इसके अलावा आप इसे अपनी अलमारी में सजाकर भी रख सकते हैं।

## पेपर बैग से बच्चों के लिए कलर बुक तैयार करें

- अगर बच्चे छोटे है, तो आप उनके लिए कलर बुक तैयार कर सकते हैं।
- पेपर बैग को छोटे टुकड़ों में काटें और इन्हें बुकमार्क्स के आकार में बनाएं।
- आप इसे अलग-अलग आकार में भी काट सकते हैं।
- जैसे आप गोल या त्रिभुज आकार बनाएं, इसके बाद इसे अलग-अलग रंग कर दें।
- बच्चों को अगर कलर समझने में परेशानी होती है, तो खेल-खेल में वह सीख जाएंगे।
- इसे आप अकेले न बनाएं। आप बच्चों की मदद से इसे बनाएं।





**ज़िंदगी में दोस्ती का होना अपने आप में एक सुकून है। एक ऐसा इंसान जीवन में होता है जिससे आप खुलकर बात कर सकते हैं या जिसके साथ हंस सकते हैं। दोस्ती का फ़ायदा केवल यहीं तक सीमित नहीं है। यह रिश्ता हमें शारीरिक और मानसिक रूप से भी अच्छा महसूस कराता है।**

# दोस्तों के साथ समय बिताने से होते हैं सेहत को कई फायदे

## संतुष्टि महसूस होती है

शोध बताता है कि दोस्त होने से जीवन में संतुष्टि महसूस होती है। यह आपको दूसरों पर भरोसा करने और सकारात्मक दृष्टिकोण रखने के लिए प्रोत्साहित करता है, जिससे जीवन का आनंद लेने की संभावना बेहतर होती है। दोस्तों से मुलाकात कभी-कभार हो तो जीवन की संतुष्टि 69 फीसदी तक कम हो सकती है। सप्ताह में एक से ज्यादा बार दोस्तों से मिलने से संतुष्टि महसूस होती है और ज़िंदगी का आनंद बेहतर तरीक़े से ले पाते हैं।

## तनाव और उलझन कम होती है

एक अध्ययन के अनुसार दोस्ती तनाव और उलझन के स्तर को कम करती है। किशोरावस्था में करीबी दोस्त होने से वयस्कता के दौरान मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है। वयस्क अवस्था में भी दोस्त की मौजूदगी मन को स्वस्थ रखती है।

## मस्तिष्क को मज़बूती मिलती है

2019 का एक शोध बताता है कि दोस्त और उसका संबल संज्ञानात्मक कार्यप्रणाली में सुधार करता है। दोस्ती से मानसिक तौर पर स्थिरता आती है जिसका फ़ायदा वृद्धावस्था में मिलता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, दोस्त होने से स्मरण क्षमता में सुधार होता है।

## अकेलापन दूर होता है

दोस्त होने से अकेलेपन की भावना कम होती है। अकेलापन अवसाद बढ़ाता है और अन्य मानसिक व शारीरिक समस्याएं होने लगती हैं। अध्ययन के अनुसार, मित्रता समर्थन और आत्मीयता की भावना लाती है।

## फिटनेस पर पड़ता है असर

दोस्तों के साथ व्यायाम करने से ज्यादा फिट रहा जा सकता है। 2017 का एक अध्ययन बताता है कि जो लोग दोस्तों के साथ एक्सरसाइज़ करते हैं उनमें तनाव का स्तर कम पाया जाता है। ऐसे लोगों ने शारीरिक और मानसिक रूप से भी खुद को स्वस्थ पाया।

## सहारा भी है दोस्ती

ज़िंदगी में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं, जैसे नौकरी जाना, पारिवारिक समस्या या आर्थिक तनाव आदि। इन चुनौतियों का सामना करने में दोस्ती मदद करती है।

## उद्यान विभाग, कोरिया कर्मचारी प्रदीप कुमार वाडिवा अनाधिकृत अनुपस्थित

**कोरिया** - कार्यालय सहायक संचालक, उद्यान विभाग, जिला कोरिया द्वारा जारी सूचना के अनुसार विभाग में पदस्थ सहायक ग्रेड-३ कर्मचारी श्री प्रदीप कुमार वाडिवा १७ मार्च २०२५ से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित हैं। वरिष्ठालय के निदेशानुसार कर्मचारी की अनुपस्थिति के संबंध में सूचना पत्र जारी की जा रही है। जिला उद्यानिकी विभाग की ओर से जारी अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि यदि श्री वाडिवा सूचना प्रकाशित होने की तिथि से एक सप्ताह के भीतर कार्यालय में उपस्थित नहीं होते हैं, तो उनके विरुद्ध पेंशन नियम १९७६ के नियम २७, मूलभूत नियम १७(ए), छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम १९६५ के नियम ७, एवं वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील नियम १९६६ के अंतर्गत सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जाएगी। यह अधिसूचना संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी, नवा रायपुर अटल नगर से प्राप्त निर्देशों के आधार पर जारी की गई है। सहायक संचालक, उद्यान विभाग, बैकुण्ठपुर ने संबंधित कर्मचारी से अपील की है कि वह नियत समयावधि में कार्यालय में उपस्थिति दर्ज कर आवश्यक स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें, अन्यथा नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### न्यूज गैलरी

## नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार



**मनेन्द्रगढ़ (अम्बिकावाणी समाचार)।** घर के बाहर खेल रही बच्ची का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई है। मामले में मनेंद्रगढ़ पुलिस ने बच्ची को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। 1 जून को प्रार्थी ने सिटी कोतवाली मनेंद्रगढ़ में उपस्थित होकर इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी 6 वर्षीय बच्ची कक्षा पहली में पढ़ती है। 1 जून की शाम 6 बजे उसके घर के पास कुछ दूरी पर रखे रेत पर वह अपनी बहन के साथ खेल रही थी, तभी कोई अज्ञात व्यक्ति साइकिल से वहां आया और बच्ची को समोसा खिलाउंगा कहकर बहला-फुसलाकर पीठ पर बैठाकर अपहरण कर ले गया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की विशेष अलग-अलग टीम का गठन किया गया। 11 घंटे के भीतर अपहृत बालिका को उसके घर से लगभग 2 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम सिकटापारा स्थित जंगल में परसा पेड़ के पास से आरोपी के कब्जे से बरामद किया गया। आरोपी से पूछताछ करने पर उसने अपहृत बालिका के साथ दुष्कर्म किए जाने की बात स्वीकार की। आरोपी के विरूद्ध धारा 65(2), 87 बीएनएस व पॉस्को एक्ट की धारा 4 जोड़ी गई। पुलिस द्वारा विवेचना उपरांत आरोपी 40 वर्षीय जनक राजा उर्फ गदे पिता सुखु चेरवा निवासी सिंचोरा स्कूलपारा प्रतापपुर रोड थाना राजपुर जिला बलरामपुर के विरूद्ध अपराध सबूत पाए जाने पर 2 जून को गिरफ्तार कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## नाबालिग को भगाकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार



**मनेन्द्रगढ़ (अम्बिकावाणी समाचार)।** नाबालिग को भगाकर उसके साथ दुष्कर्म किए जाने की घटना सामने आई है। मामले में केल्हारी पुलिस ने आरोपी को 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। 30 मई 2025 को प्रार्थिया ने केल्हारी थाना में उपस्थित रिपोर्ट दर्ज कराई कि 23 मई को वह अपने रिश्ते के भाई सुसेन सिंह ग्राम आमादमक के घर शादी में अपनी नाबालिग बेटी और बेटा के साथ गई थी। शादी का कार्यक्रम चल रहा था, इस बीच रात करीब 11 बजे उसकी नाबालिग बेटी अचानक कहीं चली गई। घर में आसपास पता करने पर उसका कहीं पता नहीं चला। दूसरे दिन नजदीकी रिश्तेदारों एवं आसपास के गांवों में भी पतासाजी की गई, लेकिन कोई पता नहीं चल सका। रिपोर्ट पर पुलिस टीम गठित कर अपहृत बालिका की पतासाजी शुरू की गई। पुलिस द्वारा 48 घंटे के भीतर अपहृत बालिका को आरोपी अजय सिंह के कब्जे से मनेंद्रगढ़ थानांतर्गत ग्राम बेलबहरा से बरामद किया गया। महिला पुलिस अधिकारी से अपहृत बालिका का कथन कराने पर उसने साथ आरोपी के द्वारा दुष्कर्म किया जाना बताया। पुलिस द्वारा प्रकरण में धारा 64(ड), 65(1) बीएनएस एवं 4,6 पाक्सो एक्ट जोड़ा गया। प्रकरण के आरोपी केल्हारी थानांतर्गत ग्राम डिहुली निवासी 21 वर्षीय अजय सिंह गोंड़ पिता रघुनाथ को 1 जून को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया है।

## संविधान बचाओ अभियान: कोरिया जिले में कांग्रेस का घर-घर जागरूकता अभियान जारी



**कोरिया बैकुंठपुर** - अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर संविधान बचाओ अभियान के तहत कांग्रेस पार्टी द्वारा ४० दिवसीय राष्ट्रव्यापी जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कोरिया जिले में यह अभियान जोरशोर से चलाया जा रहा है, जहां पूर्व विधायक के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता गांव-गांव और कस्बों में घर-घर जाकर नागरिकों को भारतीय संविधान के अधिकारों के प्रति जागरूक कर रहे हैं। इस अभियान के तहत ग्रामीणों को संविधान की मूल भावना, लोकतांत्रिक अधिकारों तथा उनके संरक्षण के बारे में विस्तारपूर्वक बताया जा रहा है। अंबिका सिंह देव ने इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, और हमारा संविधान हमें न केवल अधिकार देता है, बल्कि अन्याय और अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने की शक्ति भी प्रदान करता है। हर नागरिक को अपने संवैधानिक अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए। अभियान के दौरान तरगवां, पसला पंचायत सहित अनेक गांव और पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहाँ स्थानीय नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें संविधान के महत्वपूर्ण प्रावधानों, जैसे – अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, समानता का अधिकार, धर्म की स्वतंत्रता, और शिक्षा के अधिकार – से अवगत कराया गया। इस घर-घर अभियान में महामंत्री बृजवासी तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेसी मुख्तार अहमद, धीरज सिंह एवं कांग्रेस के कार्यकताओं ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए संविधान की प्रतियां वितरित कीं और लोगों से अपील की कि वे लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका निभाएँ।

# डीएमएफ की बैठक संपन्न, प्रस्तावित 261 कार्यों पर खर्च होंगे 2712.43 करोड़ रूपए



**मनेन्द्रगढ़ (अम्बिकावाणी समाचार)।** जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, भरतपुर-सोनहत विधायक रेणुका सिंह, चिरमिरी महापौर रामनरेश राय, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंती सिंह, नगर पालिका परिषद मनेंद्रगढ़ की अध्यक्ष प्रतिमा यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि और जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कुल 261 कार्यों को प्रस्तावित किया गया जिनमें उच्च प्राथमिकता के 181 तथा अन्य प्राथमिकता के 80 कार्य शामिल हैं। इन कार्यों पर लगभग 2,712.43 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी। बैठक में उच्च प्राथमिकता के तहत पेयजल आपूर्ति से संबंधित 20 कार्यों को स्वीकृति दी गई, जिनमें जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र एवं कन्या छात्रावासों में ओएचटी मोटर, सोलर पंप, नलकूप खनन, पाइपलाइन स्थापना जैसे कार्य कराए जाएंगे। स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में 9 कार्यों को स्वीकृत किया गया है, जिनमें पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी की संविदा अवधि में वृद्धि, इलेक्ट्रिकल केबल व पैनल इंस्टॉलेशन, लैब, टेक्नीशियन, दंत चिकित्सक, सोलर पावर प्लांट तथा डॉर्मेट्री निर्माण जैसे कार्य सम्मिलित हैं। पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण के लिए 2 कार्यों को मंजूरी दी गई है जबकि सतत जीविकोपार्जन के लिए 7 कार्यों को स्वीकृत किया गया है। स्वच्छता क्षेत्र के 10 कार्यों में सामुदायिक भवन, शौचालय, बिजली कार्य, जीर्णोद्धार, महतारी सदन और एसबीएम ग्रामीण पेयजल व्यवस्था जैसी योजनाएं सम्मिलित हैं। कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के लिए 28 कार्यों की योजना बनाई गई है, जिनमें मनरेगा के तहत डबरी निर्माण, सामुदायिक मुर्गी पालन, बकरी पालन, सामुदायिक कुआं निर्माण, सामुदायिक बकरी शेड, सूअर पालन केंद्र, पोल्ट्री शेड, बकरी आश्रय शेड, चेक डेम, स्टॉप डेम की मरम्मत तथा पशु संवर्धन के अंतर्गत कृत्रिम गभार्धान हेतु तरल नत्रजन एवं सीमेन स्ट्रॉ जैसी गतिविधियां शामिल हैं। महिला एवं बाल कल्याण के अंतर्गत 2 कार्य योजनाएं बनाई गई हैं, जिनमें स्वयं के भवन में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में बिजली व्यवस्था और महिला क्लस्टर संगठन हेतु सामुदायिक भवन निर्माण का कार्य सम्मिलित है। कौशल विकास एवं रोजगार के लिए 1 कार्य को स्वीकृति दी गई है। शिक्षा विभाग के लिए 102 कार्ययोजनाएं प्रस्तावित की गई हैं जिनमें प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाओं में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, कक्ष मरम्मत, शौचालय निर्माण, कॉलेज व स्कूलों की छज्जा एवं खिड़कियों की विशेष मरम्मत, जीर्णोद्धार, पीएलसी बैठक कक्ष, शिक्षकों का प्रशिक्षण, कंप्यूटर कक्ष एवं लैब टेबल की स्थापना जैसी योजनाएं शामिल हैं। अन्य प्राथमिकता कार्यों के अंतर्गत ऊर्जा और जल विभाजक विकास के लिए 21 कार्यों की योजना है, जिसमें आईटीआई भवन और बालक छात्रावासों में रिवायरिंग, विद्युतीकरण, इन्वर्टर प्रदाय, स्थापना निर्माण, एरिया लाइटिंग, नेटवर्किंग और रिचार्जेबल एलईडी शामिल हैं। सिंचाई के लिए 12 कार्यों की योजना बनाई गई है। जिसमें नालों में चेक डैम, पक्के चेक डेम और एनीकट निर्माण का समावेश किया गया है। भौतिक अधोसंरचना के लिए 46 कार्यों की योजना में धान खरीदी केंद्रों पर अतिरिक्त कक्ष निर्माण, शालाओं में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, सिटी परियर लाइब्रेरी, शेड, साइकिल व कार स्टैण्ड, गोदामों का जीर्णोद्धार, मीटिंग हॉल, वीडियो कॉन्फ्रेंस, चेन लिंक फेंसिंग, और गोदाम निर्माण शामिल हैं। प्रशासनिक व्यवस्था सुधार हेतु भी विशेष कार्ययोजना बनाई गई है।

**निष्पक्ष व पारदशीपूर्ण हो युक्तियुक्तकरण - मंत्री जायसवाल**

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जल संसाधन विभाग को निर्देशित किया कि बारिश के बाद जलाशयों में जल प्रबंधन के व्यापक उपाय सुनिश्चित किए जाएं ताकि फसलों के लिए जल की उपलब्धता बनी रहे। उन्होंने स्कूलों के युक्तियुक्तिकरण की प्रक्रिया को निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने, विद्युत विभाग को लो वोल्टेज की समस्या के निराकरण हेतु विस्तार की योजना तैयार करने और एसईसीएल क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत कराने के निर्देश दिए।

**पीएम किसान निधि एवं सहकारी बैंक में गड़बड़ी की जांच हो - विधायक रेणुका**

भरतपुर-सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने भरतपुर क्षेत्र में हो रही अवैध वनों की कटाई पर रोक लगाने के निर्देश दिए तथा मुख्यमंत्री आवास योजना और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निमार्णाधीन आवासों को शीघ्र पूर्ण करने को कहा। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि में हो रही गड़बड़ी एवं जिला सहकारी बैंक में किसानों के साथ हो रहे गड़बड़ी की भी जांच करने के लिए निर्देशित किया।

# सुदूर वनांचल की दीदियां बनीं मिसाल

## लटमा गांव में प्लास्टिक कचरे से कमा चुकीं 80 हजार रुपए

### स्वच्छता मिशन के तहत महिलाओं को मिला रोजगार, पर्यावरण की भी हो रही रक्षा




**कोरिया बैकुंठपुर** / कोरिया जिले के सोनहत जनपद के सुदूर वनांचल ग्राम पंचायत लटमा की महिलाएं अब प्लास्टिक कचरे से कमाई कर रही हैं। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत स्थापित प्लास्टिक कचरा प्रबंधन इकाई से अब तक २३ टन प्लास्टिक कचरे का संग्रहण किया गया है, जिसमें से १२ टन कचरे को प्रोसेस कर रीसाइक्लिंग के लिए बेच दिया गया है। इससे ८० हजार रुपए की आमदनी हो चुकी है।

इस योजना का संचालन ग्राम की स्व सहायता समूह की चार महिलाओं द्वारा किया जा रहा है, जिन्हें स्थानीय लोग अब च्स्वच्छता दीदीज के नाम से जानते हैं। न केवल उन्होंने रोजगार पाया है, बल्कि ग्राम पंचायत को भी ५,००० रुपए की आमदनी हुई है।

**कबाड़ से कमाई,**

जनपद पंचायत सोनहत की सभी ४२ ग्राम पंचायतों से प्लास्टिक कचरे का संग्रहण किया जाता है। इसके लिए ६ रूट तैयार किए गए हैं। हाट-बाजार, ढाबा, होटल, दुकान और पर्यटन स्थलों से प्लास्टिक एकत्र कर लटमा स्थित केंद्र में लाया जाता है। यहां कचरे को प्रोसेस कर रीसाइक्लिंग के योग्य बनाया जाता है। प्रसंस्कृत प्लास्टिक को श्याम ट्रेडर्स (कोरबा) और जायसवाल ट्रेडर्स (चिरमिरी) जैसी कंपनियों को बेचा जा रहा है। इसके साथ ही स्थानीय कबाड़ियों को भी यूनिट से जोड़ा गया है, जिससे विक्रय प्रक्रिया को और गति मिली है।

**गांधी जयंती पर हुई थी शुरूआत, अब बन रहा मॉडल,**

इस केंद्र की शुरूआत २ अक्टूबर २०२४ को गांधी जयंती के अवसर पर की गई थी। इसका संचालन पीपीपी मॉडल के तहत किया जा रहा है। केंद्र की प्रोसेसिंग क्षमता २ टन प्रतिदिन है। अब-तक यहां से ९ टन प्लास्टिक बेचा जा चुका है, जबकि ३ टन स्टॉक में रखा गया है, जिसे जल्द ही विक्रय किया जाएगा।

**महिलाओं को मिला आत्मनिर्भरता का रास्ता,**

इस पहल से स्वच्छता दीदियों को १२,००० रुपए तक का सीधा लाभ मिला है। प्लास्टिक विक्रय से अन्य पंचायतों की महिलाओं को भी लाभ हो रहा है। यह पूरी प्रणाली एक सतत और लाभकारी मॉडल के रूप में उभर रही है, जिसे जिले के अन्य ग्राम पंचायतों में भी लागू करने की तैयारी है।

## मनेंद्रगढ़ कप क्रिकेट टूनार्मेंट में सरदार पटेल वार्ड क्र. 1 चैम्पियन



**मनेन्द्रगढ़ (अम्बिकावाणी समाचार)।** मनेंद्रगढ़ कप क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल मैच शहर के मिनी स्टेडियम में खेला गया। 15 दिनों तक चले प्रतियोगिता में वार्ड क्र. 1 की टीम विजेता रही। प्रेसीडेंट क्लब द्वारा आयोजित मनेंद्रगढ़ कप के फाइनल मैच के मुख्य अतिथि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष चंपा देवी पावले, नगर पालिका मनेंद्रगढ़ की अध्यक्ष प्रतिभा यादव एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष सरजू यादव रहे। फाइनल मैच वार्ड क्रमांक 1 व 4 के बीच खेला गया। वार्ड क्रमांक 4 की टीम ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण चुना। पहले बल्लेबाजी करते हुए वार्ड क्रमांक 1 की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 5 विकेट खोकर 155 रन बनाए। 156 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वार्ड क्रमांक 4 की पूरी टीम 129 रन बनाकर आल आउट हो गई। इस तरह वार्ड क्रमांक 1 ने 26 रनों से फाइनल मैच जीत कर मनेंद्रगढ़ कप अपने नाम कर लिया। विजेता व उप विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ अन्य पुरस्कार प्रदान किए गए। मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार वार्ड क्र. 1 के खिलाड़ी मो. आमिर को दिया गया। वहीं बेस्ट बॉलर विक्की रोहणी, बेस्ट बैट्समैन मो. आमिर, बेस्ट फिल्डर मो. सैफ एवं बेस्ट आल राउंडर पवन महंत को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता आशीष सिंह ने किया। समापन समारोह को सफल बनाने में प्रेसीडेण्ट क्लब के सुरजीत सिंह रैना, हरीश गुप्ता, नरेन्द्रजीत सिंह रैना, स्वप्निल, सिन्हा, अमित चावड़ा, आशीष गौतम, अजय सिंह, प्रकाश त्रिपाठी, गगनदीप सिंह, गोलू रैना, भूपेंद्र भंडारकर, शुभम सिंह, पीयूष गुप्ता, महेंद्र चंदेल, राजेश सिन्हा, राम केशरवानी एवं विशाल जायसवाल आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

## अग्निवीर योजना पर वायुसेना अधिकारियों द्वारा सेमिनार आयोजित

**भर्ती प्रक्रिया, करियर संभावनाओं और वित्तीय पैकेज की दी गई जानकारी क्विज प्रतियोगिता में छात्रों की भागीदारी**



**कोरिया बैकुंठपुर।** भारतीय वायुसेना के अधिकारियों द्वारा जिले के उच्च शिक्षण संस्थानों में अग्निवीर योजना के तहत कैरियर निर्माण एवं भर्ती प्रक्रिया को लेकर जागरूकता सेमिनारों की श्रृंखला प्रारंभ की गई है। इस कड़ी में आज आईटीआई बैकुंठपुर और आईटीआई कटघोड़ी के संयुक्त सेमिनार का आयोजन हुआ, जिसमें लाइवलीहुड कॉलेज कोरिया के छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए।

कार्यक्रम में वायुसेना से रोहित एवं सुशांत सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस सम्पूर्ण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी, डिप्टी कलेक्टर उमेश पटेल को बनाया गया है। कार्यक्रम में जिला साक्षरता मिशन के परियोजना अधिकारी एवं लाइवलीहुड कॉलेज के प्राचार्य भी मंचासीन रहे। करीब २१० छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में श्री सुशांत सिंह ने अग्निवीर योजना के अंतर्गत भर्ती प्रक्रिया, सेवा शर्तें, प्रशिक्षण और वित्तीय लाभों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना में १२वीं पास १७.५ से २१ वर्ष आयु वर्ग के युवक- युवतियां वर्ष में दो बार आवेदन कर सकते हैं।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागी छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेता छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम २ जून से ५ जून तक जिले के अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों में भी आयोजित किया जाएगा।

## जिले में 'मोर गांव मोर पानी' महाभियान का क्लस्टरवार प्रशिक्षण प्रारंभ

**कोरिया बैकुंठपुर** - मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रदेशभर में शुरू किए गए च्मोर गांव मोर पानीज जल संरक्षण महाभियान का कोरिया जिले में चरणबद्ध क्रियान्वयन जारी है। इसी कड़ी में आज से जिले की दोनों जनपद पंचायतों बैकुण्ठपुर व सोनहत में क्लस्टरवार प्रशिक्षण सत्रों की शुरूआत हुई। यह प्रशिक्षण आगामी ६ जून २०२५ तक चलेगा, जिसमें ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों और मैदानी अमले को जल संरक्षण की बारीकियों से अवगत कराया जा रहा है। सोनहत जनपद पंचायत के सभागार में आयोजित प्रशिक्षण में कटगोड़ी क्लस्टर के सभी सरपंच, पंच, ग्राम सचिव, रोजगार सहायक व बिहान से जुड़ी महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष श्रीमती आशा देवी सोनपाकर ने की। इसी तरह बैकुण्ठपुर जनपद पंचायत के अंतर्गत पोड़ी बचरा क्लस्टर की ३३ पंचायतों के प्रतिनिधियों को जनपद सीईओ की उपस्थिति में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मोर गांव मोर पानी अभियान की संकल्पना, उद्देश्यों और क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी गई। सोनहत एवं बैकुण्ठपु मास्टर ट्रेनरो ने प्रशिक्षण का संचालन किया।

# जिले के गांवों में शुरू हुआ 'विकसित कृषि संकल्प अभियान'

### 12 जून तक चलने वाले अभियान में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन और मधुमक्खी पालन पर मिल रही प्रशिक्षण



**कोरिया बैकुंठपुर** - भारत सरकार के महत्वपूर्ण च्विकसित कृषि संकल्प अभियानज को जिले के विभिन्न ग्रामों में २९ मई से १२ जून तक चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाना, कृषि को व्यवसायिक रूप देना तथा किसानों की आय को दोगुना करने के प्रयासों को साकार करना है। इस अभियान के तहत कृषि, उद्यानिकी, पशु चिकित्सा, कृषि विज्ञान केंद्र (के.वी.के.) एवं एग्रोटेक विभागों के विशेषज्ञों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाए जा रहे हैं। शिविरों के माध्यम से किसानों को समन्वित कृषि प्रणाली के लाभों, जल संरक्षण, पौध रोपण, आधुनिक कृषि तकनीक और प्रसंस्करण विधियों की जानकारी दी जा रही है।

**समन्वित कृषि प्रणाली को बढ़ावा,**

शिविरों में किसानों को बताया जा रहा है कि पारंपरिक धान की खेती के अलावा सब्जियां, फल, फूल, दलहन, तिलहन, कोदो-कुटकी, रागी, सावां आदि फसलों की भी वैज्ञानिक पद्धति से खेती कर अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। इसके अलावा मत्स्य पालन, पशुपालन और मधुमक्खी पालन जैसे गतिविधियों को भी अपनाने पर जोर दिया जा रहा है।

**मधुमक्खी पालन बना रहा है नया विकल्प,**

विशेष रूप से भूमिहीन कृषकों के लिए मधुमक्खी पालन को एक नया आय का स्त्रोत बताया गया है। के.वी.के. और उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन में ग्रामीणों को मधुमक्खी पालन की प्रक्रिया, उपकरण, विपणन और शासन की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

अभियान के दौरान कृषि वैज्ञानिकों ने ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें फसल विविधीकरण, प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना और जैविक खेती जैसे विषयों पर भी प्रशिक्षित कर रहे हैं। यह अभियान किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और खेती को लाभकारी व्यवसाय में बदलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। जिला प्रशासन और कृषि विभाग ने ग्रामीणों से अनुरोध किया है कि वे इन शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर आधुनिक कृषि प्रणाली को अपनाएं और अपनी आर्थिक समृद्धि की ओर कदम बढ़ाएं।

**न्यायालय तहसीलदार मनेन्द्रगढ़, जिला - मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)**
**//इश्तहार//**

सर्व साधारण ग्राम सिरयाखोह तहसील - मनेन्द्रगढ, जिला - मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ एवं प्रकाशन किया जाता है कि आवेदक शिव प्रसाद निवासी सिरियाखोह द्वारा अपनी माता रनिया बाई जिसकी मृत्यु दिनांक 16/06/2024 को स्थान सिरियाखोह में होना बताकर मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किया है। इस संबंध में अगर किसी को कोई आपत्ति है तो दिनांक 09/06/2025 तक इस न्यायालय में दावा आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद कोई भी दावा आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के साथ आज दिनांक 23/05/2025 को जारी किया गया।

तहसीलदार
मनेन्द्रगढ़
जिला - मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार मनेन्द्रगढ़, जिला - मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)**
**//इश्तहार//**

सर्व साधारण ग्राम परसगढ़ी तहसील - मनेन्द्रगढ़/केल्हारी, जिला - मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ एवं प्रकाशन किया जाता है कि आवेदक नर्बदा बियार निवासी परसगढ़ी द्वारा अपनी बहन भानमती जिसकी मृत्यु दिनांक 06/10/2009 को स्थान परसगढ़ी में होना बताकर मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किया है। इस संबंध में अगर किसी को कोई आपत्ति है तो दिनांक 09/06/2025 तक इस न्यायालय में दावा आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद कोई भी दावा आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के साथ आज दिनांक 23/05/2025 को जारी किया गया।

तहसीलदार
मनेन्द्रगढ़
जिला - मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार मनेन्द्रगढ़, जिला - मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)**
**//इश्तहार//**

सर्व साधारण ग्राम सिरयाखोह तहसील - मनेन्द्रगढ, जिला - मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ एवं प्रकाशन किया जाता है कि आवेदक देव सिंह निवासी सिरियाखोह द्वारा अपने पिता देव लाल जिसका मृत्यु दिनांक 05/12/2024 को स्थान सिरियाखोह में होना बताकर मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किया है। इस संबंध में अगर किसी को कोई आपत्ति है तो दिनांक 09/06/2025 तक इस न्यायालय में दावा आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद कोई भी दावा आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के साथ आज दिनांक 23/05/2025 को जारी किया गया।

तहसीलदार
मनेन्द्रगढ़
जिला - मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार मनेन्द्रगढ़, जिला - मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)**
**//इश्तहार//**

सर्व साधारण ग्राम सिरयाखोह तहसील - मनेन्द्रगढ, जिला - मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ एवं प्रकाशन किया जाता है कि आवेदक मंगल सिंह निवासी सिरियाखोह द्वारा अपने पिता प्रेम लाल जिसका मृत्यु दिनांक 01/02/2025 को स्थान सिरियाखोह में होना बताकर मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किया है। इस संबंध में अगर किसी को कोई आपत्ति है तो दिनांक 09/06/2025 तक इस न्यायालय में दावा आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद कोई भी दावा आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के साथ आज दिनांक 23/05/2025 को जारी किया गया।

तहसीलदार
मनेन्द्रगढ़
जिला - मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)

## मई में होंडा की घरेलू बिक्री और निर्यात में आई गिरावट

नईदिल्ली, 02 जून। जापानी कार निमार्ता होंडा ने 2 जून को मई के मासिक बिक्री आंकड़े जारी किए हैं। सेल्स रिपोर्ट के अनुसार, उसने इस अवधि में कुल (घरेलू और निर्यात) 5,985 गाडि ?ं बेची हैं।

इसकी तुलना में पिछले साल इसी महीने में कुल 11,343 गाडि ?ं बेची थी।

पिछले महीने घरेलू बिक्री 3,950 रही है, जबकि 2,035 कारों का निर्यात किया गया। इसकी तुलना में मई, 2024 के दौरान घरेलू बिक्री 4,822 और निर्यात 6,521 रहा था।

मासिक आधार पर तुलना की जाए तो मई के कुल बिक्री आंकड़े थोड़े बेहतर रहे हैं।



# पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को हराकर फाइनल में बनाई जगह, अब आरसीबी से होगा खिताबी मुकाबला

## 0-श्रेयस ने खेली तूफानी पारी



**अहमदाबाद,02 जून।** पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को क्वालीफायर-2 में 5 विकेट हराकर आईपीएल 2025 के फाइनल में जगह बना ली है. अब पंजाब किंग्स 3 जून को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के साथ अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन का फाइनल खेलती हुई नजर आएगी. जबकि इस हार के साथ मुंबई इंडियंस का आईपीएल 2025 का सफर खत्म हो गया है. इस पूरे सीजन शानदार प्रदर्शन करने वाली मुंबई क्वालीफायर 2 से आगे नहीं बढ़ पाई है.

इस मैच में जीत का पूरा श्रेय पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर को जाता है. श्रेयस तीसरे ओवर में क्रीज पर आ गए और उन्होंने 19 ओवर के अंत तक क्रीज पर रहते हुए अपनी टीम को जीत दिलाई और फाइनल में पहुंचा दिया. इसके साथ ही पंजाब ने 11 साल बाद आईपीएल के फाइनल में जगह बनाई है. आईपीएल 2014 के बाद अब पंजाब आईपीएल 2025 में अपना दूसरा फाइनल खेलती हुई नजर आएगी.

इस शानदार प्रदर्शन के लिए वह प्लेयर ऑफ द मैच भी चुने गए. इसके साथ ही श्रेयस अय्यर पहले ऐसे कप्तान बन गए हैं जिन्होंने आईपीएल के इतिहास में 3 टीमों को फाइनल में पहुंचाया है. उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स, कोलकाता नाइट राइडर्स और अब पंजाब किंग्स को आईपीएल के फाइनल में पहुंचा दिया है. वो अपनी कप्तानी में केकेआर को 2024 का विनर भी बना चुके हैं.


इस मुकाबले में टॉस गंवाने के बाद मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते 20 ओवर 6 विकेट खोकर 203 रन बनाए. पंजाब किंग्स 19 ओवर में 5 विकेट खोकर सिर्फ 207 रन बनाकर 6 बॉल बाकी रहते हुए 5 विकेट से जीत दर्ज कर आईपीएल 2025 के फाइनल में धमाकेदार एंट्री मारी है. इस मैच में पंजाब किंग्स के लिए कप्तान श्रेयस अय्यर ने अहम योगदान दिया.

मुंबई इंडियंस से जीत के लिए मिले 204 रनों के लक्ष्य का पीछा करने के लिए पंजाब किंग्स की ओर से पारी की शुरूआत करने के लिए प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह आए. प्रभसिमरन 6 और प्रियांश 20 रन बनाकर पवेलियन लौट गए. पंजाब के लिए जोस इंग्लिस ने 21 बॉल में 5 चौके और 2 छक्कों के साथ 38 रनों की पारी खेली. पंजाब को जीत दिलाने में कप्तान श्रेयस अय्यर और नेहाल वढेरा के बीच तीसरे विकेट के लिए 84 रनों की साझेदारी अहम रही.

टीम के लिए नेहाल ने 29 बॉल में 4 चौके और 2 छक्कों के साथ 49 रनों की पारी खेली. कप्तान श्रेयस ने 87 रनों की नाबाद पारी खेलते हुई टीम को जीत दिला दी. अय्यर ने अश्विनी कुमार की बॉल पर छक्का लगाकर पंजाब को जीत दिलाई और फाइनल का टिकट पक्का कर लिया. अय्यर ने 41 बॉल में 5 चौके और 8 छक्कों की मदद से 212.19 की स्ट्राइक रेट के साथ 87 रनों की पारी खेली. मुंबई के लिए ट्रेंट बोल्ड और हार्दिक पांड्या ने 1-1 विकेट लिया जबकि अश्विनी कुमार ने 2 विकेट चटकाए.

इससे पहले रोहित शर्मा और जॉनी बेयरस्टो मुंबई के लिए पारी की शुरूआत की थी. रोहित 7 बॉल में 8 रन बनाए और जॉनी बेयरस्टो ने 24 बॉल में 3 चौके और 2 छक्कों के साथ 38 रन बनाए. सूर्यकुमार यादव ने 26 बॉल में 4 चौके और 3 छक्कों के साथ 44 रनों का योगदान दिया और तिलक वर्मा ने 29 बॉल में 2 चौके और 2 छक्कों की मदद से 44 रनों की पारी खेली. इनके अलावा मुंबई के लिए नमन धीर ने 18 बॉल में 7 चौकों के साथ 37 रन और राज बाबा ने 8 रन बनाए. जबकि पंजाब किंग्स के लिए मार्कस स्टोइनिस, अजमतुल्लाह उमरजई, काइल जैमीसन, विजयकुमार विशक और युजवेंद्र चहल ने 1-1 विकेट हासिल किया.

# श्रेयस अय्यर ने रचा इतिहास, आईपीएल क्वालीफायर-2 में टूटे 4 बड़े रिकॉर्ड



**0-मुंबई के नाम जुड़ा ये शर्मनाक रिकॉर्ड**

**अहमदाबाद,02 जून।** पंजाब किंग्स ने रविवार, 1 जून को आईपीएल 2025 के क्वालीफायर-2 में मुंबई इंडियंस पर पांच विकेट से हराकर इतिहास रच दिया. इस के साथ प्रीति जिंटा की टीम का फाइनल में पहुंचने का सपना 11 साल बाद साकार हो गया, अब वो पहली बार आईपीएल ट्रॉफी उठाने से महज एक कदम दूर हैं. पीबीकेएस अब 3 जून को ढ्क्करु फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से भिड़ेगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि इस साल लीग को एक नया चैंपियन कौन होगा, क्योंकि 17 साल के आईपीएल इतिहास में पीबीकेएस, आरसीबी और दिल्ली ने एक भी ट्रॉफी नहीं जीत सकी है. अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए आईपीएल 2025 क्वालीफायर 2 में मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 203 रन बनाए थे, जिसको पंजाब ने कप्तान श्रेयस अय्यर की शानदार नाबाद 87 रन की पारी की बदौलत 19 ओवर में ही चेस कर लिया.अय्यर आईपीएल फाइनल में तीन अलग-अलग टीमों की अगुआई करने वाले पहले कप्तान बन गए. इससे पहले अय्यर ने 2020 में दिल्ली कैपिटल्स को फाइनल में पहुंचाया, फिर 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स को फाइनल में पहुंचाया. अब, 2025 में, उन्होंने 2014 के बाद से पंजाब किंग्स को अपने पहले फाइनल में पहुचाया है. कप्तान के रूप में ये अय्यर का लगातार दूसरा फाइनल होगा.

इस मैच में पंजाब किंग्स ने एक और बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया जब उन्होंने आईपीएल प्लेऑफ या नॉकआउट के इतिहास में पहली बार 200 प्लस स्कोर को सफल चेस किया. इसके अलावा आईपीएल इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब मुंबई 200 से ज्यादा रन बनाने के बाद भी हार गई हो. इससे पहले मुंबई कभी भी 200 रन बनाने के बाद हारी नहीं थी.

पंजाब किंग्स आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा बार 200+ स्कोर का सफल चेस करने वाली टीम बन गई. यह आठवीं बार भी था जब उन्होंने ये कारनामा अंजाम दिया.

इस बीच, अहमदाबाद में मुंबई इंडियंस के नाम एक शर्मनाक रिकॉर्ड भी जुड़ गया और वो नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर लगातार छठी बार हार गए. इस मैदान पर उनकी एकमात्र जीत 2014 में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आई थी.

# बेंगलुरु में विराट कोहली के पब के खिलाफ मामला दर्ज, धूम्रपान क्षेत्र न होने का आरोप



**बेंगलुरु ,02 जून।** भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली का बेंगलुरु स्थित लोकप्रिय वन8 कम्यून पब और रेस्तरां फिर से मुश्किलों में फंस गया है।

कब्बन पार्क पुलिस ने पब में धूम्रपान क्षेत्र निर्धारित न करने के आरोप में स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया है।

यह कार्रवाई सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम की धारा 4 और 21 के तहत की गई, जिनमें होटल और रेस्तरां सहित कुछ सार्वजनिक स्थानों धूम्रपान क्षेत्र निर्धारित करना अनिवार्य है।

बेंगलुरु पुलिस के विशेष अभियान के तहत कब्बन पार्क पुलिस के गत शनिवार को पब का औचक निरीक्षण करने के बाद एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई की है।

यह कदम कर्नाटक सरकार द्वारा हुक्का बार पर लगाए गए प्रतिबंध और तंबाकू उत्पाद खरीदने की कानूनी उम्र 21 वर्ष करने के निर्णय के साथ मेल खाता है।

यह कदम राज्य के सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद संशोधन अधिनियम, 2024 के अनुरूप ही उठाया गया है।

यह पहली बार नहीं है जब वन8 कम्यून मुश्किल में फंसा है। पिछले वर्ष जून में पब पर अनुमत समय से अधिक समय तक काम करने का आरोप में मामला दर्ज किया गया था।

## छोटी खबरें

### डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले ऑस्ट्रेलिया के स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने की संन्यास की घोषणा

**नईदिल्ली ,02 जून।** वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 का फाइनल मैच 11 जून से ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच इंग्लैंड के लॉर्ड्स में खेला जाना है. दोनो टीमों ने इसके लिए अपनी तैयारियां भी शुरू कर दी है और उनके बोर्ड ने फाइनल टेस्ट के लिए अपने अपने स्क्वाड का भी ऐलान कर दिया है.मेगा टेस्ट फाइनल से केवल 10 दिन पहले आस्ट्रेलिया के स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने टी20 क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करने के लिए वनडे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर-के सबको चौंका दिया.क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने घोषणा की कि मैक्सवेल ने यह निर्णय भारत और श्रीलंका में होने वाले 2026 टी20 विश्व कप की तैयारी को ध्यान में रखते हुए लिया है. बोर्ड ने यह भी बताया कि मैक्सवेल बिग बैश लीग और अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं. दिलचस्प बात ये है कि मैक्सवेल ने टेस्ट से अभी तक रिटायरमेंट का ऐलान नहीं किया और न ही चयनकर्ता उनके टेस्ट स्क्वाड में शामिल किए जाने पर विचार किया जा रहा है. उन्होंने अब तक कुल 7 टेस्ट मैच खेले हैं.

वनडे से रिटायरमेंट के अपने निर्णय के बारे में एक पॉडकास्ट में बात करते हुए मैक्सवेल ने कहा, 'उन्होंने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के चयनकताओं के अध्यक्ष जॉर्ज बेली से बात की और उन्हें बताया कि वह 2027 के वनडे विश्व कप तक नहीं खेल पाएंगे, इस लिए बोर्ड को आगे के बारे में अभी से सोचना शुरू कर देना चाहिए. इसके अलावा, उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि वह स्वार्थी कारणों से कुछ और श्रृंखला नहीं खेलना चाहते थे और टीम प्रबंधन को अगले वनडे विश्व कप के लिए उनके प्रतिस्थापन की तलाश करने के लिए पर्याप्त समय देना चाहते थे.36 वर्षीय मैक्सवेल ने भारत और श्रीलंका में 2026 में होने वाले टी20 विश्व कप, बिग बैश लीग और अपनी अन्य वैश्विक प्रतिबद्धताओं के लिए अपनी तैयारी को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया है. यानी अब वो सिर्फ टी20 क्रिकेट पर ही फोकस करेंगे. आईपीएल में मैक्सवेल इस साल पंजाब किंग्स के लिए खेल रहे हैं लेकिन चोट के कारण वो बीच मे ही टूर्नामेंट के छोड़कर देश लौट गए थे.

लेकिन वनडे में मैक्सवेल ने कुल 149 मैच खेले हैं जिस में 33.81 की औसत से 3,990 रन बनाए, जिसमें उनके नाम 4 शतक और 23 अर्धशतक शामिल हैं. उनका उच्चतम स्कोर नाबाद 201 रन है, जो उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ 2023 वनडे वर्ल्ड में बनाया था. इसके अलावा वो एक अच्छे ऑफ स्पिनर के रूप में 77 विकेट भी झटके, जिनमें 4 बार चार विकेट हॉल शामिल हैं. वह एक बेहतरीन क्षेत्ररक्षक हैं, उन्होंने इस प्रारूप में 91 कैच भी अपने नाम किए हैं. उनका आखिरी वनडे आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का मैच था, जहां ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल में इंडिया से हार गया था. वह 2015 और 2023 में ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप विजेता टीम का भी हिस्सा थे.

### हीरो के दोपहिया वाहनों की बिक्री 5 लाख के पार

**नईदिल्ली, 02 जून।** हीरो मोटोकॉर्प ने पिछले महीने 5.08 लाख मोटरसाइकिल और स्कूटर की खुदरा बिक्री दर्ज की है। दोपहिया वाहन निमार्ता ने इसकी जानकारी विनियामक फाइलिंग में दी है।

यह बिक्री आंकड़ा मई, 2024 के 4.98 लाख की तुलना में सालाना मामूली 1.9 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है। मासिक आधार पर बिक्री की तुलना करें तो यह 66 फीसदी की बढ़ोतरी दशार्ता है, जब 3.05 लाख दोपहिया वाहन बेचे। यह गिरावट 3 दिन तक चार प्लांट बंद रहने के कारण आई थी। मई में मोटरसाइकिल बिक्री 4.75 लाख तक पहुंच गई, जो पिछले साल मई की 4.71 लाख की तुलना में मामूली 0.8 फीसदी की सालाना वृद्धि दशार्ता है।

स्कूटर सेगमेंट ने 32,537 की बिक्री दर्ज की है। यह आंकड़ा अप्रैल की तुलना में मासिक आधार पर 68 फीसदी अधिक है, लेकिन सालाना आधार पर 20.8 फीसदी कम है।

अप्रैल और मई महिने की कुल बिक्री 8.13 लाख तक पहुंच गई, जो पिछले साल की 10.32 लाख से 21.2 फीसदी कम है।

हीरो की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी शाखा विदा इलेक्ट्रिक ने पिछले महीने 8,361 इलेक्ट्रिक स्कूटर बेचे हैं, जिसमें वी2 सेगमेंट के 7,161 इलेक्ट्रिक स्कूटर शामिल हैं।

विदा ने इलेक्ट्रिक सेगमेंट में 7.2 फीसदी बाजार हिस्सेदारी हासिल की है और 1 जुलाई को नया स्कूटर लॉन्च की तैयारी कर रही है।

## ---------------------------- व्यापार/फिल्म ----------------------------

# अगले महीने से आप पर बढ़ने जा रहा बोझ, एचडीएफसी और आईसीआईसीआई बैंकों ने लिया लिया बड़ा फैसला




**नई दिल्ली,02 जून।** एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक जैसे प्रमुख निजी बैंकों ने 1 जुलाई से क्रेडिट कार्ड और बैंकिंग सेवाओं पर शुल्क बढ़ाने का फैसला किया है. दोनों बैंकों ने आधिकारिक अधिसूचनाओं के माध्यम से अपने ग्राहकों को इन बदलावों के बारे में सूचित किया. इसके साथ ही एचडीएफसी बैंक ने ऑनलाइन गेमिंग, डिजिटल वॉलेट और यूटिलिटी बिल भुगतान से संबंधित लेनदेन पर ध्यान केंद्रित करते हुए क्रेडिट कार्ड उपयोगकताओं के लिए संशोधित शुल्क भी पेश किया है.

अगर कोई ग्राहक ड्रीम11, रम्मी कल्चर, जंगली गेम्स या एमपीएल जैसे ऑनलाइन स्किल-बेस्ड गेमिंग प्लेटफॉर्म पर एचडीएफसी क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करके एक महीने में 10,000 रुपये से ज्यादा खर्च करता है, तो इस कैटेगरी में कुल मासिक खर्च पर 1 फीसदी शुल्क लिया जाएगा.

यह शुल्क 4,999 रुपये प्रति महीने तक सीमित रहेगा. साथ ही ऐसे गेमिंग ट्रांजैक्शन के लिए कोई रिवॉर्ड पॉइंट नहीं दिए जाएंगे. इसी प्रकार अगर एचडीएफसी क्रेडिट कार्ड का उपयोग करके पेटीएम, मोबिक्विक, फ्रीचार्ज या ओला मनी जैसे तीसरे पक्ष के वॉलेट में एक महीने में 10,000 रुपये से अधिक राशि डाली जाती है, तो पूरी राशि पर 1 फीसदी शुल्क लगेगा, जिसकी सीमा भी 4,999 रुपये प्रति माह होगी.

यूटिलिटी भुगतान के लिए, यदि कुल खर्च एक महीने में 50,000 रुपये से अधिक हो जाता है, तो 1 फीसदी शुल्क जोड़ा जाएगा. फिर से 4,999 रुपये की मासिक सीमा के साथ. हालांकि, एचडीएफसी बैंक ने स्पष्ट किया है कि बीमा भुगतान को यूटिलिटी भुगतान के रूप में नहीं माना जाएगा, इसलिए ऐसे मामलों में कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगाया जाएगा. बैंक ने किराए, ईंधन और शिक्षा लेनदेन के लिए अधिकतम शुल्क में भी संशोधन किया है.

इन श्रेणियों में शुल्क की ऊपरी सीमा अब 4,999 रुपये प्रति लेनदेन होगी. किराए के भुगतान पर 1 फीसदी शुल्क अपरिवर्तित रहेगा. 15,000 रुपये से अधिक के ईंधन लेनदेन पर 1 फीसदी शुल्क लिया जाएगा, जबकि आधिकारिक कॉलेज या स्कूल की वेबसाइट या उनकी कार्ड मशीनों के माध्यम से सीधे किए गए शिक्षा भुगतान पर शुल्क नहीं लिया जाएगा.

आईसीआईसीआई बैंक ने कई सर्विस चार्ज में भी बदलाव किया है. कैश जमा करने, चेक जमा करने या डीडी (डिमांड ड्राफ्ट) और पीओ (पे ऑर्डर) ट्रांजैक्शन के लिए लगने वाले शुल्क में बदलाव किया गया है. अब ग्राहकों से 1,000 रुपये पर 2 रुपये लिए जाएंगे, जिसमें न्यूनतम शुल्क 50 रुपये और अधिकतम 15,000 रुपये होगा.

पहले बैंक 10,000 रुपये तक की राशि पर 50 रुपये और उससे अधिक 1,000 रुपये पर 5 रुपये लेता था. एटीएम इस्तेमाल करने पर भी शुल्क बढ़ा दिया गया है. दूसरे बैंकों के एटीएम पर तीन मुफ्त एटीएम ट्रांजैक्शन के बाद अब आईसीआईसीआई वित्तीय ट्रांजैक्शन पर 23 रुपये और गैर-वित्तीय ट्रांजैक्शन पर 8.5 रुपये लेगा.

## केनरा बैंक के अकाउंट में मिनिमम बैलेंस रखने का झंझट खत्म...नया नियम लागू

**नई दिल्ली,02 जून।** केनरा बैंक ने अपने ग्राहकों के लिए एक बहुत ही राहत भरा फैसला लिया है. रविवार को बैंक ने अपने सभी ग्राहकों को राहत देते हुए बचत खाते में न्यूनतम बैलेंस न रखने पर लगने वाले जुमार्ने को पूरी तरह से खत्म करने का ऐलान किया है. बैंक का यह नया नियम 1 जून 2025 से लागू हो गया है. केनरा बैंक ने अपने ग्राहकों के लिए अपने सभी बचत खातों पर यह नियम लागू कर दिया है. रेगुलर अकाउंट हो, सैलरी अकाउंट हो या एनआरआई अकाउंट हो, किसी को भी जीरो बैलेंस पर पेनाल्टी नहीं देनी होगी. इस फैसले के साथ ही केनरा बैंक हमारे देश का पहला बड़ा सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक बन गया है जिसने अपने सभी ग्राहकों को बिना किसी न्यूनतम बैलेंस पेनाल्टी के जीरो बैलेंस सेविंग अकाउंट की सुविधा देना शुरू कर दिया है. बैंक ने खुद ग्राहकों के साथ यह जानकारी साझा की. बैंक ने एक्स पर लिखा गया कि आजादी का एहसास करें, अंतर का बैंक बनें. 1 जून 2025 से केनरा बैंक में न्यूनतम बैलेंस न रखने पर कोई पेनाल्टी नहीं लगेगी. अभी तक बैंक के खाताधारकों को शहरी शाखाओं में 2000 रुपये, अर्ध-शहरी शाखाओं में 1000 रुपये और ग्रामीण शाखाओं में 500 रुपये का औसत मासिक बैलेंस बनाए रखना अनिवार्य था.

# सप्ताह के पहले दिन शेयर बाजार टूटा, सेंसेक्स 539 अंक गिरकर खुला, निफ्टी 24,610 पर



**मुंबई, 02 जून।** कारोबारी सप्ताह के पहले दिन शेयर बाजार रेड जोन में खुला. बीएसई पर सेंसेक्स 539 अंकों की गिरावट के साथ 80,911.19 पर ओपन हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.57 फीसदी की गिरावट के साथ 24,610.40 पर खुला.

आज के कारोबार के दौरान इंडियन एनर्जी एक्सचेंज, इंडिगो पेंट्स, मणप्पुरम फाइनेंस, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी, एलेम्बिक फार्मास्यूटिकल्स, इरकॉन इंटरनेशनल, गोदरेज प्रॉपर्टीज, टीटागढ़ रेल सिस्टम्स, एस्ट्राजेनेका फार्मा इंडिया, जीनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर और एफएसएन ई-कॉमर्स वेंचर्स नाइका के शेयर फोकस में रहेंगे.

कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुआ. बीएसई पर सेंसेक्स 182 अंकों की गिरावट के साथ 81,451.01 पर क्लोज हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.33 फीसदी की गिरावट के साथ 24,750.70 पर बंद हुआ.

कारोबार के दौरान लार्सन एंड टूब्रो, अडाणी पोर्ट्स, इटरनल, नेस्ले, सन फार्मा और मारुति के शेयरों में तेजी रही. वहीं, सेंसेक्स की कंपनियों में इंफोसिस, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, इंडसइंड बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज पिछड़ गईं.

व्यापक बाजारों ने शुरूआती बढ़त को खत्म कर दिया, लेकिन बढ़त दर्ज की गई. निफ्टी मिडकैप में 0.18 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप में 0.21 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई. अधिकांश क्षेत्रीय सूचकांक लाल निशान पर थे, जिनमें निफ्टी मेटल इंडेक्स, निफ्टी ऑटो और निफ्टी आईटी इंडेक्स शामिल थे.

## राज्यपाल डेका ने पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले स्वर्गीय अग्रवाल के परिजनों को दी 2 लाख की सहायता राशि



**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले रायपुर निवासी स्वर्गीय श्री दिनेश अग्रवाल के परिजनों को आज यहां राजभवन में 2 लाख रूपए की सहायता राशि संबंधी चेक प्रदान किया इस अवसर पर विधायक श्री सुनील सोनी एवं श्री पुरंदर मिश्रा उपस्थित थे।

# किसानों को सुगमता से रासायनिक उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करें - मंत्री कश्यप



**रायपुर।** सहकारिता मंत्री श्री केदार कश्यप ने आज महानदी मंत्रालय भवन में सहकारिता विभाग की वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर राज्य में रासायनिक उर्वरकों की आपूर्ति, भण्डारण एवं किसानों को वितरण की स्थिति की गहन समीक्षा की। मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि किसानों को सुगमता से रासायनिक उर्वरक उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी सहकारी समितियों की है। किसानों की डिमांड को देखते समितियों में नियमित रूप से खाद का भण्डारण एवं वितरण सुनिश्चित किया जाना चाहिए। मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि किसानों को डीएपी के विकल्प के रूप में अन्य उर्वरकों के उपयोग के लिए जागरूक किया जाना चाहिए। मंत्री श्री कश्यप ने बैठक में स्पष्ट रूप से कहा कि किसानों को खाद के लिए भटकना न पड़े। निजी क्षेत्र की दुकानों में किसी भी तरीके की गड़बड़ी न हो इस पर भी कड़ी निगरानी रखी जानी चाहिए। उन्होंने उर्वरकों को निर्धारित दाम से अधिक मूल्य पर बेचने और कालाबाजारी की शिकायतों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि किसानों के हितों का संरक्षण सरकार की प्राथमिकता है। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। बैठक में जानकारी दी गई कि खरीफ सीजन 2025 के लिए सहकारिता के लिए 10.72 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य है। इसके विरूद्ध 4.10 लाख मीट्रिक टन का भण्डारण हुआ है, जो कि लक्ष्य का 38.23 प्रतिशत है। किसानों को सहकारी समितियों के माध्यम से रासायनिक उर्वरकों का वितरण जारी है। 31 मई की स्थिति में 1.57 लाख मीट्रिक टन खाद का वितरण किसानों को किया जा चुका है। सहकारी समितियों में वर्तमान में 2.52 लाख मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरक उपलब्ध है। मंत्री श्री कश्यप ने अधिकारियों को राज्य में सहकारिता को मजबूत करने और ग्रामीणों, किसानों को इसका लाभ पहुंचाने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में सहकारी समितियों के गठन के निर्देश दिए। मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि सहकारिता से समृद्धि के लिए यह जरूरी है। बैठक में जानकारी दी गई कि राज्य में 11650 ग्राम पंचायतें है, जिनमें 2058 पैक्स, 1958 मत्स्य, 1009 दुग्ध तथा 1055 लघु वनोपज सहकारी समितियां पंजीकृत है। राज्य की 8611 सहकारी समिति विहीन ग्राम पंचायतों का चिन्हांकन कर युक्तियुक्त करते हुए 1279 अतिरिक्त ग्राम पंचायतों को आच्छादित किया गया है। इस वर्ष 1175 दुग्ध, 120 मत्स्य तथा 532 पैक्स के गठन का लक्ष्य है। बैठक में खरीफ वर्ष 2025 के लिए ऋण वितरण की भी गहन समीक्षा की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि इस साल 7800 करोड़ रूपए के ऋण वितरण के लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 4.90 लाख किसानों को 2441 करोड़ रूपए का ऋण वितरित किया जा चुका है। बैठक में अधिकारियों को 30 जून तक सभी सहकारी समितियों का ऑडिट पूरा कराने के निर्देश दिए है। बैठक में सहकारिता विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू, सचिव श्री सी.आर. प्रसन्ना, एमडी मार्कफेड श्रीमती किरण कौशल, संचालक कृषि श्री राहुल देव, अपेक्स एमडी श्री के.एन. काण्डे, अपर आयुक्त श्री हितेश दोषी सहित सभी संभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

## समर कैंप में बच्चों में दिखी प्रतिभा की चमक

**बिश्रामपुर** पीएम श्री सेजेस जयनगर में २६ से ३१ मई तक आयोजित समर कैंप का समापन समारोह पूरे उत्साह से सम्पन्न हुआ। छह दिवसीय समर कैंप ने विद्यार्थियों को न केवल गर्मियों की छुट्टियों में रचनात्मक गतिविधियों से जोड़े रखा बल्कि उनकी प्रतिभाओं को भी निखारने का सुनहरा अवसर प्रदान किया। समापन समारोह में एसएमडीसी अध्यक्ष शांतनु सिंह चौहान, देवशरण सिंह, विनोद बिंझिया एवं विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र जायसवाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर समर कैंप में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। समर कैंप के दौरान बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों जैसे कला, संगीत, नृत्य, योग, विज्ञान प्रयोग, कहानी लेखन, भाषण एवं खेलकूद में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समापन पर विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र जायसवाल ने प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर उनका उत्साहवर्धन किया। प्राचार्य ने कहा कि समर कैंप न केवल बच्चों के लिए एक मनोरंजन का जरिया था, बल्कि यह उनके समग्र विकास और टीम भावना को प्रोत्साहित करने वाला मंच भी बना। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में आत्मविश्वास की जो झलक देखने को मिली, वह आने वाले समय में उनके उज्जवल भविष्य की स्पष्ट झलक देती है। यह समर कैंप बच्चों और शिक्षकों के लिए एक यादगार अनुभव साबित हुआ। जिसमें सीखने, सिखाने और सम्मान पाने की भावना ने सबका दिल जीत लिया। समापन समारोह में विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं भी उपस्थित थे।



## शिवनंदनपुर की शैफाली बनीं रजिस्टर्ड लॉ प्रैक्टिशनर



**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत शिवनंदनपुर की शैफाली अग्रहरि ने अपने दृढ़ संकल्प और मेहनत के बल पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने ऑल इंडिया बार एग्जाम पास कर रजिस्टर्ड लॉ प्रैक्टिशनर बनने का गौरव प्राप्त किया है। शैफाली अग्रहरि, जो दुर्गा हार्डवेयर के संचालक अनय अग्रहरि की पत्नी हैं, अब देशभर में विधिक प्रैक्टिस करने के लिए अधिकृत हो गई हैं। शैफाली वर्तमान में सुरजपुर न्यायालय में अधिवक्ता के रूप में प्रैक्टिस कर रही हैं। उनके इस उपलब्धि से परिवार और नगर में खुशी का माहौल है। कानून की पढ़ाई के बाद शैफाली अग्रहरि ने अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अथक परिश्रम किया। उनकी इस सफलता से ना सिर्फ महिलाओं के लिए एक प्रेरणा बनी हैं बल्कि यह भी साबित किया कि शादी के बाद भी महिलाएं अपने सपनों को नई उड़ान दे सकती हैं। स्थानीय लोगों और परिजनों ने उन्हें इस उपलब्धि पर बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## पत्रकार संजीत त्रिपाठी का दुखद निधन



**रायपुर।** पत्रकार संजीत त्रिपाठी का सोमवार 2 जून की सुबह असामयिक निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान 242, समता कॉलोनी से मारवाड़ी श्मशान घाट के लिए निकलेगी जहां अंतिम संस्कार किया गया। वे स्वर्गीय श्री मोतीलाल त्रिपाठी के पुत्र थे। डॉ अखिलेश त्रिपाठी, राजेश त्रिपाठी,क्रांति कुमार त्रिपाठी, धनंजय त्रिपाठी, डॉ नीरजा शर्मा के भाई व अश्विन, अंशुल, अंकित, शिवांश, आदेश के चाचा थे। संजीत प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया के विभिन्न संस्थाओं में कार्य कर चुके हैं,वे वर्तमान में एशियन न्यूज में अपनी सेवाएं दे रहे थे। काफी सरल स्वभाव के संजीत हमेशा अपने साथियों के सहयोग के लिए तत्पर रहते थे। कोरोना काल में भी उन्होने लोगों की काफी मदद पहुंचायी थी। इनके बड़े भाई तब नोडल अधिकारी थे।

## सायकल चलाना एक बेहतरीन व्यायाम है जो हृदय, फेफड़ों और मांसपेशियों को मजबूत बनाता है



**रायपुर।** विश्व सायकल दिवस (3 जून) के अवसर पर फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत रविवार को प्रातः 7:30 बजे रायपुर के मरीन ड्राइव, तेलीबांधा से एक भव्य सायकल रैली का आयोजन किया गया। सायकल रैली में छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री टंक राम वर्मा, विधायक श्री मोतीलाल साहू और श्री गुरु खुशवंत साहेब रैली में शामिल होकर लोगों को साइकिल चलने की लिए प्रेरित किया। रैली मरीन ड्राइव से शुरू होकर शहीद भगत सिंह चौक, कलेक्ट्रेट चौक तक गई और फिर वहीं से यू-टर्न लेकर मरीन ड्राइव में संपन्न हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री टंक राम वर्मा ने कहा, ₹स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने, पर्यावरण संरक्षण और नागरिकों को फिट रहने के लिए यह सायकल रैली आयोजित की गई है। हम सभी को हर रविवार सायकल चलाने की आदत डालनी चाहिए। यह एक सरल, सुलभ और प्रभावी उपाय है स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों को बेहतर बनाने का।₹ इस आयोजन में एसडीएम श्री नंदकुमार चौबे, जिला स्तर के अधिकारी, छत्तीसगढ़ बाइसाइकिल एसोसिएशन के राइडर्स, स्कूली छात्र-छात्राएं, खिलाड़ी, युवा और आम नागरिक उपस्थित रहे। सायकल चलाना एक बेहतरीन व्यायाम है जो हृदय, फेफड़ों और मांसपेशियों को मजबूत बनाता है। यह मोटापा, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और तनाव को कम करता है। साथ ही, यह एक पर्यावरण हितैषी परिवहन साधन है, जिससे कोई प्रदूषण नहीं होता और ईंधन की भी बचत होती है। सायकल न केवल फिटनेस बढ़ाता है, बल्कि ट्रैफिक और भीड़-भाड़ से बचने में भी मदद करता है। इसकी लागत भी कम होती है और यह शहरी जीवनशैली के लिए एक व्यवहारिक विकल्प बनता जा रहा है।

## महतारी वंदन योजना की 16वीं किश्त के तहत 648 करोड़ की सहायता राशि जारी, आधार कार्ड अपडेट कराने की अपील



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना के अंतर्गत आज दो तारीख को माह जून 2025 की सोलहवीं किश्त का भुगतान जारी कर दिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रदेश की 69.30 लाख से अधिक महिलाओं को कुल 648.24 करोड़ रुपये की सहायता राशि उनके बैंक खाते में अंतरित की गई। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए इस योजना की शुरूआत मार्च 2024 में की गई थी। अब तक लगातार 16 माहों में 10433.64 करोड़ रुपये की राशि प्रदेश की महिलाओं को प्रदाय की जा चुकी है। योजना के अंतर्गत 21 से 60 वर्ष आयु वर्ग की विवाहित, विधवा, तलाकशुदा एवं परित्यक्ता महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रूपए की सहायता राशि प्रदान की जाती है। योजना से होने वाले भुगतान एवं अन्य जानकारी से अवगत होने के लिए महतारी वंदन योजना के पोर्टल अथवा महतारी वंदन योजना का मोबाईल ऐप भी है जिसे हितग्राही प्लेस्टोर से डाउनलोड कर अपनी जानकारी देख सकते हैं। यदि कोई आवेदिका इस सहायता राशि का लाभ नहीं लेना चाहती है, अर्थात लाभ त्याग करना चाहती है तो वे पोर्टल में लाभ त्याग के ऑप्शन में जाकर लाभ त्याग कर सकती है। महतारी वंदन योजनांतर्गत सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से दी जा रही है। जिन हितग्राहियों का खाता डीबीटी इनेबल नहीं है वे तत्काल बैंक जाकर आधार सीडिंग करवायें क्योंकि उनको भुगतान किये जाने पर राशि वापस हो जा रही है तथा इस हेतु उन्हें एसएमएस के माध्यम से सूचित भी किया गया है। यदि किसी हितग्राही को किसी प्रकार की शिकायत हो तो इस पोर्टल में शिकायत करें ऑप्शन में जाकर अपनी समस्या ऑनलाईन दर्ज कर सकती है।

**आधार कार्ड अपडेट कराने की अपील** – महिला एवं बाल विकास विभाग ने हितग्राही महिलाओं से अपील की है कि वह अपना आधार कार्ड अपडेट कराएं ताकि राशि के भुगतान में किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। ज्ञात हो कि आधार कार्ड को हर 10 वर्षों में अपडेट करना अनिवार्य है। कई हितग्राहियों का भुगतान आधार इनएक्टिव होने के कारण निरस्त किया गया है। ऐसे हितग्राहियों को आधार केंद्र में जाकर पहचान एवं निवास प्रमाण-पत्र के साथ आधार अपडेट कराना आवश्यक है, ताकि आगामी किश्त का भुगतान सुनिश्चित हो सके।

## बिश्रामपुर बाजार में मध्य रात विद्युत कनेक्टर्स में शॉर्ट सर्किट से लगी आग



**बिश्रामपुर** नगर के सबसे व्यस्त और घनी आबादी वाले मुख्य बाजार में तीन विद्युत पोल में शॉर्ट सर्किट के चलते अचानक आग लग गई। यह घटना रविवार की मध्य रात की है। आग की लपटें निकलने से अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पहले एक पोल से तेज आवाज आई, फिर एक के बाद एक दो और खंभों से चिंगारी फूटने लगी। तीनों खंभों पर लगे कनेक्टर्स में तेज धमाके के साथ आग लग गई। इससे बिजली आपूर्ति ठप हो गई।घटना के तुरंत बाद बिश्रामपुर विद्युत वितरण केंद्र की टीम मौके पर पहुंची। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद स्थिति को काबू में किया गया। तब तक पूरा बाजार क्षेत्र अंधेरे में डूबा रहा और कई इलाकों में बिजली सप्लाई पूरी तरह बाधित रही।प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि गर्मी के मौसम में बिजली की खपत अत्यधिक बढ़ जाने से लोड बढ़ गया, जिससे कनेक्टर्स ओवरहीट होकर शॉर्ट सर्किट का कारण बने। स्थानीय लोगों द्वारा विभाग से मांग की गई है कि पूरे बाजार क्षेत्र की बिजली लाइन और ट्रांसफार्मरों का निरीक्षण किया जाए। मुख्य खंभों पर फायर प्रूफ कनेक्शन लगाए जाएं।बाजार में फायर सेफ्टी उपकरणों की अनिवार्यता तय हो। विद्युत विभाग के सहायक अभियंता प्रतीक बड़ा ने बताया कि कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। पूरे मार्केट एरिया की वायरिंग को रिव्यू किया जाएगा।

## छग में जल्द होगा लोक जनशक्ति पार्टी का विस्तार, संगठन को मजबूत करने लगातार आएंगे छग - चिराग



**रायपुर।** लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान सोमवार को एक दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ पहुंचे जहां माना विमानतल पर कार्यकताओं ने उनका जोशिला स्वागत किया। विमानतल पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में वे लगातार छत्तीसगढ़ आएंगे और प्रदेश में संगठन को मजबूत करने के लिए वे यहां पार्टी का विस्तार करेंगे। साथ ही वे कार्यकताओं से चर्चा करने के लिए छत्तीसगढ़ आते रहेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार, उत्तरप्रदेश और छत्तीसगढ़ में पार्टी के विचारधारा के लोग काफी संख्या में रहते है और उन्हें पार्टी से जुड? की कोशिश वे जरुर करेंगे।

केंद्रीय मंत्री पासवान ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर संकेत देते हुए कहा कि मैं केंद्र की राजनीति में अपने आप को बहुत लंबे समय तक नहीं देखता हूं, मेरी राजनीति में आने का कारण बिहार और बिहारी रहे हैं। मेरी इच्छा है कि मेरा राज्य बिहार विकसित राज्यों की श्रेणी में आए, इसी सोच के साथ मैं राजनीति में आया हूं और दिल्ली में रहकर संभव नहीं होगा। मैंने पार्टी के समक्ष अपनी इच्छा रखी थी, मैं जल्द बिहार वापस जाना चाहता हूं। मेरे चुनाव लड? से पार्टी को फायदा होगा। भारतीय जनता पार्टी ने उनका कई बार प्रयोग किया है और सांसदों को चुनाव में उतारने से विधानसभा में उनको (भाजपा) को बहुत फायदा हुआ, मैं चाहता हूं कि विधानसभा में जितनी सीटों पर में चुनाव लडू मेरा स्ट्राइक रेट बेहतर हो, तो मैं जरूर लडूंगा। केंद्रीय मंत्री पासवान ने कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री पद की कोई वैकेंसी नहीं है और नीतीश कुमार ही चुनाव परिणाम आने के बाद भी मुख्यमंत्री बनेंगे।

## भारत में सबसे ज्यादा धर्मांतरण का खतरा बस्तर में इसलिए जल्द करेंगे यहां पदयात्रा




**बिलासपुर।** बागेश्वर धाम वाले पंडित धीरेंद्र शास्त्री सोमवार को बिलासपुर पहुंचे जहां उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भारत में सबसे ज्यादा धर्मांतरण का खतरा बस्तर में है इसलिए वे जल्द ही छत्तीसगढ़ में पदयात्रा करने के लिए आने वाले है। अभी वर्तमान में वे 7 नवंबर से देश की राजधानी नई दिल्ली से वृंदावन तक पदयात्रा करने जा रहे है। पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि एशिया का सबसे बड़ा छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में स्थित है और वे उस चर्च के ठीक सामने जल्द ही कथा करने वाले है। छत्तीसगढ़ की भूमि अद्भुत है क्योंकि यह प्रभु श्रीराम का ननिहाल भी है और यहां आकर वे हमेशा अपने आम को प्रसन्न महसूस करते है। बस्तर में माओवादियों के खिलाफ चलाए गए अभियान के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गृहमंत्री विजय शर्मा व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को साधुवाद देते हुए नक्सलियों से आग्रह किया है कि भारत को भारत रहने दें, मूलधारा में आकर भारत की परंपरा के साथ कदम से कदम मिलाकर चलें ताकि विदेशी ताकतों से लड़ सकें और भारत को अखंड बनाया जा सके।

## शराब कारोबारी विजय भाटिया 6 जून तक रहेंगे ईओडब्ल्यू के रिमांड पर



**रायपुर।** भिलाई के शराब कारोबारी विजय भाटिया को ईओडब्ल्यू ने सोमवार को पुनः न्यायालय में पेश किया जहां न्यायाधीश ने पूछताछ के लिए 6 जून तक ईओडब्ल्यू को रिमांड पर रखने के निर्देश दिए। इससे पहले ईओडब्ल्यू ने शनिवार को भाटिया को दिल्ली में गिरफ्तार कर उनके सहयोगियों के 8 ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की थी।

## राज्यपाल डेका से केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पासवान ने की सौजन्य भेंट



**रायपुर।** राज्यपाल श्री रमेन डेका से आज यहां राजभवन में केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री श्री चिराग पासवान ने सौजन्य भेंट की।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान में दी गई जानकारी



**बिश्रामपुर** सरकार की महत्वाकांक्षी योजना किसानों के लिए विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन ग्राम पंचायत जयनगर में किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सूरजपुर जनपद अध्यक्ष श्रीमति स्वाति संत सिंह रहीं। अन्य अतिथियों में भाजपा नेता संत सिंह, जयनगर सरपंच राधा बाई, बीडीसी धनेश्वरी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कलेश्वरी कुर्रे, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष देवधन राम बिंझिया, देवशरण सिंह बिंझिया, शांतनु सिंह चौहान, कृष्णपाल बिंझिया, भागवत प्रजापति, ब्रह्मदेव बिंझिया, राजेन्द्र गवंटिया, निकुंज सिरदार विनोद बिंझिया, वार्ड पंच जीरो बाई मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा गौमाता की पुजन कर व गुड खिलाकर किया गया। भाजपा शिवनंदनपुर मंडल महामंत्री देवशरण सिंह सिरदार द्वारा स्वागत उद्बोधन किया गया। उद्बोधन में अतिथियों द्वारा विकसित कृषि संकल्प योजना पर प्रकाश डालते हुए किसानों को शासकीय योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाए जाने आह्वान किया गया। जिला से आए कृषि, उघानिकी, पशु, प्रसंस्करण विभाग के अलावा विभिन्न विभाग के अधिकारियों ने किसानों को शासकीय योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान राजीव, अजय बिंझिया, प्रकाश राम, वीर साय, बेचन राम, सहकारी समिति की कर्मचारी व विकसित कृषि संकल्प अभियान योजना में आए १० ग्राम पंचायत के किसान उपस्थित थे।

## मानकीकरण समिति की 5 वीं बैठक आज

**बिश्रामपुर** कोल इंडिया लिमिटेड की उच्चस्तरीय मानकीकरण समिति की बैठक एक बार फिर से सुर्खियों में है। आज मंगलवार ३ जून को ऋषिकेश में समिति की ५ वीं बैठक आयोजित होने जा रही है, जिसमें कई बड़े फैसलों की उम्मीद की जा रही है। खास बात यह है कि इस बार बैठक समिति के नव नियुक्त चेयरमैन एवं एमसीएल के सीएमडी उदय ए. काओले की अध्यक्षता में होगी। समिति के पुनर्गठन के बाद यह पहली बड़ी बैठक है, जिससे कोयला कर्मचारियों की निगाहें इस पर टिक गई हैं। इस बैठक का सबसे अहम और संभावित विवादास्पद मुद्दा बोनस के स्थान पर प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन योजना लागू करने का प्रस्ताव है। पहले भी इस विचार को समिति के समक्ष रखा जा चुका है, लेकिन यूनियनों ने कड़ा विरोध जताते हुए इसे ठुकरा दिया था। अब प्रबंधन एक बार फिर इस प्रस्ताव को नई रणनीति के साथ बैठक में रखेगा। बैठक में प्रमुख रूप से पिछली बैठक ९ दिसंबर २०२४ के हिंदी व अंग्रेजी कार्यवृत्त की पुष्टि, एटीआर की समीक्षा, बोनस की जगह पीएलआरएस योजना पर विमर्श, सहानुभूति नियुक्तियों के लिए मानक एसओपी पर चर्चा, कामगारों से संबंधित एमएआर में संशोधन प्रस्ताव, कर्मचारियों के व्यक्तिगत विकास पर सुझावों पर विचार, सेटलिंग भत्ता पर मंथन के अलावा अन्य विषयों पर चर्चा होने की उम्मीद जताई जा रही है। ज्ञात हो कि ९ दिसंबर २०२४ को आयोजित हुई चौथी बैठक में पीएलआरएस का प्रस्ताव पहली बार सामने लाया गया था, लेकिन इसे भारी विरोध के चलते वापस लेना पड़ा। तब से लेकर अब तक यूनियनों और प्रबंधन के बीच इस मुद्दे को लेकर कई दौर की बातचीत हो चुकी है, लेकिन सहमति नहीं बन सकी है। समिति के पुनर्गठन के बाद यह पहली बैठक है, ऐसे में प्रबंधन की रणनीति, यूनियनों की प्रतिक्रिया और प्रस्तावों की व्यावहारिकता आने वाले समय में कोल इंडिया के कामकाजी माहौल को नई दिशा दे सकती है। बैठक की घोषणा के साथ ही कोयला क्षेत्र के कर्मचारियों और यूनियन प्रतिनिधियों के बीच चर्चा का दौर तेज हो गया है।

## धरती आबा अभियान से बदलेगी कोरिया की तस्वीर'

### 154 आदिवासी ग्राम होंगे विकास की मुख्यधारा में शामिल



**कोरिया बैकुंठपुर** – भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा कोरिया जिले को 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' के अंतर्गत जिले के १५४ आदिवासी बहुल ग्रामों का चयन किया गया है, जिन्हें समग्र विकास की मुख्यधारा में लाने का लक्ष्य रखा गया है। यह अभियान कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में संचालित होगा, जिसके तहत ग्राम स्तर पर जागरूकता शिविर, सरकारी सेवाओं की उपलब्धता और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता दी जाएगी। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और सामाजिक सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अंतराल की पहचान कर अभिसरण और संतृप्तिकरण के माध्यम से विकास सुनिश्चित करना है।

**१५ जून से ३० जून तक चलेगा विशेष शिविर अभियान** – अभियान के अंतर्गत जिले में १५ जून से ३० जून २०२५ तक ग्राम और क्लस्टर स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें दस्तावेज संबंधी सेवाएं, आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र बनाएं जाएंगे। आजीविका एवं कृषि से सम्बंधित किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, मुद्रा ऋण, पीएम विश्वकर्मा, सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग पेंशन, बीमा कवरेज, जन-धन खाते का लाभ दिया जाएगा। महिला एवं बाल कल्याण द्वारा टीकाकरण, पीएम मातृत्व वंदना योजना, आईसीडीएस सेवाएं, बुनियादी सुविधाएं के तहत सड़क, बिजली, पानी, मोबाइल मेडिकल यूनिट्स, पक्के मकान और शिक्षा और कौशल विकास के तहत आवासीय विद्यालय, छात्रावास, कौशल प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर आदि लाभ इन आदिवासी ग्रामीणों को मुहैया कराया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने बताया कि भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देश पर यह कार्य किया जा रहा है। 'धरती आबा अभियान' जिले के लिए एक सुखद परिवर्तनकारी पहल साबित हो सकती है, जो आदिवासी गांवों को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। जिला प्रशासन ने जनजातीय समुदाय से विशेष अनुरोध किया है कि वे इन शिविरों में भाग लें और योजनाओं का लाभ उठाकर अपने गांव और जीवन को सशक्त बनाएं।

■ स्वामी, मुद्रक प्रकाशक- महेन्द्र सिंह टुटेजा, नरेन्द्र सिंह टुटेजा द्वारा टुटेजा मीडिया पब्लिकेशन, नमनाकला, अम्बिकापुर, सरगुजा (छत्तीसगढ़) से मुद्रित एवं प्रकाशित, 0 प्रधान संपादक-महेन्द्र सिंह टुटेजा,Mo. 8223000155, 94252 56303, 98261 83780 ■ RNI No. 50247/89 ■ Postal Regn No./ छ.ग./रायगढ़/009/2016 से 2018 ■ Email- ambikavanisurguja@gmail.com







सरगुजा संभाग

# अम्बिकावाणी

■ सरगुजा ■ कोरिया ■ सूरजपुर ■ बलरामपुर ■ जशपुर

मधुमक्खी की तरह गुणों रूपी मिठास एकत्र करते रहे।

युक्तियुक्तकरण का विरोध एवं काउंसलिंग का बहिष्कार का निर्णय लिया, साझा मंच - 10



■जीएसटी कार्रवाई के विरोध में व्यवसाइयों ने किया सफल नगर बंद- 12

## सड़क हादसे में प्रेग्नेंट महिला समेत 3 की मौत: 2 बाइक की आमने-सामने टक्कर





**अंबिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**
बनारस मुख्य मार्ग पर हादसे में ३ लोगों की मौत हो गई। दो बाइकों में सीधी टक्कर हुई है। इसमें देवर-भाभी और दूसरी बाइक में सवार एक नाबालिग की जान चली गई। वहीं एक नाबालिग गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा गांधीनगर थाना क्षेत्र के चठिरमा पुल के पास हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज भेजा, जहां ३ लोगों को डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया। घायल का इलाज जारी है।

जानकारी के मुताबिक, सूरजपुर जिले के कसकेला निवासी करन यादव (२० साल) अपनी प्रेग्नेंट भाभी रिया यादव (२१ साल) को लेकर निकला था। वह अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज इलाज कराने के लिए जा रहा था। इसी दौरान उनकी बाइक सामने से आ रही बाइक से टकरा गई। दूसरी बाइक में दोनों नाबालिग सवार थे। हादसे की सूचना पर गांधीनगर पुलिस मौके पर पहुंची। गंभीर रूप से घायल चारों को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल भेजा गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद देवर-भाभी करन यादव और रिया यादव को मृत घोषित किया।

साथ ही दूसरी बाइक में सवार नाबालिग देव मंडल (१६ साल) को भी मृत घोषित किया गया। देव मंडल मूल रूप से ओडिशा के संबलपुर का निवासी था और अपने मामा के घर आया था। घायल नाबालिग की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### किसी ने नहीं पहना था हेलमेट

दोनों बाइकों की भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि चारों बाइक सवार उछलकर सड़क पर गिर गए। हादसे में तीनों मृतकों के सिर और चेहरे में गंभीर चोटें आईं। किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना था। हादसे का कारण तेज रफ्तार बताया गया है। घटना की सूचना पर मृतकों के परिजन मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल पहुंच गए ।

## विसंगतियों से भरा है युक्तियुक्तकरण... शिक्षकों ने काउंसलिंग का बहिष्कार करने का लिया निर्णय

**अम्बिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**
सरगुजा जिले में युक्तियुक्तकरण के काउंसलिंग से पहले शिक्षकों ने काउंसलिंग का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है आज बड़ी संख्या में शिक्षक संघ ने कलेक्टर से मुलाकात कर युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया में कई त्रुटियां बताते हुए इसके सुधार की मांग की गई है शिक्षकों का कहना है युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में हॉस्टल अधीक्षकों को इस सूची से बाहर रखा गया है माध्यमिक शाला में कोई विषय बंधन नहीं रखा गया है परीवीक्षा अवधि वाले शिक्षकों को अतिशेष की सूची में शामिल नहीं करना था लेकिन किया जा रहा है हाई स्कूल वास हायर सेकेंडरी स्कूल में २००८ के सेटअप अनुसार अतिशेष काउंसलिंग का निर्देश है पर इन निदेर्शों का पालन नहीं किया जा रहा है शिक्षकों ने कहा की युक्तियुक्तकरण विसंगतियों से भरा हुआ है इसका कोई आधार नहीं है नियमों का पालन बगैर युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है ऐसे करके शिक्षकों की रीड तोड़ी जा रही है। शिक्षकों ने मांग की की विसंगति को सुधार कर युक्तियुक्तकरण किया जाए।




## विश्व सायकल दिवस के उपलक्ष्य में सायकल रैली का हुआ आयोजन

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में विश्व सायकल दिवस ०३ जून को दृष्टिगत रखते हुए रविवार को अम्बिकापुर में सायकल रैली का आयोजन किया गया। सायकल रैली प्रतापपुर रोड स्थित वाटर पार्क से प्रारम्भ हुई तथा चिखलाडिह होते हुए पुनः वाटर पार्क में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया रैली में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों तथा आमजनों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। पुरुष एवं महिला वर्ग में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक श्री राम कुमार सिंह सहित श्री देवेन्द्र कुमार सिन्हा, श्री देवनाथ राम एक्का, श्री संदीप देवांगन, अमर सिंह उपस्थित रहे।

## डीएपी खाद की अनुपलब्धता व एनपीके की कीमत में गुपचुप तरीके से 250 रुपए की वृद्धि को लेकर चिंता

### पूर्व उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव ने कहा,बढ़ी हुई कीमत किसानों का कमर तोड़ देगी, सरकार किसानों के प्रति संवेदनशील रवैया अपनाए

**अम्बिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**
पूर्व उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव ने



पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश की सहकारी समितियों में खरीफ सीजन में सर्वाधिक प्रचलित डी ए पी खाद की अनुपलब्धता एवं उपलब्ध खाद एनपीके की कीमत में गुपचुप तरीके से २५० रुपए की वृद्धि को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने कहा है कि खरीफ सीजन प्रदेश के किसानों के आर्थिक मजबूती की दृष्टि से महत्वपूर्ण सीजन है। मानसून समय से पूर्व राज्य में प्रवेश कर गया है और किसान खरीफ फसलों की तैयारी में लग गये हैं, लेकिन खाद की उपलब्धता को लेकर केंद्र और राज्य सरकारों की उदासीनता देख ऐसा लगता है कि किसानों की चिंताएं बढ़ने वाली हैं। केंद्र और राज्य दोनों सरकारों के कृषि मंत्री विशेष तौर पर डी ए पी खाद उपलब्ध कराने में अपनी असमर्थता जता चुके हैं। छत्तीसगढ़ राज्य के संदर्भ में विविध मृदा परीक्षण में यह स्पष्ट हुआ है कि १८:४६:०:१३ कॉम्प्लेक्स का डी ए पी खाद खरीफ सीजन में धान, मक्का और उद्यानिकी फसलों के प्रचूर उत्पादन के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है। जबकि ऐन सीजन शुरू होने के समय पूरे प्रदेश की सहकारी समितियों में यह खाद गायब है। मौजूदा एन डी ए सरकार और राज्य की सरकार का किसानों और कृषि क्षेत्र के प्रति असंवेदनशील रवैया जगजाहिर है। इसी कारण डी ए पी खाद जो विदेशों से आयात मिल होता है पर सरकार विदेशी मुद्रा खर्च करने से बच रही है भले ही खरीफ सीजन में किसान की पैदावार प्रभावित हो जाये। यह तथ्य भी सामने आ रहा है कि समितियों में उपलब्ध खाद एन पी के की कीमतों को २५० रूपए बढ़ा दिया गया है। जिन समितियों ने पूर्व में ही ड़ी ओ बनवा लिया है किंतु खाद की अनुपलब्धता के कारण माल नहीं उठा पाये उनपर भी बढ़ी दर से भुगतान का दबाव है। सबसे बड़ी बात यह है कि एनपीके खाद खुले बाजार में मौजूद है, लेकिन सहकारी समितियों में सरकार इसे उपलब्ध ही नहीं करा पा रही है। बढ़ी हुई कीमत किसानों का कमर तोड़ देगी। सरकार से मेरा यह आग्रह है कि वो किसानों के प्रति संवेदनशील रवैया अपनाते हुए डी एम ओ के माध्यम से सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में छत्तीसगढ़ की मृदा के अनुरूप कॉम्प्लेक्स का डी ए पी खाद का भंडारण कराये साथ ही खाद की बढ़ी हुई कीमतों को तत्काल वापस ले। अगर सरकार इस मामले में उदासीन रवैया अपनाएगी तो निश्चित ही प्रदेश के गरीब किसान खाद की कालाबाजारी के चपेट में आयेंगे जो उनके आर्थिक हितों पर नकारात्मक प्रभाव डालेगी।

उधर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक, जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष श्री आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, पीसीसी उपाध्यक्ष जे पी श्रीवास्तव, पीसीसी महामंत्री द्वितेन्द्र मिश्रा, निगम में नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद एवं पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने प्रदेश सरकार से सवाल किया है कि क्या धान के खरीदी मूल्य में भाजपा के द्वारा की गई वृद्धि को एन पी के खाद की कीमतों को बढ़ाकर प्रदेश के गरीब किसानों से वसूला जा रहा है। सभी ने सरकार से अपील की है कि छत्तीसगढ़ सरकार जल्द से जल्द किसानों के लिए डी ए पी खाद उपलब्ध कराए। अगर सरकार की अकर्मण्यता के कारण किसानों को यह खाद उपलब्ध नहीं हुई तो धान की पैदावार प्रभावित होगी जिसकी सारी जवाबदेही सरकार की होगी।

## पीएचसी गुमगराकला का सीएमएचओ ने किया औचक निरीक्षण, तीन कर्मचारी अनुपस्थित, कारण बताओ नोटिस जारी



**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
कलेक्टर श्री विलास भोसकर निदेर्शानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा आज दोपहर ३ बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुमगराकला, विकासखण्ड लखनपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केंद्र में तैनात तीन कर्मचारी बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए। इस पर संबंधित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

निरीक्षण के दौरान मौसमी बीमारियों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक जीवन रक्षक दवाइयों एवं एंटी स्नेक वेनम की उपलब्धता की भी जांच की गई। ष्टरू॥ह्र ने उपस्थित स्वास्थ्य अमले को निर्देशित किया कि क्षेत्र में सक्रिय सभी स्वास्थ्य कार्यकताओं एवं मितानिनों को उनकी दवाइयों की पेटी में पर्याप्त मात्रा में आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई जाए, ताकि आपात स्थिति में तुरंत उपचार सुनिश्चित किया जा सके।






## चोरी के तीन मामले मे शामिल आरोपी को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अम्बिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**
चोरी के तीन मामले मे शामिल आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से बचत नगदी रकम समेत कॉपर पाइप बरामद किया गया। मामलों मे शामिल अन्य आरोपी घटना दिनांक से फरार है।

पुलिस ने बताया कि प्रार्थी राम मुरत यादव निवासी शिवधारी कॉलोनी थाना गांधीनगर द्वारा २३ मई कों थाना कोतवाली आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी चंन्द्रा इंटरप्रोईजेज यामहा शो रूम अंबिकापुर में वर्कशाप मैनेजर का काम करता है। २२ मई की शाम कों शो रूम बंद कर दुकान मालिक एवं दुकान में काम करने वाले सभी कर्मचारी अपने अपने घर चले गये थे।



२३ मई को सुबह दुकान खोलने पर देखे की दुकान का सभी दराज टूटा हुआ है, शो रूम के आलमारी का लाक भी टूटा हुआ है एवं शो रूम मे वाहन बिकी का पैसा व काउण्टर में रखा नगदी रकम १९५०००/- रुपये नहीं था, जो कोई अज्ञात व्यक्ति शो रूम में बाथरूम का खिडकी तोडकर अंदर घुसकर नगदी रकम एवं चोरी कर ले गया है, मामले मे प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली मे धारा ३३१(४), ३०५ (ए) बी. एन. एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

दूसरे मामले में प्रार्थी राजेश केशरवानी निवासी ब्रम्ह रोड अंबिकापुर द्वारा २६ मई कों थाना कोतवाली आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि २४ मई कों प्रार्थी के मकान मे कोई नहीं था। परिवार के सदस्य पारिवारिक कार्यक्रम मे शामिल होने गए थे, इस दौरान प्रार्थी के मकान मे कोई अज्ञात चोर द्वारा रात में घर के अंदर घुसकर घर में रखें चांदी का मंदिर में रखा भगवान का सिंहासन, लोटा, कटोरी, गलास, प्लेट, बेलपत्र और मंदिर का चढ़ावा ७ हजार रुपए नगद व अन्य सामान को चोरी कर ले गया। मामले मे प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली मे धारा-३३१(४), ३०५(ए) बी. एन. एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

तीसरे मामले में प्रार्थी शंकर प्रसाद सोनी निवासी पुराना बस स्टैंड के पास अम्बिकापुर द्वारा ३० मई कों थाना कोतवाली आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी पुराना बस स्टेण्ड में न्यू कुमार कलेक्शन के नाम से कपडा दुकान का संचालन करता है। ८ मई की रात कों अपना दुकान बंद कर अपने घर चला गया। सुबह आकर देखा कि प्रार्थी के दुकान का गल्ला टूटा हुआ था तथा गल्ला में रखा करीब ३००००/- रुपये नगद तथा लक्ष्मी व गणेश जी का मुर्ती चांदी का छोटा मुर्ती नहीं था तथा छत में रखा ए०सी० का कापर वायर को चोरी कर ले गया है। मामले मे प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली मे धारा- ३३१(४), ३०५(ए) बी. एन. एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

दौरान विवेचना पुलिस टीम द्वारा तीनो मामलो मे घटनास्थल का निरीक्षण कर आस पास के सीसीटीवी फूटेज का अवलोकन कर मामले के संदिग्धो की पहचान कर पता तलाश किया जा रहा था। पता तलाश में पुलिस टीम द्वारा मामले के संदिग्ध विकेश कश्यप कों पकड़कर पूछताछ किया गया। आरोपी द्वारा अपना नाम विकेश कश्यप आत्मज रमेश कश्यप उम्र २६ वर्ष निवासी घुटरापारा थाना कोतवाली अंबिकापुर का होना बताया, आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ करने पर अपने अन्य साथी के साथ मिलकर चोरी की घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया, आरोपी के कब्जे से बचत नगदी रकम समेत कॉपर पाइप जप्त किया गया हैं, आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जाता हैं, मामलों मे शामिल अन्य आरोपी घटना दिनांक से फरार है, फरार आरोपी का पता तलाश किया जा रहा है। सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, उप निरीक्षक विजय केवर्त, सहायक उप निरीक्षक विवेक पाण्डेय, आरक्षक विवेक राय, रमन मण्डल, नितिन सिन्हा, शिव राजवाड़े सक्रिय रहे।

## रेडक्रॉस सदस्यता अभियान 5 जून से 30 जून 2025 तक, अधिक से अधिक लोगों से जुड़ने की अपील

अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।
भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, जिला शाखा सरगुजा द्वारा दान एवं विशेष सदस्यता अभियान माह मई २०२५ से प्रारंभ कर दिया गया है। यह अभियान ५ जून से ३० जून २०२५ तक संचालित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य आमजन को रेडक्रॉस की मानवसेवी गतिविधियों से जोड़ना और जरूरतमंदों तक राहत व सेवाएं पहुंचाना है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह महासचिव छत्तीसगढ़ राज्य शाखा, रायपुर के निदेर्शानुसार यह अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के माध्यम से संरक्षक, उप संरक्षक एवं आजीवन सदस्य बनाए जा रहे हैं।

रेडक्रॉस सोसायटी पूर्णतः दानदाताओं के सहयोग से संचालित संस्था है, जिसे शासन से पृथक से कोई बजट प्राप्त नहीं होता। संस्था द्वारा मेडिकल स्टोर, ब्लड सेंटर, वृद्धाश्रम, अपंग कल्याण केंद्र, स्वास्थ्य परामर्श, नेत्र व विकलांग शिविर, एम्बुलेंस-शव वाहन सेवा, आपदा राहत सामग्री वितरण, स्वयंसेवक प्रशिक्षण जैसी सेवाएं संचालित की जाती हैं।

कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में रेडक्रॉस की सदस्यता लेकर संस्था की सेवाओं को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस जैसी संस्था के माध्यम से जरूरतमंदों को समय पर मदद पहुंचाई जा सकती है, अतः समाज के सभी वर्गों को इससे जुड़ना चाहिए।

रेडक्रॉस में सदस्यता के लिए निम्नानुसार राशि निर्धारित की गई है जिसमें संरक्षक सदस्यता ?२५,०००, उप संरक्षक सदस्यता ?१२,००० और आजीवन सदस्यता ?१,००० है। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित राशि के साथ रेडक्रॉस सोसायटी का फार्म एवं आधार कार्ड की छायाप्रति कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सदस्य बन सकते हैं।

# रविंद्र विश्वास बने बलरामपुर बंग समाज के जिला अध्यक्ष



**बलरामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** बलरामपुर जिला कार्यालय धनगांव में दो प्रत्याशी श्री रविन्द्र विश्वास एवं श्री समीर हालदार के मध्य चुनाव हुए समाज के लोगों ने कमलपुर निवासी श्री रविन्द्र विश्वास जी को योग्यता प्रत्याशी मानते हुए जिला अध्यक्ष निर्वाचित किया श्री रविन्द्र विश्वास जी इससे पूर्व में दो बार प्रदेश संगठन मंत्री की दायित्व निर्वहन कर चुके हैं इस वर्ष बलरामपुर जिले के मांग के अनुसार जनता ने उन्हें जिला अध्यक्ष के पद में स्वीकारा है श्री विश्वास जी शांत स्वभाव एवं धार्मिक सामाजिक प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं। चुनाव प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए समाज के धर्मजयगढ़ सूरजपुर अंबिकापुर तथा बलरामपुर के विशेष विशेष लोगों की खास योगदान रहा इस मौके पर संरक्षक-श्री सुबोध विश्वास श्री श्री सुभाष राय श्री गौर विश्वास प्रदेश अध्यक्ष श्री रामू घोष उपाध्यक्ष श्री दिवाकर मुखर्जी श्री सुशांत घोष श्री रमेश मंडल श्री बासु जी श्री कमलेश जी श्री संतोष सरदार श्री निरंजन विश्वास पुर्व अध्यक्ष श्री दिलीप धर श्री सुनिल मंडल श्री कृष्ण मल्लिकश्री मंगल विश्वास श्री मनोज विश्वास श्री दयाल विश्वास श्री कर्णधार राय श्री कनक मंडल डॉ पृथ्वीश राय श्रीमती श्री कृष्णपद मंडल भानुमति मजुमदार श्रीमती आलो मंडल श्रीमती सरस्वती मंडल डॉ संजय मजुमदार श्री उत्पल मजुमदार श्री बिपुल सरश्री प्रभाकर मुखर्जी श्री श्यामल थानदार के साथ जिला वासियों की भिड़ रहा।

# सरगुजा महाराज स्व. मदनेश्वर शरण सिंहदेव की 94वी जयंती पर आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** सरगुजा महाराज स्व. मदनेश्वर शरण सिंहदेव की ९४वी जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी ने स्व. महाराज साहब की स्मृति में आज २ जून को कई कार्यक्रम आयोजित किए गये। सर्वप्रथम राजीव भवन में उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसके उपरांत उनकी स्मृतियों और सरगुजा क्षेत्र के विकास में उनके योगदान पर चर्चा की गई। इसके उपरांत प्रतीक्षा बस स्टैंड में स्थापित स्व महाराज साहब और स्व राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव की युगल प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके उपरांत माँ महामाया मंदिर में भंडारा का आयोजन किया गया। राजीव भवन में आयोजित परिचर्चा में यह बात सामने आई कि वर्ष १९७१ में



राजस्व विभाग के सचिव रहते हुए उन्होंने किसानों और भूमिस्वामी के हित में प्रथम बार मध्यप्रदेश में ऋण पुस्तिक जारी करने की महत्वाकांक्षी योजना का सुझाव तत्कालीन राज्य सरकार को दिया जिसे तत्काल लागू किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि इसके पहले भूमिस्वामी के खातों में भूमि का अंकन एकड़ में होता था जो ऋण पुस्तिका में हेक्टेयर में होने लगा।ऋण पुस्तिका ने अलग-अलग खातों के अलग अलग दस्तावेजों का एकीकरण कर भूमिस्वामियो को बड़ी राहत दी थी। उस समय इस योजना को भू-राजस्व में एक बड़ा सुधार माना गया था। आज भी १९७१ में जारी ऋण पुस्तिका पर पूर्व महाराज साहब के हस्ताक्षर इस बात की गवाही देते हैं। चर्चा के दौरान राजपरिवार के इतिहासकार श्री गोविंद शर्मा ने स्व. महाराज के शिक्षा और उनकी प्रशासनिक सेवाओं से जुड़े यादों को साझा किया गया। उन्होंने जानकारी दी कि १९६० से १९६७ के दौरान उनके व्यक्तिगत प्रयास से सरगुजा के हजारों परिवारों को सिंहदेव पट्टा योजना अंतर्गत पट्टा वितरण हुआ था। तब राजनीतिक नेतृत्व इस कार्य को लेकर आशंकित था लेकिन स्व महाराज साहब ने तत्कालीन सरगुजा जिले में इस योजना को सफलता पूर्वक लागू कर हजारों परिवारों को राहत दी थी। आज आयोजित विविध कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अपनी सहभागिता दी, जिनमेंबालकृष्ण पाठक, जे पी श्रीवास्तव, अजय अग्रवाल, द्वितेन्द्र मिश्रा, राकेश गुप्ता, हेमंत सिन्हा, विनय शर्मा, मो इस्लाम, रामविनय सिंह, जगन्नाथ कुशवाहा, मधु दीक्षित, सत्येन्द्र तिवारी, अरविंद सिंह, अब्दुल अब्बास, नुरूल अमीन सिद्दकी, हेमंत तिवारी, संजय विश्वकर्मा, अनिल सिंह, शफीक खान, हेमंती प्रजापति, राशिद अहमद, बिज्जू गुप्ता, दुर्गेश गुप्ता, अतुल तिवारी, अनूप मेहता, अशफाक अली, गुरुप्रीत सिद्धु, अशोक अग्रवाल, विनोद एक्का, जमील खान, कलीम अंसारी, श्रीमती जेनबीब कुजूर, चंद्रप्रकाश सिंह,उर्मिला विश्वास, फूल साय लकड़ा, प्रमोद चौधरी, रजनीश सिंह, निकी खान, संजय सिंह, लोकेश पासवान, नीतीश चौरसिया, अमित तिवारी राजा , आशीष जायसवाल, शुभम जायसवाल, विकास केशरी, अविनाश कुमार, निखिल विश्वकर्मा, प्रभात रंजन सिन्हा, विकास शर्मा, मो इमरान, अमित सिंह, मिथुन सिंह, रोशन कनौजिया, वीरेंद्र सिन्हा, अमित सिन्हा, विनोद भास्कर, अलंकार तिवारी, अशोक जायसवाल, गीता रजक, प्रीति सिंह, साधना कश्यप, मंजू सिंह, श्रीमती हामिद, पूनम सोनी, सपना सिंह, मो सिराजुद्दीन, राहुल सोनी, सिफायत अली, साहिल अली, शमशेर आलम, लोलार सिंह आदि शामिल थे।

# बारिश से पहले दूरस्थ पीडीएस दुकानों में राशन भंडारण की व्यवस्था सुनिश्चित करें - कलेक्टर

## कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक सम्पन्न

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** कलेक्टर श्री विलास भोसकर की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई, बैठक में सुशासन तिहार २०२५ के तहत निराकृत एवं लंबित आवेदनों की विभागवार समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लंबित मामलों का शीघ्र, पारदर्शी और नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित करें।



जिले में सुशासन तिहार के तहत विभिन्न मांग एवं शिकायतों के १,६३,८२८ आवेदन प्राप्त हुए थे। जिनमें से १,६३,६३८ आवेदनों का निराकरण कर संबंधित हितग्राहियों को जानकारी दी गई है। शेष १५९ लंबित आवेदन को नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने विभाग द्वारा संचालित शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने शासन की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को मिले, इसके लिए सभी विभाग को बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में खाद बीज की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को छोटे बड़े सभी किसानों को आवश्यकता अनुसार खाद बीज उपलब्धता सुनिश्चित करने को निर्देशित किया है। उन्होंने खाद्य विभाग को बारिश प्रारम्भ होने के पूर्व दूरस्थ व पहाड़ी क्षेत्रों में पीडीएस दुकानों में राशन सामग्री की भंडारण की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री भोसकर ने स्वास्थ्य विभाग को बारिश के मौसम में संभावित सर्पदंश की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए एंटी स्नेक वेनम की उपलब्धता हर स्वास्थ्य केंद्र में सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य अमले को सतर्क रहने और समय पर प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एफआरए (वन अधिकार अधिनियम) प्रकरणों का नियमानुसार शीघ्र समाधान करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने पीएम आवास योजना, पीएम जनमन, आयुष्मान भारत कार्ड जैसी केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर जोर दिया, ताकि योजनाओं का लाभ अधिकतम पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे। कलेक्टर ने समय सीमा के लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए।

समय-सीमा की बैठक में डीएफओ श्री अभिषेक जोगवात, जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर श्री सुनील नायक, श्री राम सिंह ठाकुर, श्री अमृत लाल ध्रुव, निगम कमिश्नर श्री डी एन कश्यप, सर्व एसडीएम सहित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# घटिया सड़क निर्माण को लेकर युवा कांग्रेस करेगी पीएम जीएसवाई कार्यालय का घेराव...

**राजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष बृजेश यादव के नेतृत्व में सोमवार को राजपुर एसडीएम के समक्ष ज्ञापन सौंप कर सामरी विधानसभा में जन मन के तहत चल रहे पहाड़ी कोरवा बाहुल्य क्षेत्रों में पक्की सड़क का निर्माण किया जा रहा है जो निर्माण हो रहा है वह विलकुल स्तरहीन किया जा रहा जिसका विरोध करते हुए राजपुर स्थित पीएम जीएसवाई कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी दी है। सामरी विधानसभा के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्रामिण सड़क योजना के तहत राजपुर शंकरगढ़ एवं कुसमी विकासखंड में पहाड़ी कोरवा जनजाति के लोगों के आवागमन के सुविधा के लिए पक्की सड़कों का निर्माण कार्य पीएम-जीएसवाई विभाग के द्वारा ठेकेदार के माध्यम से कराया जा रहा है, ठेकेदार द्वारा विभागीय अधिकारियों से साठ-गांठ कर



त्रस्क, ड्ढक्करू, एवं डामर का कार्य अत्यंत घटिया स्तर का किया जा रहा है जिसकी वजह से सड़क बनने के साथ ही उखड़ती जा रही हैं पूर्व में मेरे एवं ग्रामीणों के द्वारा पत्र के माध्यम से दिनांक २१ अप्रैल २०२५ को कलेक्टर बलरामपुर को ज्ञापन सौंप कर घटिया सड़क निर्माण कार्य की जांच कराकर संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदारों के ऊपर उचित कार्रवाई करने की मांग की गई थी लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी आज दिवस तक घटिया सड़क निर्माण की जांच कराया नहीं गया जिस वजह से युवा कांग्रेस दिनांक ९ मई २०२५ को पीएम-जीएसवाई कार्यालय राजपुर का घेराव कर विरोध प्रदर्शन करेगी।

बलरामपुर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष बृजेश यादव, एनएसयूआई पूर्व जिलाध्यक्ष रुपेश यादव, जनपद सदस्य अमीन साय, पंकज ठाकुर, अभय सोनी, सागर बेक सहित अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# घायलो को आपातकालीन सुविधा पहुचाने वालो को मिलेगा नगद ईनाम और प्रशंसा पत्र

**बलरामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री वैभव बैंकर आईपीएस द्वारा जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु निरंतर कार्य करते हुए सभी थाना/ चौकी व यातायात प्रभारी को निर्देशित किया है कि शराब पीकर वाहन चलाने, स्टंटबाजी करने वाले, यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले, बिना सीट, बेल्ट बिना हेलमेट, ओवर स्पीडिंग, माल वाहक वाहनों में यात्री बैठना इत्यादि के विरुद्ध कार्रवाई कर न्यायालय में प्रस्तुत करने हेतु आदेशित किया है जिससे कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाया जा सके इसी परिपेक्ष में जिला बलरामपुर के सभी थाना चौकी अंतर्गत लगातार कार्रवाई की जा रही है।



विदित हो कि सड़क एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आम जनता को आपातकालीन स्थिति में सड़क दुर्घटना में पीड़ितों की मदद के लिए ₹राहवीर₹ योजना प्रारंभ की गई है इस योजना के तहत कोई भी व्यक्ति जो गंभीर सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ित व्यक्ति को तत्काल सहायता करके दुर्घटना के ₹स्वर्णिम कालऱ (गोल्डन आवर) के भीतर अस्पताल अथवा ट्रामा केयर सेंटर में पहुंचाकर चिकित्सा उपचार हेतु पहल कर जान बचाई हो। ऐसे नेक व्यक्ति को प्रति एक घटना में ?२५००० से पुरस्कृत किया जाएगा । यदि एक से अधिक राहवीरों के द्वारा पीड़ितों की जान बचाते हैं तो पुरस्कार की राशि २५००० को उनके बीच बराबर में बांटी जाएगी। प्रत्येक नगद पुरस्कार के साथ प्रशंसा प्रमाण पत्र दिया जाएगा प्रत्येक मामलों में पुरस्कार के अलावा योग्य राहवीर को पूरे वर्ष के दौरान चुना जाएगा इसके लिए १० राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार होंगे और उन्हें १००००० का पुरस्कार भी दिया जाएगा।

एक राहवीर को वर्ष में अधिकतम पांच बार सम्मानित किया जाएगा सड़क दुर्घटना में पीड़ितों को दुर्घटना की तारीख से अधिकतम ७ दिन की अवधि के लिए नाम निर्दिष्ट अस्पताल में प्रति पीड़ित १५०००० रुपए तक की रकम की नगदी रहित उपचार की पात्रता का प्रावधान शासन द्वारा किया गया है।

# पशुपालन विभाग द्वारा सघन टीकाकरण अभियान की शुरूआत

**वाड्रफनगर(अम्बिकावाणी समाचार)।** संचनालय पशुधन विकास विभाग रायपुर के निदेर्शानुसार एवम कलेक्टर राजेंद्र कटारा एवम डॉक्टर शिशिर कांत पांडे उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं बलरामपुर के मार्गदर्शन में पशुधन स्वास्थ एवम रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत गौवंशी एवम बैसवंशी पशुओं में एक जून से लंगड़ी बुखार व गलघोटू बीमारी के प्रति सघन टीकाकरण अभियान की शुरूआत किया ! यह अभियान १५ जुलाई तक चलाया जाएगा !



यह अभियान जिले के समस्त विकास खंडों मैं चलाया जा रहा हैं ! लंगड़ी बुखार व गलघोटू बीमारी एक जीवाणु जनित संक्रामक बीमारी है जिसमें पशु को अत्यधिक बुखार आना, लंगड़ाकर चलना, नाक से पानी, खाना पानी छोड़ देना, पशु के भारी मांसपेशियों वाली जगह के ऊपर भाग में गर्म और दर्दनाक सूजन दिखाई देता हैं ! उक्त लक्षण दिखाई देने पर पशुपालकों को अपने नजदीकी पशु औषधालय अथवा पशु चिकित्सय में संपर्क करना चाहिए! सूजन वाले स्थान को दबाने पर सूजन में गैस संचय के कारण कड़ कड़ की आवाज आती है तथा पशु चलने में असमर्थ होना आदि प्रमुख लक्षण दिखाई देता हैं ! विकास खण्ड वाड्रफनगर के खण्ड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ देवेंद्र यादव के नेतृव में समस्त क्षेत्रीय संस्थाओं में कार्यरत अधिकारी कर्मचारी पी ए आई डब्लू मैत्री गोसेवक पशुमित्र के द्वारा मवेशियों में शत प्रतिशत टीकाकरण कार्य करने का लक्ष्य रखा गया हैं ! सघन टीकाकरण कार्य कर्म में मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई के दल का रोस्टर अनुसार उपयोग किया जा रहा हैं ! दल मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई के द्वारा ग्राम के चौक चौराहों में ऑडियो वीडियो के माध्यम से संक्रामक बीमारियों के प्रति पशुपालकों को जागरूक किया जा रहा हैं तथा पशुपालकों से इस कार्य मैं सहयोग करने हेतु अपील किया गया सघन टीकाकरण अभियान में ग्राम के सरपंच, जनप्रतिनिधि आम जनता, पशु औषधालय रघुनाथनगर एवम बलंगी के सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी दयाराम सिदार, पवन पैकरा , दल मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई पी ए आई डब्लू मैत्री गोसेवक एवम पशु मित्र उपस्थित रहें

# जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता संपन्न...कपूर बाबू,अदिति,संस्कार, अक्षत विजेता बने

**अंबिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।** शतरंज संघ सरगुजा द्वारा एक जून को जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय शतरंज भवन में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रातः ११ बजे राम कुमार सिंह सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण,सरगुजा के मुख्य आतिथ्य एवं देवेंद्र सिंहा जिला खेल अधिकारी सरगुजा के विशिष्ट आतिथ्य और अनिल सिंह, राकेश मिश्रा के उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता शतरंज संघ के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राणा ने की ।प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ सहायक संचालक राम कुमार सिंह द्वारा नन्हे बच्चों के साथ शतरंज की चाल चल कर की गई। इस प्रतियोगिता में सरगुजा संभाग के विभिन्न क्षेत्रों से ९० खिलाड़ियों ने भाग लिया।प्रतियोगिता चार आयु वर्गो यू-११ आयु वर्ग, यू-१३ आयु वर्ग, यू- १५ आयु वर्ग और सीनियर वर्ग में आयोजित की गई। सभी आयु वर्गो में पांच -पांच मैच खेले गए। सीनियर वर्ग में कपूर बाबू गुप्ता (अंबिकापुर) अपने सभी मैच जीत कर चैंपियन बने, गौरव श्रीवास्तव उप विजेता रहे, वरिष्ट खिलाड़ी कमलेश तिवारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। १५ वर्ष आयु




वर्ग में अदिति सिंह विजेता रहीं, ऋषभ भगत उप विजेता रहे जबकि आदर्श वर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

१३ वर्ष आयु वर्ग में संस्कार सिंघल(एम सी बी) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, विशेष राजवाड़े उप विजेता रहे जबकि रुद्रांश यादव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार ११ वर्ष आयु वर्ग में अक्षत राज डांगरे विजेता बने,जबकि निवेद जायसवाल(कोरिया) उप विजेता रहे।

तीसरा स्थान आर्यन राज डांगरे ने प्राप्त किया। निशु जायसवाल ओपन महिला वर्ग में विजेता बनीं। यू -१५ बालिका आयु वर्ग में अनिष्का गुप्ता, यू -१३ बालिका आयु वर्ग में प्रदिप्ता पाण्डेय और यू-११बालिका आयु वर्ग में याशिका(कोरिया) विजेता बनी। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सात्विक अग्रवाल, प्रज्वल पाण्डेय, नायशा यादव, आरव पाण्डेय, आमिल अहमद, सहज सिंह, यश कुमार गुप्ता, सुरभि राय, वरूण कुमार सोनी और उदित नारायण को विषेश पुरस्कार प्रदान किये गये। प्रतियोगिता के मुख्य आकर्षण ५ वर्षीय बालक सात्विक अग्रवाल रहे जिन्होंने अपने खेल से सभी को प्रभावित किया ।प्रतियोगिता समाप्ति के पश्चात पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित कर सभी विजेताओं को नकद पुरस्कार राशि, प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर शतरंज संघ के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राणा, उपाध्यक्ष एस एस पी वर्मा, सचिव एस एम कुरैशी, प्रदेश शतरंज संघ के सहसचिव एस के वैष्णव, लीड बैंक मेनेजर दीपेंद्र यादव, मालती भगत, सुनीता राजवाड़े, कुसुम यादव, असगर ईमाम, प्रदीप डांगरे, खिलाड़ी गण और उनके अभिभावक उपस्थित थे। सम्पूर्ण प्रतियोगिता का संचालन सीनियर नेशनल आर्बिटर शेष रतन जायसवाल, और अब्दुल शमीम द्वारा किया गया। सहायक निर्णायक की भूमिका योगेंद्र गुप्ता, अंजुम और वर्तिका तिवारी ने निभाई।

## 09 जून को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन

**बलरामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए ०९ जून २०२५ को जनपद पंचायत बलरामपुर के सभाकक्ष में प्रातः ११ से प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। आयोजित प्लेसमेंट कैंप में स्वतंत्र माइक्रोफिन, री-इंडिया स्किल्स रिलेटेड ऑफ एजुकेशन(मित्रा ग्रुप ऑफ कम्पनी) एवं एस.बी.आई. लाईफ इन्सोरेन्स सीओ. लिमिटेड कंपनी उपस्थित होंगे।
प्लेसमेंट कैंप में फिल्ड ऑफिसर के २०, कलेक्शन ऑफिसर के १०, सुपरवाइजर के २०, सर्वेयर के २००, लाईफ मित्र के ६३, पी.ओ.एस.पी. के ३३ पदों पर भर्ती की जाएगी। उक्त प्लेसमेंट कैंप में शामिल होने के लिए इच्छुक उम्मीदवार अपने शैक्षणिक दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि व समय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

सड़क हादसे में प्रेग्नेंट महिला समेत 3 की मौत: पेज 09



# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर चलाया गया जागरूकता अभियान

**बलरामपुर, (अम्बिकावाणी समाचार)।**
कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन में जिले में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी कड़ी में जिला अस्पताल बलरामपुर में भी विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया साथ ही सेवन नही करने का संकल्प लिया गया।

जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बसन्त कुमार सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग तम्बाकू सेवन की समाजिक, आर्थिक, एवं स्वास्थ्यगत दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरुकता बढाने के उद्द्देश्य से स्वास्थ्य केन्द्रों में कई कार्यक्रम आयोजित किये गए। डॉ. सिंह ने बताया कि इस वर्ष का थीम च्चअपील का पदार्फाश तंबाकू और निकोटिन उत्पादों पर उद्योग की रणनीति को बेनकाब करना रखा गया है, जो भ्रामक विज्ञापनों को उजागर करने पर केन्द्रित है। डॉ. सिंह ने बताया कि प्रशासन द्वारा सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम




(कोटपा), २००३ के तहत तम्बाकू नियंत्रण के लिए जिला स्तर पर निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। डॉ. सिंह ने अपील करते हुए कहा कि युवाओं और समाज के सभी वर्ग तम्बाकू निषेध अभियान में सम्मिलित होकर स्वस्थ और तम्बाकू मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करें। जिले के नोडल अधिकारी डॉ सुबोध सिंह ने कहा कि जिले में लगातार स्वास्थ्य विभाग एवं संयुक्त टीम द्वारा तम्बाकू के रोकथाम के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है साथ ही दुकानदारों को समझाइश भी दी जा रही है कि तम्बाकू युक्त पदार्थ न बेचे व समाज को तम्बाकू मुक्त बनाने में सहयोग करें। जिला अस्पताल में पदस्थ दंत चिकित्सक डॉ. खुशबू सिंह ने बताया कि देश में हर साल एक लाख से ज्यादा लोग मुंह के कैंसर से ग्रसित होते है। पुरुषों में यह दूसरा सबसे आम कैंसर है, तम्बाकू सेवन करने से व्यक्ति के ओरल कैंसर का जोखिम बढ़ जाता है इसके लिए तम्बाकू, धुम्रपान छोड़ अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें।

## मोर गांव मोर पानी महाअभियान अंतर्गत क्लस्टर स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

**बलरामपुर,(अम्बिकावाणी समाचार)।** जल संरक्षण एवं जल संवर्धन की दिशा में मोर गांव मोर पानी महाअभियान अंतर्गत जिले में क्लस्टर स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य ग्राम स्तर पर जल स्त्रोतों का संरक्षण, संवर्धन और पुनर्जीवित करना है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या से स्थायी रूप से निजात पाया जा सके। मोर गांव मोर पानी अभियान अंतर्गत जनपद पंचायत बलरामपुर प्रशिक्षण में क्लस्टर कोचली अंतर्गत १७ ग्राम पंचायत से ९० जनप्रतिनिधि, कर्मचारी शामिल हुए। इसी प्रकार वाड्रफनगर जनपद पंचायत के प्रेम नगर कलस्टर लाइवलीहुड ट्रेनिंग सेंटर रूपपुर प्रशिक्षण में २२ ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, रोजगार तकनीकी सहायक सहित अधिकारी-कर्मचारी प्रशिक्षण में शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान ग्रामीण स्तर पर जल संरक्षण भूमि क्षरण, जलस्तर में लगातार गिरावट से बचाव हेतु विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। वाटर शेड के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। नालों, जलाशयों, तालाबों में वर्षा के जल को संचित कर भू-जल स्तर को किस तरिके से बढ़ाया जा सकता है के बारे में बताया गया साथ ही जल प्रबंधन के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## कलेक्टर जनदर्शन में प्रस्तुत हुए 103 आवेदन, कलेक्टर ने संबंधित विभागों को कार्रवाई के दिए निर्देश




**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज कलेक्टर श्री विलास भोसकर की अध्यक्षता में जनदर्शन आयोजित हुआ। कलेक्टर जनदर्शन में जिले भर से आए नागरिकों द्वारा राजस्व, सहकारी समितियों, मत्स्य पालन, एफआरए (वन अधिकार पट्टा), सोलर पैनल स्थापना, देवगुड़ी निर्माण और मुआवजा वितरण से संबंधित करीब १०३ आवेदन प्रस्तुत किए गए।

कलेक्टर श्री भोसकर ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित एवं प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों का समयबद्ध समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि किसी भी आवेदन को लंबित न रखा जाए और सभी आवेदनों की नियमों के अनुसार निष्पक्ष जांच कर निराकरण किया जाए।

जनदर्शन में बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। कलेक्टर ने मुआवजा वितरण से जुड़े प्रकरणों पर विशेष ध्यान देते हुए अधिकारियों से चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर श्री सुनील नायक, श्री अमृतलाल ध्रुव, श्री रामसिंह ठाकुर, सर्व एसडीएम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विश्व साइकिल दिवस पर फिट इंडिया अंतर्गत निकाली गई जागरूकता रैली

## स्वस्थ जीवनशैली का दिया गया संदेश

**बलरामपुर, (अम्बिकावाणी समाचार)।**
विश्व सायकिल दिवस के अवसर पर साइकिल रैली का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निदेर्शानुसार एवं कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा के मार्गदर्शन में जिले के शंकरगढ़ में खेलो इंडिया लघु सेंटर के खिलाड़ियों ने फिट इंडिया के तहत सायकिल रैली निकाली। इस कार्यक्रम में सेंटर से जुड़े खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य स्वस्थ जीवनशैली को सशक्त करना रहा है। रैली की शुरूआत उत्साह और ऊर्जा से सुबह करीब ०७ बजे शंकरगढ़ के खेलो इंडिया लघु सेंटर परिसर से रैली की शुरूआत हुई। प्रतिभागियों ने आस-पास के क्षेत्र में भ्रमण करते हुए फिट इंडिया के तहत स्वास्थ्य, अनुशासन, और सक्रिय



जीवनशैली के लिए प्रोत्साहित किया कि सायकिल केवल एक परिवहन का माध्यम नहीं है बल्कि यह शारीरिक व्यायाम का भी एक बेहतरीन तरीका है, जिससे हृदय संबंधी बीमारियाँ, मधुमेह, मोटापा जैसी समस्याओं से निजात पाया जा सकता है।

इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी श्री मार्कुस कुजूर ने कहा कि फिट इंडिया केवल एक अभियान नहीं बल्कि यह जीवनशैली में बदलाव लाने का एक राष्ट्रीय प्रयास है। तकनीकी दुनिया में आज की पीढ़ी को फिटनेस के प्रति प्रेरित कर शारीरिक रूप से सक्रिय बनाना आवश्यक है। जिससे बेहतर भविष्य सुनिश्चित होगा। रोजाना लगभग ३० मिनट साइकिल चलाने से मोटापा, मधुमेह, हृदय रोग और तनाव जैसी समस्याओं में काफी हद तक कमी लाई जा सकती है। साइकिल रैली के माध्यम से युवाओं और आम नागरिकों को प्रेरित करना हमारी प्राथमिकता है। आने वाले समय में और भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबुपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
डॉ. भुवन शर्मा MD, DM (Neurology) मस्तिष्क रोग एवं नस रोग समस्याएं
• लकवा, पैरालिसिस, मिर्गी एवं सिर दर्द का इलाज
• दिमागी बुखार, भूलने की बीमारी (अल्जाइमर रोग)
• पार्किंसन बीमारी, गर्दन, बांह और पैरों का दर्द
डॉ. बी. मिंज MBBS,MD, FIPM
• कमर दर्द, गर्दन, पीठ का दर्द एवं हाथ का दर्द
• जोड़ों का दर्द, टेनिस एल्बो, एड़ी का दर्द
डॉ.महावीर सिंह जौहरी MBBS,MS,DNB (Haderbad) FEN (Jabalpur), CNETS AIIMS (Delhi)
• ब्रेन ट्यूमर, निंद की कमी, मस्तिष्क सम्बन्धी समस्या
• स्पोंडिलोसिस, स्पाइन की समस्या
• हाथ, पीठ, तानु या पैर में दर्द, पैर सुन्न होना
डॉ.संजय कुमार अग्रवाल MBBS, MD, Medicne (Delhi) DM (Gastro) BHU Varanasi पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ
+ गैस, उल्टी की समस्या, भूख न लगना, पेट दर्द
+ पीलिया, पित्त की समस्या, क्रोनिक पेनक्रियाटाइटिस
+ सीने में जलन, खाना एवं पानी का अटकना
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र 1.5 Tesla MRI All Diagnostic Facilites
तेज डायग्नोस्टिक सेन्टर 1.5 TESLA MRI
08 जून 2025, प्रत्येक माह के दूसरे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें 07774222555,9425583780,9826183780, 8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉच की सुविधा उपलब्ध

◆◆◆---अपना बाजार---◆◆◆

विज्ञापन के लिए जगह रिक्त है

माता राजरानी मेमोरियल ¼MRM½ हॉस्पीटल
RSBY/MSBY (स्मार्ट कार्ड) द्वारा भर्ती एवं इलाज की सुविधा उपलब्ध
स्थान - बाबुपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर, मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

बच्चों के N.I.C.U. सुविधा
नवजात बच्चों को गहन चिकित्सा कक्ष की सुविधा।
24 घंटे विशेषज्ञों की देख-रेख में वेंटीलेटर, सी-पेप एवं अन्य अत्याधुनिक उपकरणों से युक्त नियोनेटल केयर यूनिट
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल पुराना बस स्टैण्ड, बाबुपारा, जोड़ा तालाब के पास अम्बिकापुर मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

एम.एस. जनरल सर्जन
हॉर्निया, हाईड्रोसिल, एपेण्डीक्स, पाईल्स, पथरी एवं सभी प्रकार की जनरल सर्जरी एवं हर प्रकार के आपरेशन की सुविधा प्रतिदिन fo'k"k & RSBY & MSBY (स्मार्ट कार्ड) की सुविधा उपलब्ध
-: प्रतिदिन उपलब्ध:-
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल पुराना बस स्टैण्ड, बाबुपारा, जोड़ा तालाब के पास अम्बिकापुर मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

"M.S., E.N.T."
नाक, कान, गला
दूरबीन से प्रतिदिन नाक, कान, गला की जांच की जाती है
रोगों के वरिष्ठ अनुभवी चिकित्सक (अत्याधुनिक उपकरणों की सुविधा) के साथ
प्रतिदिन उपलब्ध
समय-दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक
कान एवम् बहरेपन की सम्पूर्ण जांच की जर्मनी की अत्याधुनिक मशीन द्वारा।
कान की मशीन उत्कृष्ट क्वालिटी एवं दो साल की वारण्टी के साथ अत्यन्त रियायती मूल्यों पर उपलब्ध।
आडियोमेट्री की जांच एवम् सेवाए नियमित उपलब्ध
विशेष- नाक, कान, गले से संबंधित सभी प्रकार के आपरेशन (सर्जरी) की सुविधा स्मार्ट कार्ड द्वारा उपलब्ध।
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल पुराना बस स्टैण्ड, बाबुपारा, जोड़ा तालाब के पास अम्बिकापुर मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

प्रतिदिन फिजिशियन परामर्श
डायबिटिज (शुगर/मधुमेह), हृदय संबंधी समस्त रोग, सभी प्रकार के हार्मोन्स विकार (थाइराईड), समस्त प्रकार के इंफेक्शन (सर्दी, खांसी, बुखार, ब्लड प्रेशर (हायपरटेंशन)), एनीमिया, सिकलिंग, थैलीसीमीया, टी.बी., श्वसन एवं छाती संबंधी समस्त रोग, पाचन एवं पेट, लीवर, किडनी (गुर्दा), सिर, मस्तिष्क एवं नस संबंधी समस्त रोग एवं सभी प्रकार के पुराने रोगों के उपचार हेतु उपलब्ध रहेंगे...
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल पुराना बस स्टैण्ड, बाबुपारा, जोड़ा तालाब के पास अम्बिकापुर मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

सभी बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सक नियमित उपलब्ध
डॉक्टर्स हाउस
रानी तालाब के सामने, गेहूं बाड़ी के आगे शासकीय अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
मो.-94255-83780, 62626-39090, 62626-39191
फोन 07774222555

पतंजली सेवा केन्द्र
पतंजली के सभी प्रोडक्ट पर 2 से 10 प्रतिशत तक की छूट उपलब्ध
निः शुल्क डॉक्टर (वैद्य) परामर्श सेवा प्रतिदिन उपलब्ध
सुबह 10.00 बजे से रात्रि 8.00 बजे तक
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर, तेज मेडिकल के सामने
सम्पर्क नम्बर- 9425583780, 9522629990
आपसे विनम्र निवेदन है कि जरूरतमंद मरीजों तक इसकी जानकारी देने की कृपा करें।
आपके सहयोग एवं सलाह के लिए हृदय से धन्यवाद।

आधुनिक मशीनों एवम् विश्वसनीय जांच 24 घंटे उपलब्ध
एम.आर.आई, सीटी स्कैन, सोनोग्राफी, टी.एन.टी.
ब्लड बैंक सुविधा (24 घंटे), ई.ई.जी., ई.सी.जी., टीकाकरण की सुविधा प्रतिदिन
आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित कम्प्यूटरीकृत पैथोलॉजी लैब
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर बाबुपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
हमारी उच्च स्तरीय स्वस्थ्य सेवाएं
• जनरल मेडिसिन, सर्जरी रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग, नेत्र रोग, एवं बाल हृदय रोग
• सभी प्रकार के सर्जरी की सुविधा आयुष्मान कार्ड द्वारा उपलब्ध है
• 24X7 आपातकालीन सुविधा
• क्रिटिकल केयर एवं ट्रामा केयर
• एडवांस आई. सी. यू. यूनिट
• निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा
• 24X7 फार्मेसी एवं डायग्नोस्टिक सेवाएं उपलब्ध
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा इलाज की सुविधा उपलब्ध
More Information call us +91 96176 05000, +91 70499 85558
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर स्कूल के पास अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ. ग.)

आपके नगर अम्बिकापुर में अब प्रतिदिन विशेषज्ञ उपलब्ध
मानसिक एवं नशामुक्ति विशेषज्ञ समय-दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
रोग : डिप्रेशन, उदासी, चिंता, घबराहट, सरदर्द, माइग्रेन, मिर्गी, झटका, बेहोशी, कम एकाग्रता, नींद की कमी, असामान्य व्यवहार, पागलपन, शराब व अन्य नशे की लत, गर्दन दर्द, कमर दर्द, नस मांसपेशियों में दर्द, बच्चों में चंचलता, मंदबुद्धि आदि से संबंधित बीमारियों के परामर्श एवं उपचार
पता: माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल/ तेज डायग्नोस्टिक से
पुराना बस स्टैण्ड, बाबुपारा, जोड़ा तालाब के पास, अम्बिकापुर मो.नं. 07774-222999, 8224007799, 98261

## तमिल निर्देशक विक्रम सुगुमारन नहीं रहे, बस में सफर करते हुए पड़ा दिल का दौरा

**चेन्नई,02 जून (ए)।** दक्षिण भारतीय सिनेमा से एक दुखद खबर सामने आ रही है। तमिल सिनेमा के जाने-माने निर्देशक और फिल्म निमार्ता विक्रम सुगुमारन का 2 जून को निधन हो गया है। उन्होंने 47 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। बताया जा रहा है कि विक्रम का निधन बस में सफर करते हुए दिल का दौरा पड़ने की वजह से हुआ है। विक्रम के अचानक निधन से तमिल फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, विक्रम एक फिल्म निमार्ता को स्क्रिप्ट सुनाने के बाद मदुरई से चेन्नई जाने वाली बस में सवार हुए, लेकिन सफर के दौरान उन्हें सीने में तेज दर्द हुआ। इसके बाद विक्रम को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। विक्रम के परिवार में उनकी पत्नी और बच्चे हैं, जो चेन्नई में रहते हैं। विक्रम को पोलाधवन,कोडीवीरन, माधा यानाई कूटम, रावण कोट्टम और थीरम बोरम जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है।

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर चलाया गया जागरूकता अभियान...पेज 11



## मणिपुर बाढ़: 19811 लोग प्रभावित, 3365 घर क्षतिग्रस्त, राहत बचाव अभियान जारी

**इंफाल,02 जून (ए)।** मणिपुर में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ ने तबाही मचाई है. ताजा आंकड़ों के अनुसार 3365 घर क्षतिग्रस्त हो जबकि इस दौरान 19,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं. मणिपुर में नदियों के उफान पर होने और तटबंधों के टूटने के कारण बाढ़ आई. राज्य में पिछले चार दिनों में लगातार मूसलाधार बारिश हो रही है.

अपने घरों और इलाकों से निकाले गए लोगों की मुश्किलों को कम करने के लिए इंफाल पूर्वी जिले में 31 राहत शिविर खोले गए हैं. राज्य के सबसे प्रभावित जगहों में सेनापति जिला, इंफाल पूर्वी के हीनगांग, वांगखेई, खुरई शामिल हैं. पिछले चार दिनों में राज्य के अलग-अलग हिस्सों में 47 भूस्खलन की भी खबरें आई हैं.

इंफाल के कई इलाके जलमग्न हो गए हैं क्योंकि खुरई, हेइंगंग और चेकोन इलाकों में नदी के तटबंध टूट गए. नदी का जलस्तर बढ़ गया. अधिकारियों के अनुसार चेकोन इलाके में इंफाल नदी के उफान पर आने के बाद ऑल इंडिया रेडियो इंफाल कॉम्प्लेक्स और सरकारी जवाहरलाल नेहरू आयुर्विज्ञान संस्थान समेत कई कार्यालयों, स्वास्थ्य सुविधाओं और प्रतिष्ठानों के परिसर में जलभराव की खबर है.

रिपोर्ट के अनुसार इंफाल पूर्वी जिले के पोरोम्पट स्थित जवाहरलाल नेहरू आयुर्विज्ञान संस्थान में उपचार करा रहे कई मरीजों को रविवार शाम अन्य अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया गया, क्योंकि बाढ़ का पानी स्वास्थ्य सुविधा परिसर में घुस गया था. स्थानीय क्लबों, स्वयंसेवकों, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ कर्मियों ने बाढ़ के पानी के ग्राउंड फ्लोर पर स्थित महिला आथोर्पेडिक और सर्जरी वार्ड में घुसने के बाद मरीजों को स्थानांतरित करने के लिए हाथ मिलाया.

मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने राजधानी के कई जलमग्न इलाकों का दौरा किया. सेना और असम राइफल्स के जवानों ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में फंसे लोगों को सुरक्षित निकाला. इंफाल पूर्वी जिले में इरिल नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया.

लगातार हो रही बारिश को देखते हुए राज्यपाल ने इंफाल पूर्वी और पश्चिमी जिलों तथा सेनापति जिले के सेनापति उप-मंडल के स्कूलों में अगले आदेश तक गर्मी की छुट्टियां बढ़ाने की घोषणा की. एक बयान में बताया गया कि भारतीय सेना और असम राइफल्स ने शनिवार को करीब 800 नागरिकों को बचाया.

असम राइफल्स के जवानों को त्वरित प्रतिक्रिया दलों के साथ इंफाल पूर्वी जिले के पोरोम्पट, वानखेई, संजेनथोंग, पैलेस कंपाउंड, न्यू चेकन, खुरई हेइक्रमाखोंग हेइनांग, सोइबाम लेइकाई, वांगखेई एंगोम लेइकाई, नोंग्मीबंग राज बारी और आसपास के इलाकों में सबसे अधिक प्रभावित स्थानों पर तैनात किया गया है.

बयान में कहा गया है कि बचाए गए लोगों की कुल संख्या लगभग 800 हो गई है, जिनमें 10 से 20 दिव्यांग और वृद्ध व्यक्ति शामिल हैं. एक अन्य बयान में कहा गया है कि अधिकारी समय पर राहत और पुनर्वास प्रयासों को सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित विभागों और एजेंसियों के साथ समन्वय कर रहे हैं. इस बीच, लोकसभा सांसद अंगोमचा बिमोल अकोइजाम ने राज्यपाल से बाढ़ की स्थिति को 'राज्य आपदा' घोषित करने का आग्रह किया.

वही, मणिपुर कांग्रेस के अध्यक्ष केशाम मेघचंद्र सिंह ने रविवार को आरोप लगाया कि जल संसाधन विभाग राज्य के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में बाढ़ को नियंत्रित करने में विफल रहा है.

## दिल्ली एनसीआर में गरज के साथ बारिश का अलर्ट, दिल्ली वासियों को मिलेगी गर्मी से राहत

**नई दिल्ली,02 जून (ए)।** देश की राजधानी दिल्ली और एनसीआर के इलाकों में इन दोनों मौसम का मिजाज बदला हुआ है. राजधानी दिल्ली और एनसीआर के इलाकों में रविवार देर शाम तेज आंधी और बारिश हुई. इसके बाद मौसम पूरी तरह से बदल चुका है. तेज आंधी और बारिश के चलते राजधानी दिल्ली के तापमान में भी थोड़ी बहुत गिरावट देखी जा रही है. मौसम विभाग की माने तो कल रविवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.3 डिग्री अधिक 27.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. वहीं अधिकतम तापमान सामान्य से 2.1 डिग्री कम 37.9 डिग्री सेल्सियस रहा. हवा में नमी का स्तर 98 से 45 प्रतिशत तक रिकार्ड हुआ. जहां तक बारिश का सवाल है तो रात साढ़े आठ बजे तक 16.8 मिमी दर्ज की गई. मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि आज सोमवार को भी राजधानी दिल्ली में ऐसा ही मौसम बना रहेगा. आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे. गर्जन वाले बादल बनने, बिजली चमकने, 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवा चलने और हल्की बारिश होने की संभावना है. हवा की रफ्तार 60 किमी प्रति घंटे तक भी जा सकती है. अधिकतम 37 व न्यूनतम तापमान 23 डिग्री रह सकता है. मौसम विभाग का अनुमान है कि मंगलवार को भी कमोबेश ऐसा ही मौसम बने रहने का अनुमान है. सप्ताह भर तक अधिकतम तापमान 40 डिग्री व न्यूनतम 28 डिग्री से नीचे ही रहेगा. मौसम विभाग ने 4 जून तक बारिश की संभावना जताई है. इस दौरान गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है. इस दौरान तेज हवाएं 40-50 किमी प्रति घंटा की गति के साथ अस्थायी रूप से 60 किमी प्रति घंटा तक पहुंच जाएंगी. केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड सीपीसीबी के अनुसार राजधानी दिल्ली में सोमवार सुबह 8:00 बजे तक औसतन वायु गुणवत्ता सूचकांक 165 अंक बना हुआ है. जबकि दिल्ली एनसीआर के शहर फरीदाबाद में 135, गुरुग्राम 170, गाजियाबाद में 130, ग्रेटर नोएडा में 108 और नोएडा में 165 अंक बना हुआ है. राजधानी दिल्ली के दो इलाकों में सबसे अधिक मुंडका में 209 वजीरपुर में 216 एक्यूआई बना हुआ है, जबकि राजधानी दिल्ली के अन्य और अधिकांश इलाकों में एक वेरिएबल 100 सुपर 200 के बीच में बना हुआ है. अलीपुर में 187, आनंद विहार में 194, अशोक विहार में 181, आया नगर में 164, बवाना में 160, चांदनी चौक में 138, मथुरा रोड में 196, डॉ करणी सिंह शूटिंग रेंज में 142, वीडियो में 177, दिलशाद गार्डन में 175, आईटीओ में 123, जहांगीरपुरी में 196, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम 147, लोधी रोड में 141, मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 134 मंदिर मार्ग में 129, नरेला में 174, नेहरू नगर में 140, एनएसआईटी द्वारका में 163, ओखला फेस टू में 172, पटपडगंज में 172, आरके पुरम 137, रोहिणी में 194, शादीपुर में 136, सिरी फोर्ट 195, सोनिया विहार में 189, विवेक विहा में 145 अंक बना हुआ है.

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद 2,000 से अधिक अवैध प्रवासी बांग्लादेश वापस भेजे गए

**नईदिल्ली,02 जून (ए)।** भारतीय सेना ने 7 मई को जब पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था, तब से अब तक 2,000 से अधिक अवैध प्रवासियों को बांग्लादेश वापस भेजा जा चुका है। रिपोर्ट के मुताबिक, सीमा पार अपने देश वापस जाने वाले अधिकतर प्रवासियों ने खुद से ही यह फैसला लिया है, जिसका कारण कार्रवाई का डर बताया जा रहा है।

अवैध बांग्लादेशियों को उनके दस्तावेजों के सत्यापन के बाद वापस भेजा गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, संबंधित अधिकारियों का कहना है कि वैसे तो यह एक सतत प्रक्रिया है, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के बाद इसमें तेजी दिखी है।

यह पहल गुजरात में सबसे पहले शुरू हुई, उसके बाद दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और महाराष्ट्र से भी लोग वापस जाने लगे। लोगों को त्रिपुरा, मेघालय और असम में बांग्लादेश सीमा से वापस भेजा जा रहा है।

# जीएसटी कार्रवाई के विरोध में व्यवसाइयों ने किया सफल नगर बंद

### ०० मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन





**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** अम्बिकापुर में जीएसटी की छापेमारी से नाराज व्यवसाइयों ने आज यहां भी सांकेतिक बंद का आयोजन किया था।जो पूर्णतः सफल रहा। व्यापारिक संगठनों के आह्वान में पर स्वफूर्त ही नगरवासियों ने अपनी दुकानें बंद कर अपनी नाराजगी का इजहार किया। व्यापार संघ सूरजपुर के साथ छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स व कैट के पदाधिकारी व कांग्रेस संगठन के पदाधिकारी, शहरी जनप्रतिनिधि भी बंद को लेकर सुबह से ही सक्रिय थे और प्रतिष्ठानों को बंद करने का आह्वान कर रहे थे। व्यापारियों ने कहा कि जीएसटी विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों की मनमानी के कारण व्यापार करना अब मुश्किल हो गया है। शासन के कोष में सर्वाधिक राशि टैक्स के रूप में देने वाला व्यापारी अधिकारियों की कार्यशैली व कार्यप्रणाली से प्रताड़ित है। व्यापारियों से अवैध उगाही कर उन्हें बदनाम किए जाने के साथ जीएसटी टैक्स प्रक्रिया को लेकर भी व्यापारियों ने अपनी भड़ास निकाली। साथ ही उन्होंने कहा कि व्यापारी सुचारू रूप से व्यापार कर शासन को सहयोग करते हैं और व्यापारियों के साथ लगातार नाइंसाफी व अपराधिक व्यवहार हो रहा है। इस दौरान मेन रोड, भैयाथान रोड, मंदिरपारा, नवापारा, मानपुर, चंदरपुर सहित शहर की दुकानें दो बजे तक बंद रहीं और बाद में व्यापारी संघ ने धन्यवाद और आभार ज्ञापित कर दोपहर बाद दुकान खोलने की भी अपील कर सहयोग के लिए साधुवाद दिया। बंद के दौरान विभिन्न व्यवसायिक संगठनों के साथ शहर कांग्रेस कमेटी, किसान कांग्रेस, अग्रवाल सभा, साहू समाज, नगर पालिका के जनप्रतिनिधिगण, राईस मिलर्स, लघु उद्योग, मारवाड़ी युवा मंच सहित अनके संगठनों व स्वायत संस्थाओं ने भी बंद को खुला समर्थन दिया और व्यापारियों के साथ शहर में घूमते भी नजर आये। बंद को लेकर विनोद मित्तल, सुनील अग्रवाल, राजेश तायल, अंकुर गर्ग, नीरज तायल, पवन बंसल, शशांक मिश्रा, शिव बंसल, चाहत मित्तल, रौनक जैन, संजय केजरीवाल, प्रमोद तायल, नितीन गोयल, संजय जिंदल, गोलू बंसल, कान्हा जिंदिया, कल्लू गोयल, मनोज अग्रवाल, मुकेश मित्तल, दिपेश अग्रवाल, नवीन बंसल, आशीष मित्तल, अमित तायल, विनोद अग्रवाल, बाबू बंसल, मुकेश अग्रवाल, वेद प्रकाश जैन, नवीन अग्रवाल, चुन्नू मित्तल, हरिओम अग्रवाल, सन्नी अग्रवाल, सूरज अवस्थी, अनूज अग्रवाल, मुन्ना जिंदिया सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण सक्रिय थे।

## सुभाष चौक के प्रभावित दुकानदारो को राहत दिलाने की हलचल



**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** सुभाष चौक में दुकानों के मलबे में तब्दील होने के बाद अब उन्हें राहत दिलाने की दिशा में हलचल शुरू हुई है।सोमवार को व्यापारियों की चिंता करते भाजपा के नपा उपाध्यक्ष शैलेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में नपा के सीएमओ से पार्षदो ने मुलाकात कर प्रभावितों को राहत दिलाने की पहल की है।शैलश अग्रवाल ने कहा है कि मैं पारिवारिक स्वास्थ्यगत कारणों से आपके बीच उपस्थित नहीं हो सका और मैं बाहर होकर भी लगातार अधिकारियों के संपर्क में हूं। शहर के पल पल की पूरी जानकारी ले रहा हु। यह विश्वाश दिलाता हू की

### 00 अब विधायक भी चिंतित...!

नोटिस मिलने के बाद प्रभावित दुकानदार प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह से मिलने पहुँचे थे तब तो विधायक ने उन्हें कोई ठोस आश्वासन दिया नही बल्कि फोटो खिंचा कर चलता कर दिया।दुकानदारो के संकट के समय उन्होंने मौके पर आने की भी जरूरत महसूस नही की,लेकिन जब अब दुकाने मलबे में तब्दील हो गई और नेताओं की किरकिरी होने लगी तो एक छवि चमकाने वाली कम्पनी के माध्यम से विधायक की प्रतिक्रिया सामने आई है।जिसमे वे व्यापारियो के दुख में दुबले हुए जा रहे है।प्रतिक्रिया में कहा गया है कि वे व्यापारियों के साथ है।उनके लिए वे हर सम्भव प्रयास करेंगे।जिससे उन्हें राहत मिल सके।निरीह व्यापारी समझ तो सब रहे है,लिहाजा वे इंतजार में है कुछ तो राहत मिले।

### ०० भाजपा नेता सक्रिय

किसी भी व्यापारी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया है कि प्रभावित व्यापारियों को जल्द ही वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री, जिले के प्रभारी मंत्री, महिला बाल विकास मंत्री, सांसद, विधायक, नगर पालिका और जिला प्रशासन के साथ-साथ सभी जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर समन्वय बना कर उचित कदम उठाया जाएगा। प्रभावित व्यापारियों को जल्द ही वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराने के लिए नगर पालिका के भाजपा पार्षदों के पूरे प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रभाकर शुक्ला को एक ज्ञापन सौंप कर व्यापारियों को व्यवस्थापन के तहत दुकान आबंटन कराने की मांग की है। इस दौरान ज्ञापन सौंपने वालों में भाजपा पार्षद मुकेश गर्ग, राजेश साहू, प्रमोद तायल, ललन सोनवानी, श्रीमती ललिता अजय सिंह, प्यारे साहू, पंकज चौबे, श्रीमती कंचन संजू सोनी, श्रीमती पिंकी साहू, श्रीमती करमातो राजवाड़े उपस्थित रहे।

## नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक एवं प्रशिक्षु अधिकारियो ने किया रामगढ़ का भ्रमण



**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक एवं प्रशिक्षु अधिकारियो ने ओड़गी क्षेत्र के ग्राम रामगढ़ मे नाबार्ड के द्रावा वित्तपोषित परियोजना कृषि क्षेत्र प्रोत्साहन निधि एफएसपीएफ के तहत वाटरशेड आगेर्नाइजेशन ट्रस्ट सस्था के द्रावा किये जा रहे कार्यों का अवलोकन किया। इस कार्यक्रम के तहत ग्राम रामगढ़ मे पिछले एक वर्षों से विभिन्न प्रकार के गतिविधि जैसे डायवर्सन आधारित सिंचाई प्रणाली इस विधि मे गुरुत्वाकर्षण का उपयोग करके झरना जल स्त्रोत के पानी को मोड़कर १.१२ लाख क्षमता के टंकी मे इकट्ठा करके फसलों की सिंचाई करने के लिए उपयोग किया जा रहा है। जिससे किसान दो फसल ले पा रहे है साथ ही साथ सोलर फेंसिंग खरीफ मे श्री विधि से धान गतिविधि किया गया वर्तमान मे रबी फसल मे मीठा मक्का एवं अन्य रबी की फसलो हेतु मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही पाँच किसानों के साथ सिरोही नस्ल की बकरी पालन प्रारम्भ करने हेतु ग्राम विकास समिति के माध्यम से वाटरशेड आगेर्नाइजेशन ट्रस्ट के देख रेख मे सुचारुरूप से क्रियान्वयन किया जा रहा है। समस्त गतिविधि के अवलोकन पश्चात जिला विकास प्रबंधक ने किसानों से चर्चा किया तथा प्रशिक्षु अधिकारीयों ने भी समिति के काम काज को समझा। इस कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु जिला विकास प्रबंधक ने वाटरशेड आगेर्नाइजेशन ट्रस्ट के क्षेत्रीय प्रबंधक एवं अन्य अधिकारी कर्मचारियों की सराहना किया।

## भाजपा ने शिक्षा व्यवस्था को असंतुलित और कर दिया अन्यायपूर्ण ....प्रेमसाय



**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** प्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने भाजपा सरकार पर शिक्षा व्यवस्था को असंतुलित और अन्यायपूर्ण बनाने का आरोप लगाया। दरअसल हाल ही में छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश के १०,४६३ स्कूलों के युक्तियुक्तकरण का आदेश जारी किया है। सरकार का दावा है कि यह निर्णय शिक्षा व्यवस्था में संतुलन लाने और शिक्षकों की बेहतर तैनाती सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है। लेकिन विपक्ष, शिक्षक संगठन और कई सामाजिक संगठनों ने इसका विरोध शुरू कर दिया है।शिक्षा विभाग के आदेश के अनुसार, जिन स्कूलों में छात्रों की संख्या बेहद कम है, उन्हें पास के स्कूलों में मर्ज किया जाएगा। वहीं जिन स्कूलों में शिक्षकों की संख्या अधिक है, वहां से शिक्षकों को उन स्कूलों में स्थानांतरित किया जाएगा, जहां शिक्षक नहीं हैं या संख्या बेहद कम है। राज्य के ५४१८५ स्कूलों में से २९७ स्कूल पूर्णतः शिक्षकविहीन है, जबकि ७१२७ स्कूलों में केवल एक शिक्षक कार्यरत है। इस असमानता को दूर करने के लिए सरकार ने यह कदम उठाया है। सरकारी के आदेश के मुताबिक, युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया में २००८ के सेटअप को संशोधित करते हुए प्राथमिक स्कूलों के लिए १+१ और मिडिल स्कूलों के लिए १+३ शिक्षक व्यवस्था लागू की गई है। इसका सीधा असर सरगुजा संभाग के ९१९ स्कूलों पर पड़ेगा। जिसमें बलरामपुर में ४१४, सूरजपुर में २७८ और सरगुजा में २२७ स्कूल शामिल हैं। १+१ प्राइमरी स्कूल में अध्यापन का कार्य एक ही शिक्षक कर पायेगा, एक शिक्षक कार्यालय कार्य हेतु डी.ओ., बी.ओ. आफिस में जाते है और आफिस संबंधित कार्य करते हैं, इसी तरह एक शिक्षक पूरी कक्षा में संपूर्ण शिक्षा की जिम्मेदारी रहेगी जिससे प्राथमिक शिक्षा प्रभावित होगी और इससे बच्चों को सही शिक्षा प्राप्त नही हो पायेगी व अभिभावक मजबूरी में निजी स्कूलो की तरफ जाने के लिए बाध्य होंगे। पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह ने सरकार के फैसले पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा है कि अन्यायपूर्ण सेटअप बच्चों के अधिकारों का हनन है। दो शिक्षक पहली से पांचवीं तक १८ कक्षाएं कैसे पढ़ा पाएंगे, यह एक अमानवीय सोच है। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना सरकार की जिम्मेदारी है। अगर सरकार ऐसा नहीं कर सकती, तो उसे इस्तीफा दे देना चाहिए या शिक्षा व्यवस्था निजी हाथों में सौंप देनी चाहिए।

# शिक्षक साझा मंच का युक्तियुक्तकरण काउंसलिंग के बहिष्कार की योजना फेल

### ०० नया दांव विसंगति पूर्ण अतिशेष सूची जारी करने के आरोप में विरोध प्रदर्शन



**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** युक्तियुक्तकरण के काउंसलिंग की बहिष्कार की योजना फेल होने व संगठन में टूट के भय से काउंसलिंग में शामिल शिक्षक अब नए पैतरे के तहत डीईओ पर मनमानी का आरोप लगाते हुए इसका विरोध किया है।जिला प्रशासन ने जैसे ही युक्तियुक्तकरण के लिए काउंसलिंग की समय सारणी जारी की वैसे ही शिक्षक साझा मंच ने इसके बहिष्कार की घोषणा कर दी।लेकिन रविवार को जब काउंसलिंग शुरू हुई तो बड़ी संख्या में शिक्षक इसमे भाग लेने पहुँच गए।जिससे साझा मंच का बहिष्कार की योजना फेल हो गई तो अब आज काउंसलिंग के दूसरे दिन शिक्षक संगठनों ने इसमे दूसरा पैंतरा आजमाया है। इस दौरान शिक्षकों ने युक्तियुक्त करण की प्रक्रिया पर आपत्ति दर्ज करा काउंसलिंग स्थल पर नारे बाजी की। शिक्षक नेताओं ने दावा आपत्ति का समय नहीं देने का आरोप लगाते हुए कहा कि विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा अपने अनुसार अतिशेष का निर्धारण किया गया है। इनके द्वारा कही पर जूनियर को छोड़ सीनियर को अतिशेष दिखाया गया है तो कही पर विषय के आधार पर अतिशेष निर्धारण किया गया है। कही कर सीनियरिटी को आधार बनाया गया है। दो तरह से निर्धारण जो आपत्ति जनक है। शिक्षकों ने जिला शिक्षा अधिकारी पर विसंगति पूर्ण अतिशेष सूची जारी करने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। संयुक्त संचालक हेमंत उपाध्याय से युक्तियुक्त करण स्थल पर ही मिलकर समस्या समाधान की मांग की परन्तु प्रतिनिधिमंडल को पुलिस बल के द्वारा बाहर कर दिया गया।बाद में शिक्षक साझा मंच ने कलेक्टर एस जयवर्धन से मुलाकात कर विसंगति पूर्ण युक्तियुक्त करण के कमियों की ओर ध्यानाकर्षित किया। हाई स्कूल एवं हायर सेकेंड्री स्कूल में कार्यरत व्याख्याता वर्ग का काउंसलिंग किया गया जिसमें शिक्षकों ने आरोप लगाया कि वरिष्ठता सूची का प्रकाशन नहीं किया गया विकास खण्ड वार सूची सोशल मीडिया में आई उसी के आधार पर काउंसलिंग किया जा रहा है जो उचित नहीं है । नियमानुसार सूची प्रकाशन कर जिला स्तर पर वरिष्ठता तैयार कर दावा आपत्ति मंगाना था जिसमें शिक्षक अपना पक्ष रख पाते , वहीं कई स्थानो पर जिस हायर सेकेंड्री विद्यालय से अतिशेष बता व्याख्याता को हटाया गया उसी विद्यालय में उसी विषय का पद रिक्त बताया गया है यह कैसे हो सकता है।जिले के प्रतापपुर सहित अन्य स्थलों में आश्रम शाला में पदस्थ अधीक्षकों जो शिक्षक है को युक्तियुक्त करण से छोड़ दिया गया है जब कि शासन द्वारा जारी निर्देश में उन्हें भी अतिशेष निर्धारण में उन्हें भी शामिल करना है ,आनन फानन में सूची तैयार कर ग्रीष्म अवकाश में जब सभी शिक्षक बाहर है। जल्द काउंसलिंग कराया जा रहा है जो उचित नहीं हैं।धरना प्रदर्शन में शिक्षक साझा मंच से भूपेश सिंह,यादवेंद्र दुबे,विजेंद्र साहू,रंजय सिंह,निर्मल भट्टाचार्य, गोपाल विश्वकर्मा, बिपिन पांडेय,राज कुमार सिंह,संतोष भारती सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे ।